सेंसेक्स 72,240.26 ▲ -170.12
डॉलर 83.163 ▼ -0.033

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 23.0 | 13.0 | 17.0 |
| धनबाद | 24.0 | 13.0 | 19.0 |
| जमशेदपुर | 28.0 | 12.0 | 21.0 |
| पलामू | 24.0 | 13.0 | 18.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), पौष कृष्ण पक्ष 06, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार, 01 जनवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 76, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय भारत-आस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग व व्यापार समझौता...8
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
अयोध्या से संबंधित रचनाओं को सोशल ...10 देश/विदेश

## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 63,270

चांदी (10 किलो) 74,320

## शुभकामनाएं

'राष्ट्रीय नवीन मेल' के सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं, हॉकरों एवं शुभचिंतकों को 'नव वर्ष 2024' की हार्दिक शुभकामनाएं।


### देश विकसित भारत की भावना व आत्मनिर्भरता की भावना से ओत-प्रोत

# फिटनेस के संकल्प से करें नव वर्ष की शुरुआत : प्रधानमंत्री

- किसी बच्चे की स्कूली शिक्षा में भाषा बाधा नहीं बननी चाहिए,
- झारखंड के एक आदिवासी गांव में बच्चों को मातृभाषा में शिक्षा देने की हुई है अनोखी पहल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने साप्ताहिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में वर्ष-2024 के लिए देशवासियों को शुभकामनाएं देने के साथ ही आग्रह किया कि वे इस वर्ष में फिटनेस से जुड़ा संकल्प धारण करें। साथ ही प्रधानमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को देखते हुए सोशल मीडिया पर हैशटैग श्रीराम भजन के साथ गीत, भजन और कवितायें साझा करने के लिए भी कहा।

प्रधानमंत्री ने मन की बात के 108वें एपिसोड में देशवासियों को नववर्ष की बधाई दी। उन्होंने कहा कि माला के एक सौ आठ मनकों की तरह यह एपिसोड भी उनके लिए विशेष महत्व रखता है। उन्होंने कहा, भारत आत्मविश्वास से भरपूर है, विकसित भारत की भावना व आत्मनिर्भरता की भावना से ओत-प्रोत है। हमें 2024 में भी यही भावना और गति बरकरार रखनी है। इस एपिसोड में उन्होंने फिट इंडिया अभियान को लेकर देशवासियों से प्राप्त संदेशों को साझा किया। इसी क्रम में उन्होंने आध्यात्मिक गुरु जग्गी वासुदेव, महिला क्रिकेटर हरमनप्रीत कौर, शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद, फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार से प्राप्त संदेश सुनाए। ग्रैंड मास्टर विश्वनाथन आनंद ने रात की अच्छी नींद को स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी बताया। फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार ने फिल्टर लाइफ के स्थान पर फिट लाईफ अपनाने का मंत्र दिया। उन्होंने युवाओं से विशेषकर कहा कि फिल्म अभिनेताओं की नकल उतारते हुए स्टेरॉयड का इस्तेमाल नहीं करें। अपने जीवन में महंगे जिम ट्रेनिंग के स्थान पर आउटडोर एक्टिविटीज शामिल करें। शुद्ध देसी घी खायें, यह मोटापा नहीं बल्कि अच्छा स्वास्थ्य देता है। प्रधानमंत्री ने अपने कार्यक्रम में बेंगलुरु के एक फिटनेस



ट्रेनर ऋषभ मल्होत्रा के बारे में बताया जिन्होंने भारत की परंपरागत पद्धति से जुड़े गदा व्यायाम को नियमित व्यायाम का हिस्सा बनाने से जुड़ा एक स्टार्टअप शुरू किया है। अयोध्या में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों में इसको लेकर उत्साह और उमंग है। इसके लिए लोग गीत, भजन और कवितायें बना रहे हैं जिनमें से कुछ को उन्होंने स्वयं भी साझा किया है। उन्होंने इन सबको एक साथ लाने के लिए आग्रह किया कि लोग हैशटैग श्रीरामभजन के साथ सोशल मीडिया पर इन्हें साझा करें। मातृभाषा के महत्व को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वे चाहते हैं कि किसी बच्चे की स्कूली शिक्षा में भाषा बाधा नहीं बननी चाहिए। उन्होंने काशी तमिल संगमम में एआई टूल के माध्यम से वास्तविक समय में हिंदी से तमिल में हुए ट्रांसलेशन का उदाहरण दिया। साथ ही उन्होंने झारखंड के एक आदिवासी गांव में बच्चों को मातृभाषा में शिक्षा देने की अनोखी पहल की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कुडुख उरांव आदिवासी समुदाय की मातृभाषा है। तोलंग सिकी इसकी लिपि है। यह भाषा धीरे-धीरे विलुप्त हो रही थी। इसे बचाने के लिए अरविंद उरांव ने गढ़वा जिले के मंगलो गांव के बच्चों को कुडुख में शिक्षा देनी शुरू की।

प्रधानमंत्री ने अपने कार्यक्रम में समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले और विदेशियों से लोहा लेने वाली रानी वेलु नाचियार को याद किया। दोनों की जयंती 3 जनवरी को आ रही है। उन्होंने कहा कि देश को अपनी इन महान बेटियों से प्रेरणा लेनी चाहिए।

## बाइक सवार बिजली मिस्त्री को ट्रक ने कुचला, मौत

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** जिला मुख्यालय स्थित सिसई रोड स्थित छठ तालाब के समक्ष शनिवार की रात्रि लगभग 10,30 बजे एक अज्ञात अनियंत्रित तेज रफ्तार ट्रक की जोरदार टक्कर से बाइक सवार गुमला सदर थाना स्थित सुरसुरिया ग्राम निवासी छोटे मिस्त्री की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। इसकी तत्काल सूचना गुमला सदर थाना पुलिस को दी गई, जिस पर एस.आई. सगीर आलम सदलबल के साथ उक्त घटनास्थल पर पहुंचे और छोटे मिस्त्री को उठाकर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। लक्ष्मण नगर निवासी बिजली मिस्त्री संतोष सोनी ने बताया कि मेरे परिजन अस्पताल में भर्ती हैं, जिसे देखने के लिए छोटे मिस्त्री गुमला सदर अस्पताल में पहुंचा था। उसने मुझसे मेरी बाइक की चाबी मांगी। कहा कि एक व्यक्ति से बहुत जरूरी काम है। मैं उससे मिलकर तुरंत आ रहा हूं। यह बोलकर वह गुमला शहर स्थित सिसई रोड में चला गया और उक्त हादसे का शिकार हो गया। वहीं पुलिस ने गुमला सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद छोटे मिस्त्री के शव को उसके परिजनों को सौंप दिया।

### टेंपो के पलटने से एक की मौत, चार घायल



**गुमला।** जिले के बिशुनपुर थाना स्थित सालम नवाटोली मोड़ के नजदीक शनिवार रात एक टेंपो के अनियंत्रित होकर पलटने से बिरसा नगेसिया की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई, जबकि रेहल दाग निवासी बुज्जी देवी, रामजतन खरवार, प्रभादेवी और सोमारी देवी घायल हो गये। उन्हें आनन-फानन में बिशनपुर उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां सभी घायलों का इलाज चल रहा है। वहीं बिशुनपुर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बिरसा नगेसिया का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

## एक नजर

### प्रसिद्ध तबला वादक भवानी शंकर का दिल का दौरा पड़ने से निधन

**मुंबई (एजेंसी)।** मशहूर संगीतकार और तबला वादक पंडित भवानी शंकर का दिल का दौरा पड़ने से मुंबई स्थित आवास पर निधन हो गया। 67 वर्षीय भवानी शंकर ने शनिवार की देर रात आखिरी सांस ली। उनके निधन से मनोरंजन और संगीत जगत में शोक छा गया है। पंडित भवानी शंकर भारतीय शास्त्रीय संगीत की महान हस्तियों में से एक थे। 30 दिसंबर को भवानी शंकर की तबीयत अचानक खराब हो गई थी। उनके सीने में दर्द की शिकायत के बाद उनकी हालत गंभीर होने पर परिजन अस्पताल ले जाने की कोशिश कर रहे थे, तभी उनका निधन हो गया। पंडित भवानी शंकर के निधन से उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। तबला वादक भवानी शंकर के निधन की खबर से म्यूजिक इंडस्ट्री में शोक फैल गया है। भवानी शंकर का जन्म वर्ष 1956 में एक संगीत परिवार में हुआ था।

### केंद्र ने लगाया 'तहरीक-ए-हुर्यित' पर प्रतिबंध

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने तहरीक-ए-हुर्यित पर प्रतिबंध लगा दिया है। गैर कानूनी गतिविधि निरोधक अधिनियम (यूएपीए) के तहत यह कार्रवाई की गई है। सरकार ने कहा है कि अलगाववाद और आतंकवाद का समर्थक यह संगठन भारत विरोधी प्रचार में संलिप्त है। गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा, तहरीक-ए-हुर्यित, जम्मू-कश्मीर (टीईएच) को यूएपीए के तहत एक गैरकानूनी गठबंधन घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आतंकवाद के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस की नीति के तहत भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति या संगठन को तुरंत रोका जाएगा।

### आज से हड़ताल पर जाएंगे पीडीएस दुकानदार

**रांची।** कमीशन बढ़ाने की मुख्यमंत्री की घोषणा के बावजूद राज्यभर के पीडीएस डीलर एक जनवरी से हड़ताल पर जाने को अडिग हैं। फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन रांची के अध्यक्ष ज्ञानदेव झा ने रविवार को बताया कि ठोस कार्रवाई के बाद ही हड़ताल खत्म होगी। उनकी मुख्य मांगों में कमीशन राशि प्रति किलो एक रुपए से बढ़ाकर तीन रुपए करने, अनुकंपा पर पीडीएस दुकान देने, पीएम गरीब कल्याण योजना के तहत बांटे गए 13 माह के राशन का "कमीशन देने की मांग शामिल हैं।

## आईआईटी-बीएचयू की छात्रा के साथ दुष्कर्म के आरोपी तीन युवक गिरफ्तार

**वाराणसी (एजेंसी)।** आईआईटी बीएचयू की छात्रा से विगत 01 नवंबर की रात हुई छेड़खानी और सामूहिक दुष्कर्म के आरोपित तीन युवक पुलिस के हत्थे चढ़ गए। युवकों के पास से घटना में प्रयुक्त बुलेट मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है। घटना के बाद क्राइम ब्रांच और पुलिस टीम ने 190 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और सर्विलांस रिपोर्ट के आधार पर तीनों को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक आरोपितों की पहचान-बृज एनक्लेव कॉलोनी सुंदरपुर निवासी कुणाल पांडेय, जिवधीपुर बजरडीहा निवासी आनंद उर्फ अभिषेक चौहान और सक्षम पटेल के रूप में हुई है। आईआईटी बीएचयू में मैथमेटिकल इंजीनियरिंग विभाग की बीटेक की छात्रा न्यू गर्ल्स हॉस्टल से 01 नवंबर की रात लगभग 1. 30 बजे हास्टल से बाहर घूमने के लिए निकली। छात्रा पैदल चलते हुए कुछ दूर पहुंची तो उसका सहपाठी दोस्त भी रास्ते में मिल गया। दोनों बातचीत करते हुए पैदल ही परिसर स्थित करमनबीर बाबा मंदिर के पास पहुंचे। तभी अचानक एक बुलेट पर सवार तीन युवक वहां पहुंचे और असलहा दिखाकर छात्रा के साथी को मारपीट कर वहां से भगा दिया और छात्रा को पकड़ कर मंदिर के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## नये साल पर बंपर बहाली, 3024 पदों पर होगी भर्ती

- कब और कैसे होगा आवेदन
- 2,532 पारा मेडिकल कर्मियों तथा 492 तकनीकी पदों पर होगी नियुक्ति
- 492 तकनीकी पदों में 308 प्रखंड कृषि पदाधिकारियों के हैं पद
- पारा मेडिकल कर्मियों की नियुक्ति में अनुबंध कर्मियों को मिलेगी अधिमान्यता

**रांची।** नए साल की पूर्व संध्या पर बंपर बहाली निकली है। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने रविवार को दो प्रतियोगिता परीक्षाओं का विज्ञापन प्रकाशित कर दिया है। इनमें झारखंड पारा मेडिकल संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 तथा झारखंड तकनीकी/विशिष्ट योग्यताधारी स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 शामिल हैं। पहली प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से कुल 2,532 तथा दूसरी परीक्षा के माध्यम से 492 पदों पर नियुक्ति होगी। इस तरह कुल 3,024 पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हुई है। तकनीकी पदों में 308 पद प्रखंड कृषि पदाधिकारियों के हैं। पारा मेडिकल संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के लिए 23 जनवरी से 22 फरवरी तक ऑनलाइन फॉर्म भरे जाएंगे। 26 फरवरी तक परीक्षा शुल्क का भुगतान होगा। 28 फरवरी तक फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड होगा।

**इस तारीख से भरे जाएंगे फॉर्म :** इसी तरह तकनीकी/विशिष्ट योग्यताधारी स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होने के लिए 16 जनवरी से 15 फरवरी तक ऑनलाइन फॉर्म भरे जाएंगे। 17 फरवरी तक परीक्षा शुल्क का भुगतान होगा। 19 फरवरी तक फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड होगा।

झारखंड पारा मेडिकल प्रतियोगिता परीक्षा में राज्य के सरकारी अस्पतालों में अनुबंध पर काम करने वाले पारा मेडिकल कर्मियों को अधिमान्यता दी जाएगी। इसके तहत उन्हें अतिरिक्त अंक के रूप में अधिकतम 50 अंक दिए जाएंगे।

**इस तरह के पूछे जाएंगे सवाल :** हरेक एक साल की सेवा पर कर्मियों को पांच अंक मिलेंगे। इनके लिए ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### पारा मेडिकल कर्मियों के पद

| पद | रिक्ति |
|---|---|
| नियमित फार्मासिस्ट | : 560 |
| प्रयोगशाला प्रावैधिकी | : 636 |
| एक्सरे तकनीशियन | : 116 |
| परिचारिका श्रेणी ए | : 1173 |
| बैकलॉग फार्मासिस्ट | : 25 |
| प्रयोगशाला प्रावैधिकी | : 22 |

#### तकनीकी/विशिष्ट योग्यताधारी पद

| | |
|---|---|
| सहायक अनुसंधान पदाधिकारी एवं समकक्ष | : 08 |
| पौधा संरक्षण निरीक्षक एवं समकक्ष | : 26 |
| अनुमंडल उद्यान पदाधिकारी एवं समकक्ष | : 14 |
| सांख्यिकी सहायक एवं समकक्ष | : 28 |
| प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं समकक्ष | : 308 |
| निरीक्षक, विधिक माप विज्ञान | : 28 |
| भूतात्विक विश्लेषक | : 30 |
| सहायक अधीक्षक एवं समकक्ष | : 46 |
| पर्यवेक्षक एवं समकक्ष : | 04 |

## पुलिस ने अफीम के पौधे के साथ पांच को किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** पुलिस ने रविवार को लावालौंग थाना क्षेत्र से अवैध अफीम के पौधे के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में विनोद गंझू, विजय गंझू, मोहन गंझू तीनों लावालौंग थाना क्षेत्र स्थित बंदारु गांव टोला रुगुद के रहने वाले हैं। वहीं जामुन गंझू सदर थाना के तिलैया और प्रदीप गंझू लावालौंग थाना अंतर्गत कटिया गांव का रहने वाला है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से अवैध अफीम के 30 पौधा जब्त किया है। सदर एसडीपीओ अविनाश



कुमार के अनुसार पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के आदेश पर पुलिस लगातार नशा मुक्त जिला बनाने की दिशा में प्रयासरत है। इसके तहत लगातार गांव-गांव में जाकर लोगों को पोस्ता की खेती के विरुद्ध जागरुक करने के साथ कानूनी पहलु की जानकारी दी जा रही है। इसके अलावे एनडीपीएस की धारा-47 के तहत नोटिस देते हुए लोगों से अपील की जा रही है कि ना तो पोस्ते की खेती करें और ना ही खेती करने में सहयोग करें। इसी क्रम में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### नए साल पर इसरो करेगा एक्स-रे पोलारिमीटर सैटेलाइट लांच

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ब्लैक होल जैसे अंतरिक्ष के घटनाक्रम को समझने के लिए अपना पहला एक्स-रे पोलारिमीटर सैटेलाइट सोमवार को लांच करेगा। इससे पहले अक्टूबर में इसरो ने गगनयान के टेस्ट व्हीकल डी1 मिशन को सफलतापूर्वक पूरा किया था। इसरो के अनुसार, एक्स-रे पोलारिमीटर सैटेलाइट का प्रक्षेपण प्रथम लॉन्च-पैड, एसडीएससी-शार, श्रीहरिकोटा से 01 जनवरी को सुबह 09:10 बजे निर्धारित किया गया है। मिशन लांच को लाइव देखा जा सकता है। इसरो का कहना है कि इसका उद्देश्य चरम स्थितियों में चमकीले खगोलीय एक्स-रे स्रोतों की विभिन्न गतिशीलता का अध्ययन करना है। विभिन्न खगोलीय स्रोतों जैसे ब्लैकहोल, न्यूट्रॉन तारे, सक्रिय गैलेक्टिक नाभिक, पल्सर पवन निहारिका आदि का उत्सर्जन तंत्र जटिल भौतिक प्रक्रियाओं से उत्पन्न होता है और इसे समझना चुनौतीपूर्ण है।

## नववर्ष पर एक समृद्ध राष्ट्र के निर्माण का संकल्प लें : राष्ट्रपति मुर्मू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को नए साल की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और उनसे एक समृद्ध समाज तथा राष्ट्र के निर्माण का संकल्प लेने का आग्रह किया। उन्होंने एक संदेश में कहा कि नए साल का आगमन नए संकल्पों और लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ने का अवसर है। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, राष्ट्रपति ने नए साल की पूर्व संध्या पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। मुर्मू ने कहा, 'वर्ष 2024 सभी के लिए खुशी, शांति और समृद्धि लाए. हम अपने देश की प्रगति में योगदान देना जारी रखें। आइए नए साल का स्वागत करें और एक समृद्ध समाज और राष्ट्र के निर्माण का संकल्प लें।' मुर्मू ने कहा, 'नए साल के खुशी



के अवसर पर, मैं भारत और विदेश में रहने वाले सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।'

## इंडिया

# मोदी ग्राफ बढ़ाते गए ज्यों ज्यों विरोध हुआ



सुनील बादल

**पीएम** मोदी जब भी टीवी पर या किसी कार्यक्रम में दिखते हैं तो आत्मविश्वास से भरपूर और उनकी भाव भंगिमा ऐसी होती है जो सामने वाले को प्रभावित करती है। धरती से जुड़े तर्क और आधुनिक रिसर्च से उपजी स्पीच के साथ उनकी वाक्पटुता उनके साथ भीड़ को जोड़ती हुई दिखती है । देश के साथ विदेशों में भी भारतीय उनके साथ सेलफी लेने को आतुर दिखते हैं ।उनके पारंपरिक और कट्टर विरोधी राहुल गांधी और विपक्षी पार्टियां इन सभी को इवेंट मैनेजमेंट कहती हैं,जिनका मानना है कि भीड़ प्रायोजित होती है ! पर हाल में संपन्न चार राज्यों के चुनाव और जी 20 की सफल बैठक में वैश्विक नेताओं की गर्मजोशी तो कनाडा जैसे शक्तिशाली देश को करारा जवाब देकर मोदी ने अपनी करनी से अपनी कथनी को सही साबित कर दिया है। मोदी की जनसभाओं के साथ फैसलों का बारीकी से विश्लेषण करें तो पाएंगे कि जनता की नब्ज पकड़ना और जनहित में कठोर फैसले भी लेना दोनों में आज मोदी का जवाब नहीं । अचानक चौंकाऊ फैसले लेना और निडरता के साथ मोदी की बातों को रखने की कला उन्हें उनके विरोधियों से अलग करती है ।



आरएसएस के प्रचारक से सबसे लंबे कार्यकाल वाले प्रधानमंत्री तक उनका सफर काँटों का ताज जैसा है पर ऐसा लगता है जैसे मोदी को इसकी परवाह ही न हो । पहले के प्रधानमंत्रियों में नेहरू और इन्दिरा के अलावा वाजपेई भी बहुत लोकप्रिय थे और देशहित में अनेक फैसले भी उन्होने लिए पर आज मोदी का जादू भारत ही नहीं विश्व में चढ़कर बोल रहा है ।मोटे तौर पर जो बात समझा में आती है वह यह कि मोदी ने अपनी इमेज एक ऐसे पीएम की बना रखी है जिन्हें अपनी या पार्टी से ज्यादा आम जनता की चिंता है और शौचालय,धुंवारहित चूल्हा,आयुष्मान कार्ड जैसी मामूली लगती सुविधाओं से गरीबों में जगह बनाते गए तो अपनी पार्टी के सबसे शक्तिशाली नेताओं को भी मंत्री पद से हटाकर या अनजान चेहरों को मुख्यमंत्री बनाकर उन्होने इंदिरा गांधी की याद करा दीं जो एक निरंकुश शासक की तरह निडर निर्णय लेतीं थी जिस कारण उनकी पार्टी के अंदर और बाहर दोनों जगह उन्हें तानशाह तक कहा जाता था । मोदी उनसे थोड़े अलग इसलिए हैं कि उन्होने अपने कठोर फैसलों पर जनता की मुहर लगवा कर साबित कर दिया कि वे उनके लिए काम करते हैं और इसलिए उनके विरोधी या आलोचक खास तौर पर हिन्दी पट्टी में उनसे टक्कर लेकर चुनाव में उन्हें पटखनी देने नहीं सक रहे हैं । विपक्ष के तीखे हमले बढ़ते जा रहे हैं और इस साल दो बड़े चुनाव साबित करेंगे कि मोदी का जादू आगे बचा रहेगा या देश में एक नई सुबह आएगी।

वैसे मॉर्निंग कंसल्ट के एक सर्वेक्षण से पता चला है कि 76 प्रतिशत अनुमोदन रेटिंग के साथ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में उभरे हैं। मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और यूके के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को पीछे छोड़ दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 76% की अनुमोदन रेटिंग के साथ फिर से सबसे लोकप्रिय वैश्विक नेता के रूप में उभरे हैं। ग्लोबल लीडर अप्रूवल सर्वेक्षण के अनुसार, पीएम नरेंद्र मोदी की अप्रूवल रेटिंग सूची में दूसरे स्थान पर स्थित स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति एलेन बर्सेट से 12 प्रतिशत अधिक है। पीएम नरेंद्र मोदी पिछले कुछ सालों से लगातार इस लिस्ट में टॉप पर बने हुए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन 40% की अनुमोदन रेटिंग के साथ सूची में सातवें स्थान पर हैं, जो मार्च के बाद से उनकी उच्चतम रेटिंग है ।मॉर्निंग कंसल्ट के सर्वेक्षण का एक अन्य पहलू भी उल्लेखनीय है कि यह संस्था जो सर्वेक्षण करती है उनमें मोदी सबसे लंबे समय से सत्ता में हैं। राजनीति शास्त्र की एक अवधारणा के अनुसार जो नेता लंबी अवधि तक सत्तारूढ़ रहता है, उसके खिलाफ जनता में नापसंदगी बढ़ती है। इसके विपरीत ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## गणतंत्र दिवस परेड में नहीं दिखेंगी पंजाब पश्चिम बंगाल और दिल्ली की झांकियां



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इस बार कर्तव्य पथ पर 26 जनवरी को निकलने वाली गणतंत्र दिवस परेड में पंजाब, पश्चिम बंगाल और दिल्ली की झांकियां नहीं दिखेंगी। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को साफ किया है कि इन राज्यों की झांकियों का गणतंत्र दिवस की थीम के अनुरूप न होने की वजह से चयन नहीं किया गया है। इस बार जिन राज्यों की झांकियों को नहीं चुना गया है, उन्हें 23-31 जनवरी के दौरान लाल किला पर होने वाले 'भारत पर्व' में अपनी झांकी प्रदर्शित करने का मौका दिया जायेगा।

गणतंत्र दिवस परेड में पंजाब, दिल्ली और पश्चिम बंगाल की झांकियों को शामिल न किये जाने के बावत रक्षा मंत्रालय ने रविवार को स्पष्ट किया कि झांकियों का चयन करने के लिए पहले से ही एक प्रणाली है, जिसके अनुसार रक्षा मंत्रालय सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी), केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों से झांकी के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करता है। झांकी के लिए मिले प्रस्तावों का मूल्यांकन विशेषज्ञ समिति की कई दौर की बैठकों में किया जाता है। इस समिति में कला, संस्कृति, चित्रकला, मूर्तिकला, संगीत, वास्तुकला, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### लोगों ने विधायक प्रतिनिधि की मां को दी श्रद्धांजलि

**विश्रामपुर।** नप मुख्यालय स्थित विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय के आवास पर रविवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों ने उनकी दिवंगत मां शांता देवी को श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर वरीय भाजपा नेता भोला चंद्रवंशी,बीजेएमसी जिलाध्यक्ष ऋतुराज पांडेय,एएसआई अनंत सिंह,सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय,तीर्थराज सिंह,सोनू पाठक,विनय पांडेय,नागेंद्र प्रसाद पांडेय, रामपुकार पांडेय,नागेश्वर मिश्रा,राजन मिश्रा,रामलगन पाल,विनोद विश्वकर्मा मौजूद थे।

### एएसआई की सेवानिवृत्ति पर चंदन का पौधा रोपित

**मेदिनीनगर।** जिले के ऊंटारी रोड थाने में रविवार को सेवानिवृत्त एएसआई राजकुमार शर्मा को भावभीनी विदाई दी गयी। उनके सम्मान में समारोह को यादगार बनाने के लिए आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पर्यावरणविद् कौशल किशोर जायसवाल ने इंस्पेक्टर प्रियंका आनंद, उंटारी थाना प्रभारी अशोक कुमार, रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक सहित अन्य लोगों के साथ थाना परिसर में चंदन सहित आम,छतरी,कदंब,लीची और पीपल का पौधा लगाया। उन्होंने सभी को पर्यावरण धर्म के आठ मूल मंत्रों की शपथ भी दिलाई। उन्होंने जिला पार्षद अरविंद सिंह के साथ शिवसंपत धाम परिसर का निरीक्षण कर वहां पौधरोपण करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, पूर्व प्रमुख रामसेवक राम, सब इंस्पेक्टर रमेशचंद्र महतो, एएसआई चंडी प्रकाश, मुन्नालाल जामदा, डॉ. योगेंद्र सिंह, अगस्त तिवारी, सहित कई लोग शामिल थे।

### मुरमा खुर्द में गरीब-असहायों के बीच कंबल का वितरण

**ऊंटारी रोड।** प्रचंड शीतलहर को देखते हुये रविवार को प्रखंड क्षेत्र के मुरमा खुर्द पंचायत में गरीब-असहायों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कड़ाके की ठंड लोगों की रूह कंपा दे रही है। ऐसे में समुचित संसाधनों के अभाव में गरीबों-असहायों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। कड़ाके की ठंड को देखते हुए प्रखंड मुख्यालय से मुहैया कराये गये 128 कंबल पंचायत के सभी बारह वार्डों के असहाय लोगों के बीच वितरित किये गये। कंबल का वितरण मुखिया रामबचन राम के नेतृत्व में पंचायत सचिवालय परिसर में किया गया। मौके पर रोजगार सेवक मकबुल अंसारी, उपमुखिया सुषमा देवी,पंसस प्रतिनिधि संतोष रजवार,वार्ड सदस्य कमलेश चौधरी,अरविंद कुमार, कमलेश कुमार रवि मौजूद थे।

### बाबा चौहरमल मंदिर सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास

**हरिहरगंज।** प्रखंड के भगत तेंदुआ गांव के समीप एनएच-98 के किनारे स्थित बाबा चौहरमल मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास किया गया। विधायक कमलेश कुमार सिंह के निर्देश पर एनसीपी जिला अध्यक्ष संदीप पासवान, प्रखंड अध्यक्ष मनीष सिंह व मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा ने रविवार को संयुक्त रूप से विधिवत पूजा-अर्चना कर वीर बाबा चौहरमल व रामविलास पासवान के प्रस्तावित मंदिर सह प्रतिमा निर्माण स्थल सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास किया । इस दौरान एनसीपी प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सोनल सिंह ने ऑनलाइन संबोधन में पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं, वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के तमाम लोगों सहित ग्रामीणों को नववर्ष की शुभकामनायें दीं। मौके पर एनसीपी जिला सचिव अजय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष उदय सिंह, डॉ. संजय पासवान, विजय पासवान, विनय पासवान, अशोक पासवान, ललन पासवान,विनय मांझी आदि उपस्थित थे।


### दलित कांग्रेस जिला अध्यक्ष शोकाकुल परिवार से मिले

**पाटन।** प्रखंड के भुड़वा गांव के रामचरित्र मांझी उम्र 75 वर्ष के आकस्मिक निधन की सूचना मिलने पर दलित कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशोक पासवान ने परिवार वालों से मिल कर शोक जताया।

---

नये साल के पहले दिन डीजे के थाप पर युवा मचायेंगे धमाल

# अलविदा 2023, युवाओं ने नये वर्ष स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** गुजरे साल को अलविदा कर युवाओं ने नववर्ष का जोरदार स्वागत किया। इनके उत्साह के आगे ठंड भी बेअसर रहा। नये वर्ष को लेकर क्षेत्र के होटलों, पिकनिक स्पॉटों व पर्यटन स्थलों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। युवाओं ने नये वर्ष के पहले दिन पिकनिक मनाने की तैयारी पूरी कर ली है। रविवार को बाजार में युवाओं की भीड़ अन्य दिनों की अपेक्षा ज्यादा दिखी। पिकनिक कार्यक्रम के मुताबिक वे आवश्यक सामग्री की खरीदारी करते दिखे। उनके द्वारा केक के भी ऑर्डर दिए गये। बाजार में मटन, चिकेन, मछली, खोवा, पनीर, मशरूम की एडवांस बुकिंग कराई गयी है। हरा मटर, प्याज, लहसुन की मांग भी अधिक रही। नये साल पर युवा वर्ग ने डीजे पर डांस करने की तैयारी की है। नानवेज के शौकीनों ने दूध व पनीर का आर्डर भी दे दिया है। कुछ लोगों ने देव स्थलों पर जाकर पूजा-अर्चना करने के बाद नववर्ष के कार्यक्रम में शामिल होने का प्लान बनाया है। कुछ युवा भीड़ से बचने के लिये अपने घर पर ही परिवार के साथ नव वर्ष की खुशी बांटने का निर्णय लिया है। मुरली पहाड़ी स्थित कालेश्वर धाम, चार धाम, सोन नदी किनारे स्थित शिव मंदिर को भी आकर्षक ढंग से सजाया गया है।

### रेहला पुलिस ने होटलों में की जांच



**विश्रामपुर।** रेहला पुलिस ने शनिवार की रात में थाना क्षेत्र के सभी होटलों में विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने होटल के कमरों की गहन जांच की। होटल के रजिस्टर का अवलोकन कर ठहरे लोगों के आधार कार्ड से उसका मिलान किया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सुरक्षा के मद्देनजर रेहला थाना क्षेत्र के सभी होटलों के रजिस्टर और कमरों की छानबीन की गयी।

ऑल इन्डिया फेयर प्राईस शॉप डीलर्स फेडरेशन के आह्वान पर निर्णय

# आज से अपनी दुकानें बंद रखेंगे पीडीएस डीलर

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** ऑल इन्डिया फेयर प्राईस शॉप डीलर्स फेडरेशन के आह्वान पर विश्रामपुर, पांडू,नावा बाजार व ऊंटारी रोड प्रखंड के सभी पीडीएस डीलरों ने अपनी मांगों के समर्थन में एक जनवरी से अपनी दुकानें बंद रखने का निर्णय लिया है। विश्रामपुर प्रखंड के डीलरों ने अपनी मांगों के समर्थन में आज प्रखंड कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन भी किया। इस दौरान उन्होंने अपनी मांगों के समर्थन में एकजुटता का प्रदर्शन किया। डीलरों द्वारा अपनी मांग से सम्बंधित ज्ञापन एमओ बैजनाथ राम को सौंपा गया। मौके पर फेयर प्राइस डीलर एसोशिएशन के प्रखंड अध्यक्ष



प्रदर्शन करते पीडीएस डीलर

बिपिन कुमार दुबे, कोषाध्यक्ष हरे कृष्णा सिंह, ओमू चौबे, राघवेंद्र चौबे, रामेश्वर चौबे, राजकुमार पाल, सुरेश राम, शिवनाथ राम, पुनीत शुक्ला, आस्था सिन्हा, गंगाधर विश्वकर्मा, पप्पू सिंह, कृष्णा बैठा, जगनारायण पाल, महेंद्र प्रसाद यादव मौजूद थे।

मुआवजे के लिये दो दिनों से सड़क के बीचोबीच धरने पर बैठे थे ग्रामीण

# तीन जनवरी को सरजा गांव में लगेगा कैंप: सीओ

**डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों को अभी तक भू-अर्जन कार्यालय से मुआवजा प्रदान नहीं किया गया है : ग्रामीण**

**सात-आठ माह पहले जमीन का अधिग्रहण कर लिया गया है**


धरने पर बैठीं महिलाओं को समझाते अंचलाधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** सदर मेदिनीनगर प्रखंड अंतर्गत भोगू से शंखा तक एनएचएआई-39 स्थित सरजा गिदधवा पीपल के पास दो दिनों से सड़क के बीचोबीच धरना दे रहे ग्रामीणों को सदर अंचल अधिकारी अमरदीप बलहोतरा ने समझा-बुझाकर आंदोलन समाप्त कराया। सीओ अमरदीप बलहोतरा ने कहा कि तीन जनवरी को सरजा में कैंप लगेगा। उसमें ग्रामीण अपनी जमीन का दावा प्रस्तुत करेंगे। दूसरी तरफ धरना पर बैठे ग्रामीणों का कहना था कि डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों को अभी तक भू-अर्जन कार्यालय से मुआवजा प्रदान नहीं किया गया है। रैयतों ने बताया कि सात-आठ माह पहले जमीन का अधिग्रहण कर लिया गया है। तब से मुआवजा के लिये अंचल कार्यालय से लेकर प्रशासनिक अधिकारी और बिचौलियों का चक्कर लगा रहे हैं। इंदेश पासवान ने कहा कि उनकी माता स्व. मानमती देवी के नाम पर दर्ज 30 डिस्मिल जमीन का अधिग्रहण किया गया है। लखन भुइयां ने बताया कि एनएचएआई में 18 एकड़ जमीन अधिग्रहित हुयी है। संबंधित विभाग में पैसा देने के बाद भी मुआवजा नहीं मिल पाया है। धरना-प्रदर्शन में अजीज अंसारी, इंदेश,अशोक सिंह, मनोज राम,अंबिका राम, श्याम बिहारी सिंह,राजेंद्र राम,लखन, रामकृष्ण ठाकुर,देवप्रसाद राम, कामता सिंह आदि बैठे। भारत वाणिज्य के साइट इंचार्ज सुबोध शर्मा ने बताया कि रैयत के सहूलियत के लिए कंपनी चाहती है कि इन्हें भी जल्द मुआवजा मिले ताकि कंपनी को कार्य करने में आसानी हो सके।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम के मन की बात


मन की बात सुनते भाजपाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** साल के आखिरी दिन 31 दिसंबर को भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविन्द्र कुमार सिंह के हुसैनाबाद स्थित आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया। इस मौके पर कई भाजपा नेता व स्थानीय कार्यकर्ता मौजूद थे। सभी ने प्रधानमंत्री मोदी के विचारों को सुन उनके द्वारा दिये गए सुझावों का अनुसरण करने का संकल्प लिया। मौके पर रविन्द्र सिंह उर्फ बबलू सिंह ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के 108वें संस्करण के श्रवण से कई महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम एक सकारात्मक कदम है, जो सीधे नागरिकों के साथ संवाद का माध्यम बनाये रखता है। वर्ष के अंतिम मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने युवाओं को नये वर्ष में फिट रहने का संदेश दिया। साथ ही पीएम ने एआई टूल्स को लेकर भी युवाओं को जानकारी दी। उन्होंने 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर में भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर हर घर दीप जलाने का आह्वान किया। इस मौके पर श्रवण कुमार, अजय प्रसाद गुप्ता, अनूप सिंह,उदय विश्वकर्मा, सचिन, आनंद आदि मौजूद थे।

# सेवानिवृत्त सहायक मंडल अभियंता को दी गयी विदाई


अधिकारी को उपहार देते कर्मी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज में पदस्थ सहायक मंडल अभियंता पूर्व मध्य रेल अर्जुन सिंह 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त हो गये। मृदुभाषी, मिलनसार एवं कर्त्तव्यनिस्ठ अधिकारी के सम्मान में समारोह का आयोजन कर अधीनस्थ कर्मचारियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। उनके कार्यकाल में डालटनगंज सेक्शन की रेल पटरी का रख-रखाव पूरे मंडल में अव्वल रहा। ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस के केन्द्रीय संयुक्त महासचिव बीएम पांडे एवं ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस शाखा डालटनगंज के सचिव संजय पासवान के नेतृत्व में कर्मियों ने उन्हें बुके, फूल माला, शाल और उपहार देकर सम्मानित किया। अंत में सभी ने सहभोज का भी लुत्फ उठाया।

नये वर्ष में और सख्त रूख अपनायेगा बिजली विभाग, बढ़ेगी छापेमारी

# बीते वर्ष बिजली चोरी के 1576 मामले किये गये दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बिजली की चोरी रोकने के लिये बिजली विभाग जैसे-जैसे कार्रवाई तेज कर रही है। विद्युत चोरी के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। बीते वर्ष 2023 में बिजली चोरी को लेकर डालटनगंज प्रमंडल द्वारा1576 एफआईआर दर्ज कराये गये। यह अपने-आप में रिकार्ड है। इस दौरान विद्युत प्रमंडल के अधिकारियों ने बिजली चोरी के खिलाफ 4938 छापे मारे। डालटनगंज विद्युत प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता शंभू नाथ चौधरी ने इस बात की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग का निरंतर प्रयास है कि बिजली की चोरी को कम से कम किया जाये। उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वह चोरी से बिजली न जलायें। बिजली का कनेक्शन लेकर उचित मीटर लगवा लें और महीने में अपना बिल अदा करते रहें। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में बिजली चोरी के खिलाफ और भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### बिजली चोरी के अपनाते हैं नये तरकीब

जैसे-जैसे बिजली चोरी को लेकर विद्युत विभाग की कार्रवाई तेज हो रही है। तू डाल-डाल तो मैं पात-पात की तर्ज पर बिजली चोरी के नये-नये तरकीब इजाद किये जा रहे हैं। एक बिजली कर्मी ने बताया कि जिनका कनेक्शन काट दिया गया है। वह अन्य तरीकों से बिजली तार खींच कर विद्युत का प्रयोग कर रहे हैं। बिजली मीटर की आंतरिक मशीनरी में छेड़छाड़ कर भी विद्युत चोरी की जा रही है। मीटर बाइपास करने की घटनायें भी बढ़ती जा रही हैं। इससे विभाग को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### तहरीके बेदारी निकाह को करें आसान: इमाम

**पाटन।** स्थानीय केल्हार मस्जिद में रविवार को तहरीके बेदारी के तहत बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुस्लिम समुदाय के लोग काफी संख्या में शामिल हुये। बैठक की अध्यक्षता केल्हार मुखिया जैनुल सिद्दीकी ने की। बैठक की विस्तार से चर्चा के लिए मस्जिद के इमाम हाफिज इरशाद आरजू एवं उलेमाओं ने लोगों को बताया कि हर पंचायत में एक कमेटी का गठन किया जाये। जो लोगों को दहेज निषेध, नशाखोरी एवं बारात में डीजे, बाजा, बैंड बाजा जैसे फिजुल खर्ची वाले साधनों के प्रयोग पर रोक लगाने के लिये प्रेरित करे। उन्होंने कहा कि जो लोग इन सभी बातों का ध्यान नहीं रखेंगे। उनका सामाजिक बहिष्कार किया जायेगा।

वनवासी कल्याण केंद्र की वार्षिक बैठक संपन्न

# चालू वर्ष में कराये गये कार्यों की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर। वनवासी कल्याण केंद्र की जिला बैठक में चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में अब तक किये गये कार्यों की समीक्षा की गई। वहीं आगामी वर्ष में किये जाने वाले कार्यों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला सचिव अश्विनी मिश्रा ने किया। बैठक में वर्तमान वर्ष के कार्य की समीक्षा में जिले में संचालित एकल विद्यालय अभियान, श्रद्धा जागरण, खेलकूद, स्वयं सहायता समूह आदि की समीक्षा की गई। समीक्षा क्रम में पाया गया कि जिले में अभी सात प्रखंडों में 130 स्वयं सहायता समूह संचालित किये जा रहे हैं। वहीं आगामी वर्ष में 20 और स्वयं सहायता समूह जोड़ने का निर्णय लिया गया। वहीं एकल विद्यालय अभियान के समीक्षा क्रम में पाया गया कि फिलहाल जिले में नौ एकल विद्यालय अभियान संचालित किये जा रहे हैं। आगामी वर्ष में एकल विद्यालय की संख्या 15 करने पर जोर दिया गया। वहीं श्रद्धा जागरण के समीक्षा के बाद कहा गया कि जिन गांवों में संचालित किये जा रहे हैं। वहां पर पर एक व्यक्ति को प्रमुख का दायित्व दिया जाए,जाकि श्रद्धा जागरण गांवों में प्रभावशाली हो सके। खेलकूद आयाम निर्णय लिया गया कि जिला और प्रखंड स्तर पर खेलकूद प्रमुख की घोषणा की जाए। जनजातीय सुरक्षा की मंच की ओर से 24 दिसंबर को रांची में हुए डीलिस्टिंग रैली में शामिल लोगों की टोली बनाने, ग्राम प्रमुख बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। युवा कार्य, महिला कार्य एवं लोक कला पर विशेष ध्यान देने का निर्णय लिया गया। धन संग्रह अभियान को सफलता पूर्वक संचालित करने के कार्य योजना पर भी चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से केंद्र के संरक्षक अधिवक्ता बलराम तिवारी, नगर मंडल अध्यक्ष मदन मोहन पांडेय, रामजी उरांव, सुमन उरांव, अंबिका सिंह, राजेंद्र सिंह, सुमन गुप्ता , हिमांशु सिन्हा, समेत सभी मंडल प्रमुख, एकल विद्यालय के आचार्य, जिला कमेटी और नगर कमेटी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**एकल विद्यालय अभियान के समीक्षा क्रम में पाया गया कि फिलहाल जिले में नौ एकल विद्यालय अभियान संचालित किये जा रहे है**

### विधायक ने भवनों का किया शिलान्यास

**हुसैनाबाद।** विधायक कमलेश कुमार सिंह ने हैदरनगर प्रखंड के सरगाड़ा व इंटवा गांव में विधायक मद से विवाह मंडप भवन निर्माण का ऑनलाइन शिलान्यास रविवार को किया। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में विधायक ने लोगों को संबोधित करते हुये कहा कि वर्ष के अंतिम दिन तक क्षेत्र में विकास को धरातल पर उतारने का काम किया है। नये वर्ष के आगमन पर उन्होंने क्षेत्र व प्रदेश की जनता को शुभकामना देते हुये कहा कि सभी के सहयोग से हुसैनाबाद-हरिहरगंज को प्रदेश में सबसे विकसित बनाया जायेगा। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि राज्य में हुसैनाबाद विधानसभा इकलौता क्षेत्र है, जहां विधायक कोटे की राशि ग्रामीणों की बैठक कर स्वीकृत करने के बाद ही कार्य को धरातल पर उतारने का काम किया जा रहा है।

कड़ाके की कनकनी के बीच पिकनिक की मची रही धूम

# कोहरे की चादर में लिपटा गुजर गया साल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वर्ष 2023 के अंतिम माह का अंतिम दिन रविवार कोहरे की चादर में लिपटा गुजरा। हालांकि कोहरे के कारण बढ़ी कनकनी ने भी वर्ष की विदाई के उत्साह को कम नहीं कर सकी। यह अलग बात है कि साल की विदाई पर परम्परा बन चुके पिकनिक के लिए लोग देर से घरों से निकले और पूर्व की अपेक्षा शाम ढलने से पूर्व ही घरों को वापस लौट आये। कोहरे के कारण बढ़ी कड़ाके की कनकनी के बावजूद पलामू की गंगा कोयल का किनारा पिकनिक मनाने पहुंचे लोगों की भीड़ से गुलजार रहा। बड़ी संख्या में लोग पिकनिक मनाकर वर्ष-2023 को विदा करते दिखे। बता दें कि रविवार सुबह के आठ बजे के बाद घने कोहरे की धुंध कम हुई। जिसके बाद लोग घरों से निकले और पिकनिक कार्यक्रम को अंजाम देने अलग-अलग पसंदीदा पिकनिक स्पॉट को रवाना हुये। घने कोहरे के कारण सुबह सड़क पर यातायात व्यवस्था भी प्रभावित रही। हाल यह रहा कि दिन में भी वाहनों का परिचालन लाइट जलाकर करना पड़ा।


कोहरे में लाईट जलाकर चलता वाहन

# पांडेपुर में अंबेडकर क्रिकेट टूर्नामेंट का किया आगाज


टूर्नामेंट का आगाज करते अतिथि

**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड।** जिले के उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र के पांडेपुर में रविवार को अंबेडकर क्लब के तत्वावधान में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि बसपा प्रदेश अध्यक्ष सह विधानसभा प्रत्याशी राजन मेहता, मुरमा खुर्द मुखिया रामबचन राम, पंसस प्रतिनिधि संतोष रजवार ने फीता काटने के उपरांत खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर किया। मुख्य अतिथि श्री मेहता ने व्यक्तित्व के विकास में खेलकूद की भूमिका अहम है। सभी को अपने स्तर से खेलों को बढ़ावा देने का जतन करना चाहिये। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में निश्चित ही विधानसभा से कोई युवा धोनी जैसा महान क्रिकेटर बनकर विधानसभा ही नहीं बल्कि पूरे देश का नाम रौशन करेगा। मुखिया रामबचन राम व पंसस प्रतिनिधि संतोष रजवार ने आयोजन के लिये कमेटी के पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया। मौके पर धनंजय कुमार रवि, कमलेश रवि मौजूद थे।

**आयोजन** — बाबा महत्वाना धाम पर हर वर्ष की भांति लगा भव्य मेला

# मेला ग्रामीण संस्कृति की पहचान: डा. ईश्वर सागर

**विधायक मद से धाम स्थल पर यात्री शेड व धाम तक पहुंचने वाले सड़क का पक्कीकरण कराया जायेगा**

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** नप मुख्यालय स्थित खुटीसोत नदी तट पर आस्था के प्रतीक बाबा महत्वाना धाम पर वर्ष के अंतिम दिन शनिवार को भव्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में स्थानीय लोगों के अलावा दूर-दूर से भी लोग काफी संख्या में लोगों ने सहभागिता की। कड़ाके की ठंड के बावजूद अहले सुबह से ही लोगों का महत्वाना धाम पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। पूरे दिन दर्शन-पूजन का कार्यक्रम चलता रहा। इस दौरान आयोजित भोजपुरी दुगोला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी व विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। डॉ. चंद्रवंशी ने कहा कि मेला ग्रामीण संस्कृति की पहचान हैं। यह सांस्कृतिक पहचान हमे विरासत में मिली है। उन्होंने घोषणा की कि विधायक मद से धाम स्थल पर यात्री शेड व धाम तक पहुंचने वाले सड़क का पक्कीकरण कराया जायेगा। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने एक से बढ़ कर एक गीत प्रस्तुत कर वातावरण भक्तिमय कर दिया। पुजारी सरयू चौधरी ने बताया कि यहां जो भी श्रद्धालु मनोकामना लेकर आते हैं। बाबा उनकी मनोकामना पूर्ण करते हैं। मौके पर विधायक के ग्रामीण प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल,निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी,समाजसेवी विजय कुमार रवि,इदरीश हवारी,देववंश राम, विनोद राम मौजूद थे।


फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि

## एक नजर

### 79 मरीजों के आंखों में लेंस प्रत्यारोपण

**मेदिनीनगर।** जिला मुख्यालय अंतर्गत सद्दीक मंजिल चौक स्थित लौंग लाइफ केयर हॉस्पिटल में मेगा कैंप लगा कर 79 मरीजों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण किया गया। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. डीजे सरकार (कोलकाता) एवं पटना के आई सर्जन डा. एस सिंह के द्वारा लेंस प्रत्यारोपण किया गया। इस मौके पर हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. ए अंसारी सहित अरुण राम, सीमा कुमारी, रंजन कुमार, राजाउल, संजर नवाज मौजूद रहे।

### बिरसा मुंडा की प्रतिमा के समक्ष भाकपा ने किया प्रदर्शन

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्टेशन के समीप स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन किया। ग्राम सुआ में रेलवे अंडर पास निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शनकारियों ने डालटनगंज रेलवे स्टेशन अधीक्षक को मांग पत्र सौंपा। प्रदर्शन के दौरान अखिल भारतीय किसान सभा के जिला अध्यक्ष उमेश सिंह चेरो, सदर उप प्रमुख शीतल सिंह निराला, ग्राम सुआ के मुखिया पति उपाध्याय सिंह, दिनेश राम, रामराज तिवारी, पूर्व जिला परिषद सदस्य अर्जुन सिंह,नसीम राइन, सोनू अहमद सहित सैकड़ों ग्रामीण नारा लगाते हुए डालटनगंज रेलवे स्टेशन पहुंचे। रेलवे पदाधिकारी होश में आओ, रेल अंडरपास निर्माण करना होगा आदि नारे लगाते हुए सभी ने स्टेशन अधीक्षक को धनबाद रेल मंडल के डीआरएम के नाम ज्ञापन सौंपा। वक्ताओं ने कहा कि अंडर पास नहीं होने के कारण आये दिन ग्राम सुआ में दुर्घटनायें घटित हो रही हैं।

पलामू पुलिस के लिये उपलब्धियों भरा रहा वर्ष 2023, मिली राहत

## 42 नक्सली गिरफ्तार, 5 लाख 65 हजार जब्त


फाईल फोटो

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** साल 2023 पलामू पुलिस के लिये उपलब्धियों भरा रहा है। इस दौरान पुलिस ने जहां 42 नक्सलियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। वहीं लेवी के 5 लाख 65 हजार रुपये भी जब्त किये। इस दौरान पुलिस ने सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए न केवल स्थानीय स्तर पर बल्कि पूरे क्षेत्र में उच्चतम स्तर की निगरानी बनाए रखने के लिए कठिन परिस्थितियों का सामना किया है। पुलिस ने अपराध के खिलाफ सशक्त उपस्थिति बनाये रखने के लिए नए तकनीकी साधनों का उपयोग किया है। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक क्षेत्रों में भी सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए कई अभियान और कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। आंकड़ों की बात करें तो पूरे वर्ष में पुलिस के द्वारा कुल 3321 मामले दर्ज किये गये हैं। जबकि 3375 मामलों का निष्पादन किया गया है। इस दौरान 851 अपराधियों की गिरफ्तारी के साथ पुलिस ने 12 हथियार व 24 डेटोनेटर भी बरामद किये हैं।

नववर्ष के पहले दिन से ही श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की मचेगी धूम

## देवी-देवताओं को निमंत्रण के बाद आज से घर-घर आमंत्रण


शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालु

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पावन अयोध्या धाम में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर देवी-देवताओं को निमंत्रण देने का कार्य रविवार को संपन्न हुआ। नववर्ष के पहले दिन सोमवार से अब घर-घर जाकर नागरिकों को प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने के लिये आमंत्रण पत्र देने का कार्य शुरू किया जायेगा। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने बताया कि रविवार को एक पूजित अक्षत-कलश को रेड़मा ठाकुरबाड़ी से नई मोहल्ला के शिव मंदिर व दूसरे को शीतला मंदिर से पोस्ट आफिस के पास महावीर मंदिर गाजे-बाजे के साथ ले जाया गया। इसी क्रम में तीसरे अक्षत-कलश को शाम को जैन मंदिर में स्थापित किया जायेगा। उसके बाद सभी अक्षत-कलशों को जिला कार्यालय स्थित मंदिर में रखा जायेगा। उन्होंने बताया कि घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र देने का कार्य 15 जनवरी तक जारी रहेगा। दूसरी तरफ पांकी प्रखंड के तेतराई पंचायत स्थित श्रीराधा-कृष्ण मंदिर चौराहे से भव्य शोभा यात्रा निकालकर पूजित अक्षत-कलश को पूरे पंचायत में घुमाया गया। मौके पर जिला सहमंत्री अमित तिवारी, सेवा प्रमुख गोपाल तिवारी, बजरंग दल जिला संयोजक संदीप प्रसाद, जिला बलोपासना प्रमुख विकास कश्यप, सुरेश वर्मा, समाजसेवी संतोष तिवारी, सुरक्षा प्रमुख नवेंदु त्रिपाठी, दीपक सिंह आदि मौजूद रहे।

मेदिनीनगर नगर निगम ने प्रारंभ किया अनोखा अभियान, मिलेगी राहत

## पेड़ों पर लगे प्रचार सामग्री को हटाने की मुहिम शुरू

**वृक्षों के संरक्षण व संवर्द्धन के दृष्टिकोण से अनोखी पहल शुरू की है**

**इसके तहत पेड़ों पर कील ठोंककर लगाये गये प्रचार सामग्रियों को हटवाया जा रहा है**





पेड़ से प्रचार सामग्री हटाते कर्मी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय नगर निगम प्रशासन ने ननि क्षेत्र में स्थित वृक्षों के संरक्षण व संवर्द्धन के दृष्टिकोण से अनोखी पहल शुरू की है। इसके तहत पेड़ों पर कील ठोंककर लगाये गये प्रचार सामग्रियों को हटवाया जा रहा है। सिटी मैनेजर रवि भारती ने बताया कि नगर आयुक्त मोहम्मद जावेद हुसैन के निर्देश पर उक्त अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत कर्मचारी नगर निगम क्षेत्र में घूम-घूमकर ऐसे वृक्षों को चयनित कर कार्रवाई कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक एक दर्जन से ज्यादा पेड़ों से प्रचार सामग्री को हटाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि ऐसा करना संज्ञेय अपराध है। वन विभाग को भी इस पर नोटिस लेनी चाहिये। रामकुमार सहित अन्य नागरिकों ने निगम के इस मुहिम की सराहना की है।

**ननि क्षेत्र में हैं तीन कल्पवृक्ष :** सिटी मैनेजर रवि भारती ने बताया कि मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में तीन कल्पवृक्ष भी हैं। यह प्राचीन काल के वृक्ष हैं। लोगों की मानें तो इन वृक्षों की आयु 400 से लेकर 500 साल तक की है। यह एक अनमोल धरोहर हैं। प्रचार करने वालों ने इन वृक्षों को भी नहीं छोड़ा है।

**संबंधितों को दी जा रही नोटिस :** सिटी मैनेजर ने बताया कि पेड़ों पर कील ठोंक कर प्रचार सामग्री लगाने वालों को उस पर संपर्क नंबर देखकर उन्हें नोटिस दी जा रही है। उनसे कारण पूछा जा रहा है। अब यह देखना है कि नगर निगम इस संबंध में कितने लोगों को नोटिस भेजता है।

आधार से मिलान कर होटल में ठहरने का पूछा कारण

## पुलिस ने मेदिनीनगर के होटलों में चलाया सर्च अभियान


होटल में जांच करती पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने को लेकर मुख्यालय सहित विभिन्न शहरों के होटलों में पुलिस द्वारा सघन सर्च अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन के निर्देश पर शहरी क्षेत्र समेत जिले के छतरपुर, हरिहरगंज एवं अन्य थाना क्षेत्र स्थित होटलों में पुलिस की ओर से विशेष सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान होटल के रजिस्टर की जांच करते हुए व्यक्ति के कमरे में पहुंच कर रजिस्टर के अनुसार व्यक्ति की पहचान उसके आधार कार्ड के अनुसार की गयी। सामानों की तलाशी लेने के साथ ही होटल में उसके ठहरने का कारण भी पूछा गया। पुलिस के मुताबिक इस अभियान के दौरान जिले के करीब 100 से अधिक लोगों की पहचान की गयी है। पुलिस ने बताया कि अभियान के दौरान किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या सामग्री का पता नहीं चला है। पुलिस ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि होटलों में ठहरने वाले लोगों की पहचान करना और उनके सामानों की जांच करना सुरक्षा व्यवस्था के लिए जरूरी है। इससे संदिग्ध लोगों की पहचान करने में मदद मिलती है।

शीतलहर पर भारी नववर्ष का उल्लास, पिकनिक स्पाट होंगे गुलजार

## सूर्यदेव के नहीं हो रहे दर्शन फिर भी पिकनिक की तैयारी


पिकनिक का लुत्फ उठाते युवक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एक सप्ताह थमने के बाद पिछले तीन दिनों से पलामू में शीतलहर पूरे उफान पर है। वर्ष 2023 के अंतिम दिन जहां दिनभर भगवान भास्कर ने दर्शन नहीं दिये। इसके बाद भी लोग जोरदार पिकनिक की तैयारी में जुटे रहे। पश्चिमी विछोभ की सक्रियता के कारण मौसम वैज्ञानिक नये वर्ष पर झारखंड में बरसात होने की पहले ही भविष्यवाणी कर चुके हैं। ऐसे में नववर्ष के पहले दिन सोमवार को भी शीतलहर में कमी के कोई आसार नहीं दिख रहे हैं। फिर भी नूतन वर्ष के स्वागत को लेकर नागरिकों का उत्साह चरम पर है। रविवार को दिनभर लोग पिकनिक मनाने की तैयारी में जुटे रहे। जिला स्थित बेतला नेशनल पार्क, मलय डैम, शाहपुर किला, पलामू किला, कोयल नदी तट, नेतरहाट आदि पिकनिक स्पाट सैलानियों से गुलजार रहेंगे। इससे पूर्व रविवार से ही नये वर्ष के शुभकामनाओं के आदान-प्रदान का दौर शुरू हो गया। ग्रीटिंग कार्ड व उपहारों की खरीदारी को लेकर बाजारों में ठंड के बावजूद देर रात तक चहल-पहल बनी रही।

## अब क्षत्रिय नगर के नाम से जाना जायेगा जोड़ रोड का मोहल्ला

**मेदिनीनगर।** स्थानीय जोड़ रोड टीवी टावर चौक के पास बसे नये मुहल्ले का रविवार को नामकरण किया गया। अब इस मुहल्ले को क्षत्रिय नगर के नाम से जाना जायेगा। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष विनय सिंह उर्फ बीनू सिंह ने विधिवत पूजा अर्चना के बाद फीता काटकर इसके शिलापट का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि क्षत्रिय समाज का हमेशा से ही गौरवशाली इतिहास रहा है। हमें भी क्षत्रिय धर्म का पालन करते हुए संगठन के माध्यम से क्षत्रिय समाज व सनातन समाज की सेवा के लिए सदा तत्पर व उपलब्ध रहना चाहिए। उपाध्यक्ष छोटू सिंह ने कहा कि मेदिनीनगर नगर निगम के द्वारा टी वी टावर चौक को महाराणा प्रताप चौक बनाने का प्रस्ताव बोर्ड से पारित कर दिया गया है और शीघ्र ही इसकी निविदा भी निकल जाएगी। इस अवसर पर महाराणा प्रताप सिंह, मनीष सिंह, सोमेश सिंह, सुरेश सिंह,हरिओम पाठक उपस्थित रहे।

डेहरी ऑन सोन बिहार में कलाकारों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन से जीता दिल

## मासूम आर्ट ग्रुप ने जीते आठ पुरस्कार


पुरस्कार के साथ मासूम ग्रुप के कलाकार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नाटकों को समर्पित पलामू की सांस्कृतिक संस्था मासूम आर्ट ग्रुप ने बिहार के डेहरी आन सोन में आयोजित अखिल भारतीय नाट्य प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुये आठ पुरस्कारों पर कब्जा जमाया। संस्था के अध्यक्ष विनोद पांडेय ने बताया की अभिनव कला संगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ग्रुप ने मंचीय और नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में भाग लिया था। सैकत चटर्जी को श्रेष्ठ हास्य अभिनेता का प्रथम व श्रेष्ठ लेखक का प्रथम पुरस्कार मिला। कामरूप सिन्हा को राजा की भूमिका के श्रेष्ठ हास्य अभिनेता का द्वितीय पुरस्कार दिया गया। सिकंदर कुमार को श्रेष्ठ बैक ग्राउंड म्यूजिक का प्रथम पुरस्कार मिला। कनक लता तिर्की को मानमती की भूमिका निभाने के लिये श्रेष्ठ चरित्र अभिनेत्री का प्रथम पुरस्कार मिला। इसके अलावा रंगारंग कार्यक्रम में शानदार गायन के लिए सिकंदर कुमार को तृतीय पुरस्कार मिला। नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में ग्रुप को द्वितीय पुरस्कार मिला। नाटक करने वाले कलाकारों में अमर कुमार भांजा, राज प्रतीक पाल, उज्ज्वल सिन्हा, मुकेश विश्वकर्मा, संजीत प्रजापति, आनंद गुप्ता, अदनान कासिफ, अविनाश तिवारी, राहुल कुमार, आसिफ खान, सतीश कुमार आदि शामिल थे।

### डीसी को पत्रक सौंपेगा बेरोजगार संघर्ष मोर्चा

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की बैठक कचहरी परिसर में की गयी। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की। बैठक में सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति की मांग को लेकर चलाए जा रहे आंदोलन की समीक्षा की गई। इस दौरान तय किया गया कि बेरोजगारों की नियुक्ति की मांग को लेकर एक प्रतिनिधि मंडल तीन जनवरी को उपायुक्त से मिल कर उन्हें ज्ञापन सौंपेगा। नया वर्ष बेरोजगारों की समस्याओं का निराकरण करने के लिये आंदोलन का वर्ष होगा। बैठक में कृष्णा राम, सतीश कुमार चंद्रवंशी, आदिल हयात, मुन्ना कुमार रवि, जय किशन कुमार चंदेल, सुधीर सिंह उपस्थित थे।




**बदहाली** | विभाग दे ध्यान तो बन सकता है किसानों का एटीएम

## उपेक्षा का शिकार कुंदरी लाह बगान

**लाह के पर्याप्त उत्पादन के लिये यहां की जलवायु व मृदा उपयुक्त है**

**लाह पैदा करने वाले वृक्ष भी यहां बहुतायत में है**


कुंदरी लाह बगान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विभागीय उपेक्षा के कारण पलामू के लेस्लीगंज प्रखंड का कुंदरी लाह बगान अपना दिन फिरने की बाट जोह रहा है। पलाश, लाह व महुआ पलामू की पहचान है। यदि समुचित रूप से ध्यान दिया जाये तो लाह की खेती यहां के किसानों के लिए एटीएम बन सकता है। लाह के पर्याप्त उत्पादन के लिये न सिर्फ यहां की जलवायु व मृदा उपयुक्त है। अपितु लाह पैदा करने वाले वृक्ष भी यहां बहुतायत में हैं। यही कारण है कि झारखंड का पलामू जिला लाह उत्पादन में देश में अव्वल है। यहां करीब 30 प्रकार के लाह पोषक वृक्ष हैं। जिन पर लाह की खेती आसानी से की जा सकती है। जिले में मुख्यतः बेर, पलाश एवं कुसुम के वृक्ष पर 90 फीसद लाह का उत्पादन किया जाता है। यहां पूरे देश का करीब 65 फीसदी लाह का उत्पादन होता है। पूरे राज्य में हर साल 10 से 15 लाख टन लाह का उत्पादन हो रहा है। इसके बाद भी लगातार उपेक्षा के कारण किसानों का लाह की खेती से मोह भंग होता जा रहा है। कुंदरी का लाह बगान कभी पूरे एशिया में प्रसिद्ध था, लेकिन नक्सलवाद व वन विभाग की अनदेखी के कारण धीरे-धीरे लाह का उत्पादन घटता चला जा रहा है। किसानों को समुचित प्रशिक्षण के अभाव में सभी लाह पोषक वृक्षों पर लाह उत्पादन नहीं हो पा रहा है।

**421 एकड़ में फैला है कुंदरी बगान :** लेस्लीगंज प्रखंड स्थित पांकी मुख्य पथ के किनारे कुंदरी लाह बगान 421 एकड़ में फैला है। समुचित देखभाल के अभाव में बगान की जमीन भी धीरे-धीरे सिकुड़ती जा रही है। आवश्यकता है बगान के पुनरुत्थान का।

### विभागों के बीच समन्वय जरूरी

जानकारों का कहना है कि यदि लाह उत्पादन से जुड़े वन विभाग, कल्याण विभाग, सहकारिता विभाग, झारखंड लघु एवं कुटीर उद्योग विकास बोर्ड, झारखंड आदिवासी विकास संस्थान व पलामू जिला प्रशासन परस्पर समन्वय स्थापित कर कार्य करें तो स्थिति बदल सकती है। सिंगल विंडो सिस्टम विकसित किया जाये तो पलामू में लाह क्रांति आ सकती है। इससे गरीबी, बेरोजगारी ,पलायन व नक्सलवाद की समस्या पर भी अंकुश लगेगा।

## एक नजर

### अलग-अलग घटनाओं में बच्ची की मौत, दो घायल

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के में घटित घटनाओं में एक मासूम की मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए। अरसली दक्षिणी के वनखेता टोला निवासी सचित ठाकुर की दो वर्षीय मासूम पुत्री गुड़िया की टब में भरे बाल्टी की पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना के वक्त घरवाले बाहर में धान कुटवा रहे थे। इसी दौरान घर के अंदर खेल रही बच्ची अचानक टब में भरे पानी में चली गई और उसकी मौत हो गई। परिवार वाले बच्ची को लेकर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गए, जहां पर चिकित्सक इंद्रकिशोर विश्वकर्मा ने उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना भवनाथपुर निवासी खरौंधी बीडीओ के वाहन चालक हरिद्वार साह घर के छज्जा पर से गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलावस्था में परिजनों ने इलाज हेतु स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक इलाज के पश्चात बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल में रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि वे साफ-सफाई के लिए छज्जा पर चढ़े थे कि अचानक से अनियंत्रित होकर जमीन पर गिर पड़े। वहीं रविवार की दोपहर में आपसी विवाद को लेकर मकरी के छावनी टोला में हुई मारपीट की घटना में लल्लु चंद्रवंशी के पुत्र अनुज कुमार घायल हो गया। उसे परिजनों ने इलाज हेतु स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया, जहां पर खबर भेजे जाने तक इलाज जारी है। घायलावस्था में अनुज ने बताया कि दो लोगों की आपस में लड़ाई हो रही थी, जिसे हमने छुड़ाने के उदेश्य समझाने का प्रयास कर रहे थे कि चंदन कुमार, कमलेश कुमार और पत्नी बिमल देवी तथा साला रंजन कुमार मिलकर मेरे साथ मारपीट की।

### डॉ. पंकज ठाकुर को मिला नियुक्ति पत्र



**केतार।** हेमंत सोरेन सरकार के चार वर्ष का कार्यकाल पुरा होने के उपलक्ष्य में बीते दिनों दंत चिकित्सक डॉ पंकज पाठक को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के हाथों नियुक्ति पत्र दिया गया। नियुक्ति पत्र मिलते ही डॉक्टर पंकज पाठक ने खुशी जाहिर की। डॉ पंकज पाठक केतार प्रखंड के छाताकुड़ गांव निवासी डॉ. संत कुमार पाठक का पुत्र है। डॉ. पंकज को भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित किया गया है।

### छत्तीसगढ़ के मंत्री से मिले जदयू नेता

**श्री बंशीधर नगर।** जनता दल यूनाइटेड के जिलाध्यक्ष रवि प्रकाश उर्फ बबलू ने छत्तीसगढ़ सरकार के आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास तथा किसान कल्याण विभाग के मंत्री राम विचार नेताम से सनावल स्थित उनके आवास पर मिलकर मंत्री बनने पर बधाई दी। बाबा बंशीधर की तस्वीर भेंट की। उन्होंने मंत्री को बाबा बंशीधर का दर्शन करने के लिये आमंत्रित भी किया।

### खरौंधी प्रखंड में अवैध रूप से बालू बेचकर सरकार को लगाया जा रहा चूना, अंचल पदाधिकारी बोले-गश्ती बढ़ाने का दिया है निर्देश

# रात के अंधेरे में खूब फल फूल रहे हैं बालू माफिया



**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**
प्रखंड की सोननदी तथा पंडा नदी से रात के अंधेरे में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से बालू का उठाव कर बालू माफियां फल फूल रहे हैं। इन बालू माफियाओं पर अंकुश लगाने वाला या रोकने वाला कोई नहीं है। बालू माफियाओं को रोकने में प्रशासन भी कोई रुचि नहीं ले रहे हैं, जिससे बालू माफिया के हौसले बुलंद हैं। इसके साथ ही प्रतिदिन ये बालू माफिया झारखंड सरकार को लाखों रुपये के राजस्व का चूना लगा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार प्रखंड में एक भी बालू घाट का टेंडर नहीं हुआ है। इसके बावजूद बालू माफिया अवैध बालू का उठाव कर मोटे कमाई करने में सफल हो रहे हैं। दर्जनों बालू माफियाओं के ट्रैक्टर शाम होते ही सोन नदी व पंडा नदी घाट की ओर रुख करते हैं। पूरी रात सोननदी व नदी से सैकड़ों ट्रैक्टर बालू का उठाव कर लेते हैं। रात में भी बालू घाट पर ट्रैक्टर की लाइट से मेला सा नजारा रहता है। सुबह करीब 8 बजे तक बालू लदे ट्रैक्टर फरार्टेदार चलते हैं। बालू घाट से बालू लाकर प्रखंड सहित यूपी में प्रति ट्रैक्टर 4500 रुपये से लेकर 5000 रुपये तक की दर से बिक्री करते हैं। प्रखंड में बालू का अधिक दाम होने से सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पीएम आवास सहित अन्य योजनाओं का निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है। बालू की किल्लत ऐसी है कि प्रखंडवासी बालू एक दिन पहले एडवांस पैसा देकर बुकिंग करते हैं तब जाकर उन्हें काफी प्रयास के बाद बालू मिलता है। वहीं खरौंधी प्रखंड में उत्तर प्रदेश से भी अवैध बालू तथा गिट्टी की सप्लाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार प्रखंड में जितने भी वाहन बालू या गिट्टी में अवैध रूप से चलते हैं। उनके वाहन की इंट्री फीस जमा पहले कराई जाती है। नाम नहीं छापने पर एक वाहन मालिक ने बताया कि सभी वाहनों का थानों में दलालों के माध्यम से एंट्री कराते हैं। प्रशासन की अनुमति के बाद ही बालू या गिट्टी में हमलोग चलाते हैं। बताया कि पहले ट्रैक्टर की 12 हजार रुपये तथा टीपर की 16 हजार रुपये एंट्री फीस थी। अब उसे बढ़ाकर ट्रैक्टर की 17 हजार रुपये तथा टीपर का 35 हजार रुपये कर दी गई है। जो वाहन मालिक फीस जमा नहीं करते उसके वाहन को चिन्हित कर पकड़ लिया जाता है। इसे लेकर जनप्रतिनिधियों में आक्रोश व्याप्त है।

इस संबंध में अंचल पदाधिकारी खरौंधी सुनील कुमार ने बताया कि अवैध बालू उठाव या यूपी से आने वाले टिपर पर रोक लगाने के लिए प्रशासन को रात्रि में गश्ती तेज कर रोक लगाने का निर्देश दिया गया है। वहीं खरौंधी थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया ने बताया कि अवैध बालू उठाव को लेकर संयुक्त छापामारी करने का उच्च पदाधिकारी का निर्देश प्राप्त है। अगर अंचल पदाधिकारी छापा मारने के लिये तैयार है तो मैं 24 घंटे अवैध बालू पर रोक लगाने के लिये तैयार हैं।

# 'नियमानुसार काम करें दवा व्यवसाई'

### केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की डंडई इकाई का मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**
प्रखंड मुख्यालय के डंडई गांव स्थित त्यागी हॉस्पिटल परिसर में रविवार को केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन डंडई इकाई द्वारा वार्षिक सम्मेलन सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रखंड के चिकित्सक व मेडिकल स्टोर के दुकानदारों ने भाग लिया। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गढ़वा केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष आधाशंकर पांडेय, जिला सचिव नंद किशोर श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष मनीष कश्यप इत्यादि ने भी भाग लिया।

जिला अध्यक्ष ने वन भोज कार्यक्रम में उपस्थित मेडिकल स्टोर संचालकों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी दवा व्यवसाई नियम अनुसार अपना व्यवसाय चलाएं। दवा खरीद बिल एवं बिक्री रसीद जरूर रखें। सही खरीद एवं बिक्री बिल रखने से आपको औषधि निरीक्षक दोहन नहीं कर सकेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि अपने दुकान पर एक कोने में एक्सपायरी बॉक्स बनाएं एवं सीसीटीवी कैमरा जरूर लगाएं। जिला अध्यक्ष ने अपने संबोधन में प्रखंड के केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के सभी सदस्यों को संगठित होकर रहने की बात कही। जिला सचिव नंदकिशोर श्रीवास्तव ने कहा कि डंडई केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की डंडई प्रखंड इकाई द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वन भोज सह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसके लिए डंडई प्रखंड इकाई निश्चित ही बधाई के पात्र हैं। उन्होंने सभी मेडिकल स्टोर संचालकों को नव वर्ष आगमन की बधाई दी। साथ ही उन्होंने कहा की दवा में डिस्काउंट की गलाकाट प्रतियोगिता की बजाय दवाओं की गुणवत्ता का ध्यान रखना जरूरी है। वैसे दवा की बिक्री बिल्कुल नहीं करें, जो मेडिकल स्टोर में रखने की मनाही है। इससे पहले केमिस्ट एंड ड्रग एसोसिएशन के पूर्व जिला अध्यक्ष सत्येंद्र नाथ शंभू ने कहा कि संगठन आज के दिन में सिर्फ दिखावा बनकर रह गया है। संगठन के सदस्यों की समस्याओं से उन्हें कोई लेना-देना नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि निबंधन नवीनीकरण के नाम पर विभागीय पदाधिकारियों के द्वारा संगठन के सदस्यों से इन दिनों जबरदस्त लूटपाट की जा रही है। बावजूद संगठन में बैठे लोगों द्वारा उनके खिलाफ किसी भी तरह की आवाज नहीं उठाई जा रही है। ड्रग इंस्पेक्टर को बस एजेंट बताते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरह बस की सवारी से एजेंटों द्वारा एक-एक कर पैसे की वसूल की जाती है। वैसे ही अपने पद की गरिमा को ताख पर रख ड्रग इंपेक्टर द्वारा छोटे-मोटे दुकान खोलकर जीविकोपार्जन कर रहे लोगों से बेवजह पैसों की वसूली की जा रही है। इसी तरह कार्यक्रम को कई लोगों द्वारा भी संबोधित करने का काम किया गया। कार्यक्रम समापन से पहले मुख्य अतिथियों को माला पहनाकर प्रखंड के सदस्यों द्वारा सम्मानित करने का काम किया गया। कार्यक्रम का संचालन त्यागी नर्सिंग होम के प्रोपराइटर डॉक्टर पुष्पेंद्र कुमार ने किया। मौके पर मुखदेव तिवारी, शैलेंद्र कुमार, उपेंद्र कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

# सुंडी में 63 केवीए ट्रांसफार्मर का हुआ उद्घाटन, उपभोक्ताओं ने जताई खुशी



**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**
प्रखंड अंतर्गत सुंडी में रविवार को भाजपा ने 63 केवीए का ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। इसके बाद गांव में निर्बाध रूप से बिजली सप्लाई की गई। इसके लिए बिजली उपभोक्ताओं ने स्थानीय भाजपा नेताओं तथा क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही का आभार प्रकट किया है। वहीं विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास ने बताया कुछ दिन पूर्व सुंडी के दर्जनों बिजली उपभोक्ताओ ने विधायक भानु प्रताप शाही से मिलकर ट्रांसफार्मर लगवाने का मांग किया था। विधायक भानु प्रताप शाही ने तत्काल बिजली विभाग के पदाधिकारी से बात कर ट्रांसफार्मर लगवाने का निर्देश दिया था। इसके साथ ही इसकी जिम्मेदारी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष लक्षमण राम तथा वरिष्ठ भाजपा नेता भगत दयानंद यादव को दिया था। उक्त दोनों के प्रयास से सुंडी में 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगवाया गया। ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष संध्याकार विश्वकर्मा, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र यादव, लालू ठाकुर, विश्वनाथ राम, कैलाश राम, राहुल गुप्ता, परमेश्वर ठाकुर, छोटे लाल विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

# अनवरत सत्संग ही मानव की उन्नति का एकमात्र रास्ताः विजय नंदन सिन्हा

### अनुकूलचंद्र के अनुयायियों ने किया सत्संग



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
श्री श्री ठाकुर अनुकूलचंद्र के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ बंदेपुरुषोतम ध्वनि, शंख ध्वनि के बीच दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद सामूहिक रूप से नाम जप, सत्यानु शरण पाठ, नारी नीति पाठ किया गया। संगीतांजली कार्यक्रम में संजय दा, अनिता देवी व निर्मला जायसवाल ने भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया। इष्टचर्चा करते हुये ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा ने कहा कि आज का साप्ताहिक सत्संग वर्ष 2023 का अंतिम सत्संग है। आगामी वर्ष 2024 सभी जीवों के लिये मंगलमय हो। सभी जीवों के कल्याण के लिये सभी सत्संगी वृंद अनवरत ईश्वर नाम का स्मरण करते रहें। अपने प्रभु श्री श्री ठाकुर जी से प्रार्थना करें कि 2024 सभी के लिये मंगलप्रद रहे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में अधिक से अधिक सत्संग हो। उन्होंने कहा कि सत्संग का प्रत्येक क्षण जीवों के कल्याण के लिये होता है। सत्संग से अनेकों अपराध का नाश हो जाता है। सत्संग ही मानव के उन्नति का एक मात्र रास्ता है। इसके द्वारा ही अच्छी भक्ति आती है। निःस्वार्थ भक्ति प्रभु अथवा भगवान से मिलाती है। सत्संग में शक्तिदास सिन्हा, अजय दा, प्रवीण कुमार, पप्पू, धृतिदीप्त, रीना जायसवाल, प्रमिला देवी, दीप माला, मधु कुमारी आदि उपस्थित थे।

# नवोदय स्कूल में एलुमनी मीट का समापन




**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
जवाहर नवोदय विद्यालय में दो दिवसीय एलुमनी मीट का रविवार को संपन्न हो गया। एलूमनी मीट के पहले दिन शनिवार को खेलकूद और क्विज प्रतियोगिता के साथ शुरू किया गया और एलुमनी मीट का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ रविवार को को बड़े ही भव्य और शानदार तरीके से किया गया। समापन और पुरस्कार वितरण समारोह की शुरुआत अध्यक्षीय संबोधन के साथ हुई। अंगना के अध्यक्ष संतोष कुमार पासवान (मैनेजर, कोल इंडिया लिमिटेड) ने आभासी मंच के माध्यम से सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षक बीबी कुमार और मेहमानों का स्वागत किया।

जेएनवी के प्राचार्य रामानंद प्रसाद ने भी सभी का स्वागत किया। मौके पर नाज के अध्यक्ष सुधीर कुमार, नाज, मेंबर कुमार प्रेमचंद, अखिलेश कुमार, अभय कुमार, रवि कुमार, आशुतोष द्विवेदी, रोहित, अरविंद, सूरज, नंदलाल मेहता, आशुतोष, मृत्युंजय, रंजन, सैफ अली, आलोक रजक, रवि कुमार, महेंद्र राम, अब्बास अंसारी, सतीश कुमार, छोटन कुमार, मुमताज, डॉक्टर राहुल, डॉक्टर मिथिलेश, ज्योतिषरण, अरुण, राजेश कुमार, रवि कुमार, आशुतोष द्विवेदी, रोहित, अरविंद, सूरज, नंदलाल मेहता, आशुतोष, मृत्युंजय, रंजन, सैफ अली, आलोक रजक, वीपी राजू, रूपाली, आदित्य, विनीत, शनि कुमार आदि मौजूद रहे।

**उपलब्धि** जगन्नाथ महतो मेमोरियल राज्य स्तरीय रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता

# गढ़वा के तीन बालिकाओं ने जीते तीन पदक




**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
टाइगर जगन्नाथ महतो मेमोरियल 10वीं राज्य स्तरीय रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता 2023-24 में गढ़वा के तीन बालिका खिलाड़ियों ने एक स्वर्ण सहित दो कांस्य पदक अपने नाम किया। विदित हो कि 29 से 30 दिसंबर 2023 तक आयोजित टाइगर जगन्नाथ महतो मेमोरियल 10वीं राज्य स्तरीय रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता में गढ़वा जिले के 21 सदस्यीय टीम गिरिडीह में भाग लेने गई थी। जूनियर बालिक वर्ग में छोटी कुमारी ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि जूनियर बालिका वर्ग में स्नेहा कुमारी ने कांस्य पदक अपने नाम किया। वहीं सब जूनियर बालिका वर्ग में सोनी कुमारी ने कांस्य पदक हासिल किया। पदक विजेता खिलाड़ियों को मुख्य रूप से सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, गढ़वा जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, गढ़वा जिला कल्याण पदाधिकारी निलेश मुर्मू, जिला सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक नीतीश कुमार निशांत झारखंड साइकलिंग संघ के महासचिव शैलेंद्र पाठक गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के संरक्षक राकेश पाल, रेखा चौबे, अनिता दत्त, वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, सचिव आलोक मिश्रा, प्रोफेसर डॉ. उमेश सहाय समाजसेवी कमलेश गुप्ता, गढ़वा जिला साइकलिंग संघ अध्यक्ष अनिल पांडे, सचिव अरविंद दुबे, विधायक प्रतिनिधि खेलकूद ओमप्रकाश गुप्ता, धीरज दुबे, गढ़वा जिला क्रिकेट संघ सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह, गढ़वा जिला वालीबाल संघ सचिव ओमप्रकाश तिवारी, गढ़वा जिला बॉक्सिंग संघ सचिव रामप्रवेश तिवारी, नितिन तिवारी, डे बोर्डिंग प्रशिक्षक प्रभात तिवारी, रमाशंकर सिंह, ललन पहलवान, सुबोध पाठक, शारीरिक शिक्षक सुशील तिवारी, अजयकांत, धर्मेंद्र पाल, किशोर कुणाल, चंद्र बहादुर सिंह, निलेश ठाकुर, पूनम कुमारी, प्रियंका कुमारी, खेल विभाग के कर्मी कुश कुमार, ललन कुमार आदि ने बधाई दी।

# जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के क्वॉर्टर फाइनल में ब्राइट फ्यूचर स्कूल




**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में स्कूल ब्राइट फ्यूचर ने आरके पब्लिक स्कूल मझिआंव को 26 रन से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

मैच से पूर्व विशेष प्रमंडल के अभियंता संजय कुमार सिंह, प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा और विपुल कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। स्कूल ब्राइट फ्यूचर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए फरहान के 48 और अभय के नाबाद 34 रन के सहयोग से पांच विकेट खोकर 124 रन बनाए। आरके पब्लिक स्कूल मझिआंव की ओर से शक्ति ने दो विकेट हासिल किये। 125 रन के लक्ष्य को लेकर खेलने उतरी आरके पब्लिक स्कूल मझिआंव की टीम 98 रन ही बना पाई। टीम की और से दुर्गेश और मोहित के सत्रह, सत्रह रन बनाए। स्कब्राइट फ्यूचर अमित ने दो विकेट प्राप्त किये। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार स्कूल ब्राइट फ्यूचर के फरहान को पूर्व खिलाड़ी अरविंद तिवारी, अधिवक्ता मुकेश कुमार सिन्हा, अशोक विश्वकर्मा और आशुतोष रंजन ने प्रदान किया। इस मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, नवनीत दुबे, अभय दुबे, अभिषेक द्विवेदी, मनोज तिवारी, विशाल, सुमित मिश्रा, धीरज, मनीष उपाध्याय, मनीष पाठक, आलोक कुमार, अजीत सिन्हा, सहजाद खान शामिल थे।

## एक नजर

### वर्ष के अंतिम दिन श्रम मंत्री पहुंचे गिद्धौर, जन समस्या से हुए रुबरु

**गिद्धौर(चतरा)।** श्रम एवं प्रशिक्षण मंत्री सत्यानंद भोक्ता रविवार को गिद्धौर प्रखंड पहुंचे। इस क्रम में द्वारी गांव के पुनिया देवी व महादेव गोप के ब्रह्मभोज में शामिल हुए। मौके पर सौ जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। जबकि जनसमस्या से रूबरू हुए। उन्होंने हेमंत सरकार की जम कर तारीफ करते हुए कहा कि 2025 में भी बहुमत के साथ हेमंत सोरेन की सरकार बनेगी। सरकार हर पहलू पर बेहतर कार्य कर रही है। साथ में राजद जिलाध्यक्ष नवल किशोर यादव, कांग्रेस नेता सत्येंद्र कुमार दांगी, सुरेश यादव, कन्हाई यादव व बंशी दांगी आदि शामिल थे।

### विद्युत प्रवाहित तार के संपर्क में आया कोल वाहन, चालक झुलसा

**गिद्धौर।** प्रखंड के बलबल में बीते देर शाम एक बड़ी दुर्घटना होने से बच गई। कोल वाहन कोयला डंप कर कटकमसांडी से बलबल पहुंचा, जहां चालक एक ट्रांसफार्मर के समीप वाहन को खड़ा कर दिया। इसी क्रम में कोल वाहन में 11000 विद्युत प्रवाहित तार के संपर्क में आ गया और वाहन के टायर में आग लग गई। चालक आग बुझाने को लेकर वाहन के समीप पहुंचा और वह भी संपर्क में आ गया, जिससे चालक का पैर व हाथ पूरी तरह से झुलस गया। ग्रामीणों की तत्परता से घायल चालक को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग भेजा गया।

### 10 जनवरी से सुमन चतरा के 1476 गावों का पुनः करेंगे दौरा

**चतरा।** नए वर्ष में 10 जनवरी से समाजसेवी सह भाजपा नेता सुधांशु सुमन चतरा जिले के 1476 गांव का दौरा पुनः दौरा प्रारम्भ करेंगे। ज्ञात हो कि 2010 से श्री सुमन चतरा लोकसभा के 2278 गांव का दौरा तिरंगा यात्रा के माध्यम से किया था। उपरोक्त जानकारी देते हुए सुमन ने बताया कि कान्हाचट्टी प्रखंड के सिक्कीद, गाड़िया व आमकुदर से करेंगे और आमलोग को तिरंगा भेंट करेंगे।

### दुघर्टना में युवक गंभीर

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय के समीप बाइक के चपेट में आने से रविवार को युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। ग्रामीणों व राहगीरों के सहयोग से घायल युवक में इलाज के लिए स्थानीय किलिनीक ले जाया गया। घायल युवक गिद्धौर गांव निवासी डॉक्टर उमेश कुमार दांगी का पुत्र ऋषभ कुमार है। बताया गया कि ऋषभ क्रिकेट खेलकर पैदल घर वापस आ रहा था। इसी बीच गिद्धौर चौक तरफ से शराब के नशे में बाइक चालक लापरवाही से जा रहा थ जो अपने चपेट में ले लिया। मौके से बाइक चालक धक्का मारने के बाद फरार हो गया। जबकि बाइक पर सवार एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया।

### बिरसा किसान रथ को किया गया रवाना

**बालूमाथ।** बीडीओ सोमा उरांव ने बिरसा किसान रथ को हरी झंडी दिखाकर गांव के लिए रवाना किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि लातेहार उपायुक्त के निर्देश पर गांव-गांव तक किसानों की जागरूकता के लिए रथ को रवाना किया गया है। इसके माध्यम से विभिन्न योजनाओं की जानकारी ले सकते हैं। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष नागदेव उरांव, प्रखंड कृषि पदाधिकारी मनीष पांडे, स्थानीय मुखिया नरेश लोहरा आदि मौजूद रहे।

### सैलानियों के स्वागत के लिए तैयार जिले के पिकनिक स्पॉट, कोविड 19 के नियमों का भी सभी को करना होगा पालन

# नव वर्ष पर चतरा जिले के पिकनिक स्पॉटों पर उमड़ेगी युवाओं की भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा/गिद्धौर/इटखोरी**

नए वर्ष 2024 की शुरुआत पर सोमवार को जिला मुख्यालय सहित जिले के विभिन्न प्रखंडों में स्थित पिकनिक स्पॉटों व मंदिरों में उमड़ेगी युवाओं की विशेष भीड़। जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों में इटखोरी स्थित माता भद्रकाली मंदिर, हंटरगंज के कौलेश्वरी मंदिर, टंडवा के चुंदरूधाम, पत्थलगडा के लेंबोईया पहाड़ी पर अवस्थित भगवती मंदिर व गिद्धौर के बलबल गर्म जलकुंड तथा बागेश्वरी मंदिर के अलावा तमासीन, खैवा-बनारू, गोवा, हेरूआ डैम, शहीद विनय भारती पार्क आदि में नव वर्ष को लेकर सबसे अधिक लोगों की भीड़ उमड़ेगी। पहली जनवरी को पिकनिक स्पॉटों पर उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम भी पुलिस व जिला प्रशासन के द्वारा किए गए हैं। उपायुक्त अबु इमरान ने जिले वासियों को सजगता के साथ नव वर्ष मनाने की अपील की है।

एसपी राकेश रंजन ने जिले के लगभग पिकनिक स्पॉटों पर विशेष चौकसी का निर्देश संबंधित थानों को दिया है, जबकी हुड़दंग मचाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर होगी तथा शराबियों पर विशेष रूप से नजर रखने का निर्देश दिया गया है। वहीं एसपी ने बताया कि महिला व युवतियों के साथ किसी प्रकार का अभद्र व्यवहार न हो, इस दिशा में भी पुलिस पूरी चौकसी बरतेगी। ज्ञात हो कि जिले के अधिकांश जल प्रपात अविकसित हैं, जिसमें तमासीन, खाया-बनारू, गोवा, हरियोखार सहित अन्य जल प्रपात पहाड़ों से घिरे हुए हैं। इसी प्रकार डैमों में भी काफी गहराई है। ऐसे में पिकनिक के लिए पहुंचने वाले लोगों को इन स्थानों पर पूरी तरह से सावधानी बरतने की आवश्यकता है।



### चंदवा प्रखंड में धार्मिक स्थलों पर अराधना के साथ किया जाएगा नये साल का स्वागत

**चंदवा।** खट्टी मीठी यादों के साथ साल 2023 समाप्त हो गया। नई सुबह के साथ नये वर्ष 2024 का आगमन हो चुका है। लोग मध्यरात्रि से ही नये साल के जश्न में डूबे हैं। लोग अपने अपने धार्मिक स्थलों पर मत्था टेक सुख-समृद्धि की कामना कर लोग नये साल की शुरुआत करेंगे। लोग सपरिवार अपने-अपने पसंदीदा पर्यटन स्थल पर पिकनिक मनाने को तैयार हैं। चंदवा में नगर मंदिर, नगर डैम, देवनद तट, बच्चों का पसंदीदा इको पार्क, उंचाई से गिरता मनोरम कांति झरना, हिंडालको पार्क, डुमारो पंचायत के ढोंटी गांव स्थित झुनझुनिया वाटर फॉल समेत कई दर्शनीय स्थल पर लोग बड़ी संख्या में पहुंचकर पिकनिक का लुत्फ उठाते हैं। ईधर चंदवा पुलिस प्रशासन भी शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटने को तैयार है। नव वर्ष को लेकर चंदवा पुलिस सभी चौक-चौराहों पर मुस्तैद है।

# तातापानी : गर्म पानी का कुंड, जो त्वचा संबंधी बीमारियां करता है दूर

### जिले में कई ऐसे पर्यटन स्थल हैं जहां सालों भर आते रहते हैं पर्यटक

**अजय सिन्हा। लातेहार**

जिले में कई ऐसे पर्यटन स्थल हैं जहां सालों भर पर्यटक अपनी थकान मिटाने के लिए आते हैं। लालमटिया डैम लातेहार का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। यह लातेहार जिला मुख्यालय से के पास में स्थित है। यह डैम बहुत सुंदर है। डैम के पास आपको तापा पहाड़ का भी सुंदर दृश्य देखने के लिए मिलता है। इस डैम के पास में ही घूमने के लिए ट्रैक बना दिया गया है। पक्की सड़क बना दी गई है, जहां पर आप घूम सकते हैं और डैम के सुंदर दृश्य को देख सकते हैं। तातापानी लातेहार जिले का एक अनोखा स्थल है, क्योंकि यहां पर गर्म पानी का आपको एक कुंड देखने के लिए मिलता है। इस जगह पर गर्म पानी निकलता है और गर्म पानी में सल्फर के गुण होते हैं, जिससे इससे बहुत सारी त्वचा संबंधी बीमारियां दूर होती हैं। यह जगह लातेहार से 8 किलोमीटर दूर है। यह जगह सुकरी नदी के किनारे स्थित है।

**मैगनोलिया सनसेट पॉइंट :** मैगनोलिया सनसेट पॉइंट नेतरहाट का एक सुंदर स्थल है। इस जगह पर बहुत सुंदर सूर्यास्त का दृश्य देखने के लिए मिलता है और यहां पर आपको प्रेम की एक कहानी के बारे में भी पता चलता है। मैगनोलिया, जो एक ब्रिटिश अफसर की बेटी थी। मैगनोलिया को एक आदिवासी लड़के से प्यार हो गया। जब उनके पिता को इस बात का पता चला। तब उनके पिता ने उस आदिवासी लड़की को खाई में फिकवा कर मार डाला। मैगनोलिया उस लड़के को, यहां वहां अपने घोड़े के साथ ढूंढती रही। मगर उन्हें वह लड़का नहीं मिला। जब उनको उस लड़के की मौत की खबर मिली, तब उन्होंने अपने घोड़े के साथ इसी जगह पर खाई में छलांग लगा दी और उनकी मृत्यु हो गई। इस तरह से यह जगह बहुत प्रसिद्ध है और इस जगह को मैगनोलिया सनसेट पॉइंट के नाम से जाना जाता है। यहां पर दोनों प्रेमी की मूर्तियां भी बनाई गई है। आप यहां पर आ कर इनकी कहानी को और मूर्तियों को देख सकते हैं और सनसेट पॉइंट को देख सकते हैं, जहां पर सूर्यास्त का दृश्य देखने के लिए मिलता है। यहां सुंदर घाटियां भी देखने के लिए मिलती है।

**लोअर घाघरी जलप्रपात :** लोअर घाघरी जलप्रपात नेतरहाट का एक मुख्य प्राकृतिक स्थान है। यह एक सुन्दर झरना है। यह झरना घने जंगल के अंदर स्थित है। इस झरना तक पहुंचने के लिए, जंगल का रास्ता है और कच्चा रास्ता है। झरने तक आप बाइक और कार से आ सकते हैं। यह झरना बहुत बड़ा और बहुत सुंदर है। यह झरना इंडिया के सबसे हाईएस्ट झरनों में से एक है। यहां पर घना जंगल है और झरने का सुंदर दृश्य है। झरने के पास व्यूप्वाइंट बना हुआ है, जहां से झरने की दृश्य को देखा जा सकता है। यह झरना घने जंगल के अंदर स्थित है। झरने का पानी जब गिरता है, झरने के पानी की आवाज संगीत की मधुर धुन लगती है। यहां पर आपको सिर्फ नेचर ही देखने के लिए मिलेगा। यहां पर वॉच टावर भी बना हुआ है, जहां से आप जंगल के चारों तरफ का सुंदर दृश्य देख सकते हैं।

**मिर्चइया झरना लातेहार :** मिर्चइया झरना लातेहार का टूरिस्ट प्लेस है। यह लातेहार का एक प्रमुख प्राकृतिक पर्यटन स्थल है। यह जगह घने जंगल के अंदर स्थित है। यह जगह बेतला टाइगर रिजर्व के अंदर स्थित है, यह झरना बहुत सुंदर है और चट्टानों के ऊपर से बहता है। मिर्चइया झरना लातेहार डिस्ट्रिक्ट में गारू ब्लॉक में स्थित है। यह झरना साउथ कोयल नदी की सहायक नदी पर बना हुआ है। यह झरना 100 फिट ऊंचा है। झरना जंगल के अंदर स्थित है। इसलिए आपको यहां पर जंगली जानवर भी देखने के लिए मिल सकते हैं। यह एक बढ़िया पिकनिक स्पॉट है। यहां पर एंट्री के लिए टिकट लिया जाता है, जो बहुत कम है।

**सुग्गा बांध जलप्रपात :** सुग्गा बांध जलप्रपात लातेहार जिले का एक प्राकृतिक पर्यटन स्थल है। यह जलप्रपात घने जंगल के अंदर स्थित है और बहुत सुंदर है। यह जलप्रपात बड़ी-बड़ी चट्टानों से बहता है और बहुत ही आकर्षक लगता है। जलप्रपात में बहुत सारे लोग नहाने का मजा लेते हैं। सुग्गा बांध जलप्रपात लातेहार जिले में गारू प्रखंड में बना हुआ है। यहां पर आपको चारों तरफ बड़ी बड़ी पहाड़ी देखने के लिए मिलती है, जो बहुत ही जबरदस्त लगती है। यहां पर वॉच टावर बना हुआ है, जहां से आप जलप्रपात का सुंदर दृश्य देख सकते हैं। आप लातेहार जिले के बेतला नेशनल पार्क में घूमने के लिए आते हैं, तो आप इस जलप्रपात में आकर घूम सकते है। सुग्गा जलप्रपात नॉर्थ कोयल नदी की सहायक नदी पर बना हुआ है। यहां पर चारों तरफ हरियाली है।

**बेतला नेशनल पार्क देशभर में है प्रसिद्ध :** बेतला नेशनल पार्क झारखंड ही नहीं बल्कि देश भर में प्रसिद्ध है। यहां जानवरों को पूरी तरह प्राकृतिक आबोहवा प्रदान की जाती है। खुले में विचरण करने वाले जानवरों को देखना पर्यटकों को काफी रोमांचित करता है। बेतला नेशनल पार्क में बड़े पैमाने पर जंगली जानवर खुले में विचरण करते हैं। सुरक्षित वाहनों से पर्यटक बेतला पार्क में जाते हैं और जानवरों का दीदार भी करते हैं। पलामू जिला मुख्यालय से बेतला पार्क की दूरी 30 किलोमीटर है, जबकि लातेहार जिला मुख्यालय से बेतला की दूरी लगभग 65 किलोमीटर है।

**कोयल और औरंगा नदी का संगम है प्रसिद्ध पर्यटक स्थल :** लातेहार पलामू जिले के सीमा पर स्थित केचकी संगम पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा है। नव वर्ष के अवसर पर यहां बड़े पैमाने पर लोग पिकनिक मनाने आते हैं। कोयल और औरंगा नदी का यह संगम काफी मनोरम है। बताया जाता है कि यहां काफी पहले दिलीप कुमार और सायरा बानो जैसे फिल्म स्टार भी चुके हैं। पलामू जिला मुख्यालय से इसकी दूरी लगभग 25 किलोमीटर है। जबकि लातेहार जिला मुख्यालय से 60 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इसके अलावा लातेहार जिले में डातम-पातम जलप्रपात, कांति झरना, दोमुहान संगम, झरिया जंगल, तुबेद गुफा, नगर मंदिर, 27 नंबर पुल, समेत सैकड़ों वैसे स्थान है जहां नव वर्ष में पर्यटकों की भीड़ लगती है।



### छोटा नागपुर की रानी नेतरहाट में घूमने के लिए बहुत सारी जगह

नेतरहाट लातेहार का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। यह जगह लातेहार से लगभग 130 किलोमीटर दूर है और झारखंड की राजधानी रांची से करीब 156 किलोमीटर दूर है। यह झारखंड का हिल स्टेशन है। यहां पर घना जंगल है। यह जंगल पाइन ट्री और साल के पौधे से आच्छादित है। यहां पर चारों तरफ हरियाली देखने के लिए मिलती है। यहां की घाटियों में सुंदर झरने बहते रहते हैं। नेतरहाट को छोटा नागपुर की रानी के नाम से भी जाना जाता है। यह समुद्र तल से 3700 फुट की ऊंचाई पर स्थित है। नेतरहाट शब्द की उत्पत्ति नेचर और हट से हुई है। इस जगह को पहले नेचरहट कहा जाता था। इसका उच्चारण करते करते यह नेतरहाट बन गया। यह जगह ब्रिटिश काल से प्रसिद्ध है। यहां पर ब्रिटिश अफसर की बेटी मैगनोलिया और एक आदिवासी चरवाहे की प्रेम कहानी प्रसिद्ध है।

**कोयल व्यू प्वाइंट नेतरहाट :** कोयल व्यू प्वाइंट नेतरहाट की एक सुंदर जगह है। आप कोयल व्यूप्वाइंट में आकर, कोयल नदी का सुंदर दृश्य देख सकते हैं। यहां पर आपको सूर्यास्त का भी सुंदर दृश्य देखने के लिए मिलता है। यहां पर खूबसूरत वादियां देखने के लिए मिलती है। यहां पर शांति से अपना समय आप बिता सकते हैं। यह जगह बहुत सुंदर है और नेतरहाट में घूमने लायक मुख्य जगहों में से एक है। यहां पर बहुत सारे पाइन ट्री लगे हुए हैं, जो इस जगह की खूबसूरती को और भी ज्यादा बढ़ा देते हैं। यहां पर आपको एक छोटी सी शॉप देखने के लिए मिल जाती है, जहां पर चाय एवं स्नेक भी मिलता है। आप यहां पर बहुत अच्छी फोटो क्लिक करवा सकते हैं। कोयल व्यू प्वाइंट मुख्य नेतरहाट से करीब 2 किलोमीटर दूर है।

**नेतरहाट डैम :** नेतरहाट झील मुख्य नेतरहाट शहर में स्थित है। यह झील बहुत सुंदर है। झील में कमल के फूल भी लगे हुए हैं। यहां आप बोटिंग कर सकते हैं। यहां पर बहुत अच्छा लगता है।

**नाशपाती बागान :** नाशपाती बागान नेतरहाट का मुख्य स्थल है। नेतरहाट पर आपको बहुत सारे नाशपाती के बागान देखने के लिए मिलते हैं। यह जगह नाशपाती की पैदावार के लिए बहुत अच्छी है। मुख्य नेतरहाट शहर से नाशपाती बागान एक से डेढ़ किलोमीटर दूर होंगे। आपको यहां पर हरी-भरी नाशपाती देखने के लिए मिलती है।

अपर घाघरी वॉटरफॉल : अपर घाघरी वॉटरफॉल नेतरहाट का एक मुख्य झरना है। यह झरना नेतरहाट के घने जंगल के अंदर बना हुआ है। यह झरना मुख्य नेतरहाट से करीब 4 किलोमीटर दूर होगा। आपको झरने तक पहुंचने के लिए, पहाड़ी से नीचे आना पड़ता है। यहां पर आपको जंगल के बीच में छोटा सा झरना देखने के लिए मिलता है। झरने का पानी एक कुंड में गिरता है। झरना बहुत सुंदर लगता है। यह झरना घाघरी नाम की नदी पर बना हुआ है।

# हाथियों ने दो एकड़ भूमि में लगी फसलों को रौंद डाला



**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु** थाना क्षेत्र की साल्वे पंचायत अंतर्गत बरनी ग्राम में हाथियों के झुंड ने शनिवार को उत्पात मचा कर किसान मंगर गंझू के खेतों में लगी सरसों, टमाटर, गन्ना व केला की फसलों को रौंदकर बर्बाद कर दिया। इससे किसान को तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ है। किसान मजदूर मंगर गंझू, ने बताया कि मैं अपनी चार एकड़ भूमि में खेती कर अपने बच्चों को पालन पोषण करता हूं। हाथियों ने आम बागवानी एवं सिंचाई के लिए बिछाए गए पाइप को भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित किसान ने संबंधित विभाग से मुआवजा मांगा है। ज्ञात हो कि बालूमाथ बारियातु व हेरहंज प्रखंड क्षेत्र में बीते पांच वर्षों से हाथियों का उत्पात जारी है। कई किसानों ने हाथियों के डर से फसल भी नहीं लगाई। हाथियों द्वारा क्षति होने पर उचित मुआवजा नहीं दिया जाता है और वन विभाग का चक्कर लगाना पड़ता है। ग्रामीण किसान भुनेश्वर यादव, बिनोद उरांव, रति गंझू, कुलेश्वर भगत, शिला मसोमात, छठु गंझू, दीपु सिन्हा, प्रकाश भुईयां सहित दर्जनों किसानों ने लातेहार उपायुक्त हिमांशु मोहन से उचित मुआवजा दिलाने के साथ हाथियों को क्षेत्र से निकालने के लिए एक्सपर्ट बुलाकर अविलंब भगाने की मांग भी की है।

# ब्रह्मदेता के लोगों ने श्रमदान कर बना डाली कच्ची सड़क



**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु** प्रखंड की सिबला पंचायत के मकरा ग्राम के ब्रह्मदेता टोला के ग्रामीणों ने सिबला अहरा से ब्रह्मदेता तक श्रमदान कर कच्चा रोड बनाया। ग्रामीण पंकज राम, भोला राम, रामाशंकर रविदास, प्रदीप राम, सुरेंद्र राम केदार राम, विकास राम, उमेश राम, सुनील राम, मुटुक राम, चलितर राम, नरेश यादव, देवचरण राम, सुरेश यादव, बालचंद राम, महेंद्र राम सहित अन्य कई ग्रामीणों ने बताया कि ब्रह्मदेता से सिबला अहरा होते पुरनासिबला रोड तक जाने के लिए रास्ता काफी जर्जर है। दिन में तो लोग किसी प्रकार चल लेते हैं लेकिन रात्रि में आने -जाने लिए काफी परेशानी होती है।

ब्रह्मदेता रोड से मकरा, बघौता, नावाडीह, बाराखार, झीरमतकोमा सहित अन्य गांवों व टोलों तक लोग गुजरते हैं। साथ ही किसी की मृत्यु के उपरांत सिबला अहरा तक दाह संस्कार के लिए शव को लाने के लिए भी काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। सड़क निर्माण करवाने के लिए बीते कई वर्षों से ग्राम सभा से लेकर सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में भी आवेदन दिया गया, परंतु सड़क नहीं बनाई गई।

ब्रह्मदेता में आदिवासी लोहरा, अनुसूचित जाति के लोग निवास करते हैं। यहां के बच्चों को विद्यालय जाने के लिए भी मुश्किल झेलनी पड़ती है। उक्त समस्या को देखते हुए ग्रामीणों ने 31 दिसंबर को कुदाल झोड़ी लेकर जर्जर कच्चे रोड को श्रमदान कर बनाया। ज्ञात हो कि टमाटर के सीजन में लोग साइकिल व बाइक से टमाटर गोनिया ले जाते हैं। खराब रोड के कारण चार किमी दूर मकरा, भाटचतरा होते फेरा लगाकर जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने वरीय अधिकारी व उपायुक्त से सड़क बनवाने की गुहार लगाई है।

**समस्या** 48 घंटे के अंदर धान का भुगतान का सरकारी दावा खोखला साबित हो रहा

# साहूकारों के पास धान बेचने को मजबूर किसान

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड** मयूरहंड प्रखंड में धान कटनी के साथ धान की खरीदारी भी शुरू हो गई है। वहीं 48 घंटे के अंदर किसानों को धान की कीमत भुगतान करने के सरकारी दावों की पोल खोल रही है। पैक्स में अधिक समर्थन मूल्य मिलने के बावजूद किसान खुले बाजार में साहूकारों के पास धान बेचने को मजबूर हैं। केंद्रों पर किसानों को एक माह बाद भुगतान करने का भरोसा दिया जा रहा है। इससे किसानों के बीच पैक्स और सरकार के रवैये पर नाराजगी देखी जा रही है। कई किसानों को बच्चों की पढ़ाई के लिए पैसे भेजना है तो किसी किसान को उपचार के लिए। किसी की बेटी के हाथ पीले करने की तैयारी है। परंतु समय पर भुगतान नहीं होने से धान बेचने वाले किसानों के मंसूबों पर पानी फिरने का भय है। इसलिए किसान व्यापारियों को 1800 रुपये समर्थन मूल्य से 400 से 500 रुपये प्रति क्विंटल कम में धान बेच रहे हैं। प्रखंड क्षेत्र के किसान नरसिंह प्रसाद ने बताया कि अगले वर्ष 85 क्विंटल धान पैक्स को बेचा। धान अधिप्राप्ति के बाद विभाग का मैसेज आया कि 48 घंटे के अंदर आपके खाते में राशि जमा कर दी जाएगी, लेकिन एक वर्ष के बाद भी खाते में आधे से ज्यादा राशि नहीं आई है। अन्य कई किसानों ने बताया कि अधिक पैसे के लिए पैक्सों को धान बेचा जाता है। लेकिन पैसे कब मिलेंगे, यह निश्चित नहीं है। इसलिए मजबूरी में किसान औने पौने दामों में साहूकारों के पास धान बेचने को मजबूर हैं।



# बरवाडीह प्रखंड की छेंचा पंचायत में लगे ऐतिहासिक चपरी जतरा मेले का समापन

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** प्रखंड की छेंचा पंचायत अंतर्गत चपरी मेलाटांड़ में लगने वाली तीन दिवसीय ऐतिहासिक चपरी जातरा मेला का शनिवार को समापन हुआ। मेला का उद्घाटन बुधवार को स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह ने किया था। खराब मौसम के बावजूद तीन दिवसीय मेले में काफी भीड़ रही।

प्रखंड क्षेत्र के साथ-साथ पलामू, गढ़वा समेत दूसरे जिलों के कई दुकानदार आए थे। पूर्व की भांति इस वर्ष मेले में सबसे अधिक बिक्री गुड़ की बनी मिठाई लकटो की रही। इसके साथ ही हाथ से बनी पत्थर स्लोट, लोहा आदि से हस्त निर्मित सामग्री की बिक्री अधिक देखी गई। बच्चों को आकर्षित करने के लिए झूला, म्यूजिकल डांस आदि केंद्र भी बनाए गए थे। मेले में थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार की सिंह की देखरेख में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इसके साथ ही मेला समिति के छेंचा पंचायत उप मुखिया राणा प्रताप सिंह, मेला समिति अध्यक्ष चंदन सिंह, रंजीत कुमार राम, मंटू यादव, अशोक यादव, राजेंद्र आदि सक्रिय थे।



## एक नजर

### जंगली सूअर के हमले से जनजातीय समुदाय का व्यक्ति गंभीर

**गुमला।** जिले के डुमरी थाना क्षेत्र स्थित बोगदीपानी निवासी जनजातीय समुदाय के सदस्य राजेश कोरबा को एक जंगली सूअर ने अपने नुकीले दांत और पंजों से गंभीर रूप से कर दिया। घायल को खटिया पर डालकर एक किलोमीटर दूर लाया गया और फिर एंबुलेंस से उसे डूमरी उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है।

### जयपाल सिंह के जयंती कार्यक्रम को लेकर कोर कमेटी की हुई बैठक

**बरवाडीह।** झारखंड आंदोलनकारी द्वारा 3 जनवरी को स्व. जयपाल सिंह मुंडा की जयंती कार्यक्रम की सफलता को लेकर कोर कमेटी सदस्यों की प्रखंड परिसर के सामने रविवार को राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सह चिन्हित झारखंड आंदोलनकारी केंद्रीय सचिव अली हसन अंसारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जयंती समारोह कार्यक्रम में अधिक से अधिक अधिक से अधिक संख्या में प्रखंड के सभी आंदोलनकारी सदस्यों को भाग लेने की रणनीति बनाई गई। अली हसन अंसारी ने बताया कि जयपाल सिंह मुंडा जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रामचंद्र सिंह समेत प्रदेश के वरीय आंदोलनकारियों को आमंत्रित किया गया है। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी सदस्य दीनानाथ राम, ललन तुरी समेत अन्य सदस्य शामिल थे।

### सरना प्रार्थना सभा समिति ने की बैठक


**बारियातु।** प्रखंड मुख्यालय स्थित राजी पहाड़ा सरना भवन परिसर में प्रखंड समिति, (राजी पहाड़ा सरना प्रार्थना सभा ) की पुर्व नियोजीत मासिक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड महासचिव रामप्रीत लोहरा ने की। बैठक में समाज में व्याप्त अशिक्षा, गरीबी, बेरोजगारी, अंधविश्वास, नशाखोरी, जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष चर्चा की गई। समाज में शिक्षा के स्तर को बढाने, उच्च शिक्षा के लिए युवाओं को प्रोत्साहित करने, अंधविश्वास को दूर करने, नशा मुक्ति एवं सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से रोजगार सृजन करने आदि का निर्णय लिया गया। मौके पर राजदेव उरांव, सकेंद उरांव, मोहन उरांव, जयराम उरांव, राजदेव सीतामनी उरांव, मुनेसरी उरांव, तेतरी उरांव, सुषमा उरांव, अनीता उरांव, सरीता उरांव, बसंती उरांव आदि मौजूद रहे।

### विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

**बालूमाथ।** उप प्रबंधक के पद पर कार्यरत बिनोद कुमार सेवानिवृत्त हुए। परियोजना कार्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन पीओ एस नारायणन के अध्यक्षता में किया गया। बिनोद कुमार ने कंपनी के प्रति आभार प्रकट किया। महाप्रबंधक नृपेन्द्र नाथ ने बिनोद कुमार को उनकी अथक सेवाओं के लिए धन्यवाद दिया। परियोजना पदाधिकारी एस. सत्यानारायणा ने बिनोद कुमार को शुभकामनाएं देते हुए ईश्वर से उनके अच्छे स्वास्थ्य की शुभेच्छा प्रकट की। मौके पर परियोजना के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, परियोजना के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। समारोह का संचालन उप प्रबंधक (कार्मिक), अभिषेक आनंद ने किया।

### नए साल पर पर्यटकों को आकर्षित करेंगे लोहरदगा के रमणीक प्राकृतिक स्थल, चहुंओर उत्साह का माहौल

# नववर्ष 2024 के स्वागत में डूबा लोहरदगा जिला





**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
वर्ष 2023 की विदाई और नववर्ष 2024 के स्वागत में हर ओर जश्न और उमंग का माहौल है। साल के अंतिम दिन हर पिकनिक स्पॉट पर लोगों की भारी भीड़ देखी जा रही है, वहीं जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किये गये है। नव वर्ष के स्वागत के लिए लोहरदगा में तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। लोहरदगा जिले में एक से बढ़कर एक पिकनिक स्पाट हैं जो सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। जिले के किस्को प्रखंड के सुदूरवर्ती पश्चिमी पठारों में स्थित लावापानी जलप्रपात, उसी मार्ग पर ही स्थित डहरबाटी नाला, सेन्हा प्रखंड के पचिमी पठारों मे स्थित धरधरिया जलप्रपात, निंदी, पेशरार जाने के रास्ते में स्थित केकरांग जलप्रपात, बगडू पठार, भंडरा प्रखंड में स्थित नंदिनी जलाशय आदि स्थानों पर लोगों का जमावड़ा पिकनिक मनाने को लेकर प्रतिवर्ष रहता है। भंडरा प्रखंड के नंदिनी जलाशय में प्रवासी पक्षियों का जमावड़ा देखने लोग पहुंचते हैं। इसके अतिरिक्त चूल्हा पानी, कांति जलप्रपात, खखपरता शिव मंदिर, अखिलेश्वर धाम, महादेव मंडा, सेन्हा का कोराम्बे महाप्रभू मंदिर, नंदगांव, चीरी पतरा, कंडरा समेत कई प्राकृतिक और मनोरम स्थल सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। आईए कुछ पिकनिक स्पाटों के विषय में जानें, जो इस प्रकार से हैं। धरधरिया जलप्रपात - यह सेन्हा प्रखण्ड के अरू गाँव में अवस्थित है। सड़क मार्ग से अरू, हेसवे होते हुए जल प्रपात तक पहुंचने का सुगम रास्ता उपलब्ध है। काफी उचांई से गिरता जलप्रपात लोगो को अपनी ओर आकर्षित करता है। घाटी से होकर कठिन उचांई वाले रास्ते और अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के बावजूद बड़ी संख्या में सैलानी यहां पिकनिक मनाने पहुंचते हैं।

### सुरक्षा रहेगी पुख्ता

लोहरदगा जिले के पिकनिक स्पाटों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। पिकनिक स्पाटों में आए सैलानियों के साथ छेड़छाड़ करना शरारती तत्वों को महंगा पड़ेगा। इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि जिले के सभी प्राकृतिक पिकनिक स्थलों को चिन्हित कर उन स्थलो पर सुरक्षा बलों की तैनाती करने का निदश दे दिया गया है। पिकनिक स्थलों पर सुरक्षा बलों के साथ सादे लिबास में महिला पुलिस की भी तैनाती रहेगी। छेड़छाड़ की घटनाओ को रोकने के लिए पुलिस की कड़ी निगरानी रखी जाएगी। शराब पीकर त्रिपल राइडर पकड़े जाने पर पुलिस कार्रवाई करेगी। पिकनिक स्थल जानेवाले प्रमुख मार्गो में चेकिंग की व्यवस्था होगी। सैलानियों की सहुलियत और सुरक्षा को लेकर पुलिस संवेदनशील है। उन्होंने लोगों से अपील की कि खतरनाक जोन में सावधानी से पिकनिक मनायें। नदी व पहाड़ों पर मोबाइल से सेल्फी लें, लेकिन उसमें सावधानी जरूर बरतें। क्योंकि नववर्ष खुशी व उत्साह का दिन है। इस दिन सभी लोग खुशी पूर्वक नववर्ष की खुशियां बांटे। पहाड़ की ऊंचाई से दूर रहें। साथ ही अपनी सुरक्षा का खुद ख्याल रखें।

## केंद्रीय कानून के विरोध में वाहन चालकों ने दी हड़ताल की चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
प्रखंड क्षेत्र के भड़गांव पंचायत स्थित मेला टांड़ मैदान में वाहन चालकों के विरुद्ध नया नियम लागू करने संबंध में वाहन चालक संघ की बैठक बिनोद कुमार राम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा भारी वाहन चालकों के लिये बनाये गये नये कानून के विरोध में निर्णय लिया गया कि आगामी 3 जनवरी तक इस कानून को केंद्र सरकार द्वारा संसोधित नहीं किया गया तो सभी चालकों द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। बिनोद कुमार राम ने कहा कि कि केंद्र सरकार द्वारा लागू किया गया यह कानून वाहन चालकों के लिये काला कानून है। चालक मजदूर होते हैं, जो किसी तरह वाहन चला कर परिवार का भरण पोषण करते हैं तो एकक्सीडेंट होने पर 10 लाख जुर्माना भरने में सक्षम नहीं हैं। सभी चालक सरकार और नियम का सम्मान करते हैं, परंतु किसी चालक को सजा हो जाये तो उसके परिवार का पालन पोषण कैसे होगा। इसका ख्याल कर नियम लागू करना चाहिये था। सरकार द्वारा एकतरफा लागू किये गये नियम का सभी चालक घोर विरोध करते हैं। मौके पर मंगलदेव महतो, मजीद अंसारी, मकबूल अंसारी, यासीन अंसारी, संतोष यादव, मोहन मुंडा, आशीर्वाद उरांव, इम्तियाज अंसारी, शिवकुमार, अजहर अंसारी, अफरोज अंसारी, ललित लकड़ा, सजाद अंसारी, नरेश टोप्पो आदि उपस्थित थे।



## पतंजलि 5 को हवन के साथ मनाएगी स्थापना दिवस

**लोहरदगा।** पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान जिला लोहरदगा के तत्वावधान में स्थानीय सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में जिला कार्यकारिणी की विशेष बैठक जिला प्रभारी एवं मुख्य योग प्रशिक्षक प्रवीण कुमार भारती की अध्यक्षता में कई गयी, जिसमें योग एवं संगठन से जुड़ी विषयों पर चर्चा की गई। जिला प्रभारी प्रवीण कुमार भारती ने कहा कि योग आयुर्वेद, भारत की संस्कृति के मूल तत्व हैं और आज के परिपेक्ष्य में अत्यंत आवश्यक है। निःशुल्क योग शिविर हरेक प्रखंड में आयोजित करने एवं समिति के पदाधिकारियों राष्ट्रनिष्ठ, सँगठननिष्ठ, गुरुनिष्ठ होकर पुरुषार्थ करने पर बल दिया। 5 जनवरी को संगठन के स्थापना दिवस आयोजित करने एवं युवाओं को संगठन से जोड़ने पर चर्चा की गई। जिला प्रभारी अभय भारती ने सभी योगप्रशिक्षकों को योगकक्षा चलाने एवं शिविर लगाने का निर्देश दिया। बैठक में शिवशंकर सिंह, दिनेश प्रजापति, महेद्र कुमार, प्रदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस ने किया युवक का शव बरामद

### 25 दिसंबर की शाम हत्या कर शव छिपाने की नीयत से आम्बा घाघ में फेंक दिया था हत्यारों ने

**नवीन मेल संवाददाता। सिसई**
थाना क्षेत्र के नागफेनी आम्बा घाघ से पुलिस ने शनिवार को महाराष्ट्र के करीब 36 वर्षीय किरण मनोहर मोहुली का शव बरामद किया है। मृतक के बांया हांथ में साई भगवान का चित्र व दाहिने हांथ में उसका नाम खुदा हुआ है, जिससे उसकी पहचान हो पाई। मृतक की 25 दिसम्बर की शाम हत्या कर शव छिपाने की नीयत से आम्बा घाघ में फेंका गया था। हत्या के आरोपी नागफेनी गांव निवासी रोहित साहू की निशानदेही पर शनिवार को पुलिस ने शव बरामद करने में सफलता पाई।

एसडीपीओ मनीष लाल ने बताया कि मृतक के परिजनों ने सिसई पुलिस से सम्पर्क कर बताया कि किरण मनोहर मोहुली 23 दिसम्बर को सिसई के राजेश के पास जाने की बात कहकर घर से निकला था। 25 दिसम्बर से उसका मोबाइल बंद होने के कारण पिछले छह दिनों से उससे सम्पर्क नहीं हो पाने की बात कहते हुए कुछ अनहोनी की आशंका जाहिर की थी। मामले का सनहा दर्ज कर तकनीकी अनुसंधान में उसका मोबाइल का अतिंम लोकेशन नागफेनी के आम्बा घाघ बता रहा था। तकनीकी अनुसंधान में नागफेनी के रोहित साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने नागफेनी घाघरा निवासी राजेश उरांव व थाना घाघरा निवासी पंचू मुण्डा के साथ किरण मनोहर मोहुली की हत्या कर 25 दिसंबर की शाम को आम्बा घाघ में फेंकने की बात स्वीकार की। मजदूरी के बकाया पैसे को लेकर मृतक की हत्या तीन युवकों ने की है। रोहित की निशानदेही पर शव बरामद कर लिया गया है। बाकी के आरोपी जल्द पकड़े जाएंगे। मजिस्ट्रेट बीडीओ रमेश कुमार यादव के समक्ष शव का पोस्टमार्टम कर शव को थाना में रखा गया है। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

आरोपी रोहित साहू ने बताया कि राजेश उरांव सितम्बर में 20 युवकों को मजदूरी करने गुजरात के हेवान्स कम्पनी में ले गया था। वहां सभी तीन महीने काम किए थे पर मृतक सभी को दो महीने का मजदूरी देकर घर भेज दिया। बकाया पैसे को लेकर मजदूर अक्सर राजेश पर दबाव बनाते थे। राजेश और मजदूर भेजने की बात कहकर किरण मनोहर को ठग कर 25 दिसम्बर को गुमला बुलाया। राजेश के साथ, रोहित व पंचू भी गुमला गए और वहां तीनों ने मिलकर मृतक को शराब पिलाया। फिर शाम को राजेश उसे अपने घर ले जाने की बात कहकर आम्बा घाघ ले गया।

आम्बा घाघ के पास पहुंचकर बकाया पैसे को लेकर मृतक को तीनों लोगों ने जमकर पीटा। मृतक जब अधमरा हो गया तो उसे उसी हालत में तीनों उठाकर दह में फेंक दिया। साथ ही मृतक के मोबाइल और बैग को भी दह में फेंक दिया। आरोपी रोहित साहू 2017 में हत्या और लूटपाट के आरोप में जेल जा चुका है। मौके पर इंस्पेक्टर एसएन मण्डल, थानेदार मिनकेतन कुमार, एसआई दिवाकर मिश्रा सहित पुलिस के जवान व भारी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

## 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात प्रेरणादायी'



**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के तहत रविवार को ग्राम भैसमुदो में कार्यक्रम आयोजित किया गया। लोहरदगा बिशनपुर विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 82 पर सुनते भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री बालकृष्ण सिंह, वासुदेव उरांव ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री का देशवासियों के लिए संदेश बहुत ही लाभदायक है। खासकर हम झारखंड वासियों के लिए तो और भी प्रेरणादायक है, क्योंकि झारखंड के गुमला जिला सिसई प्रखंड की मंगलो गांव में चल रहे विद्यालय की चर्चा की। इसमें उन्होंने क्षत्रिय कुरुख भाषा की प्रशंसा की जो हमारे झारखंड वासियों के लिए अति प्रेरणादाई है। कार्यक्रम में बालकृष्ण सिंह, वासुदेव उरांव, कांति देवी, गीता देवी, विवेक सिंह, अभिषेक सिंह, सोनू महतो, संध्या कुमारी, सोनी कुमारी, करमचंद महतो, फगुआ महतो, मनोज महतो, रूपेश सिंह, रोहित महतो आदि उपस्थित हुए।

## अयोध्या से आए पूजित अक्षत-कलश का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
बरवा टोली स्थित मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर से रविवार को अयोध्या से आए अक्षत कलश वितरण कार्यक्रम के नियमित विश्व हिंदू परिषद के प्रांत प्रवर्तन प्रमुख अनिल कुमार गुप्ता और चंदन गोयल हाथों से कलश वितरण कार्यक्रम किया गया। इसमें बी आई डी बस्ती और गुदरी बाजार बस्ती के राम भक्त माताएं बहने गाजा बाजा के साथ मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर बरवा टोली में पहुंचकर कलश को लेकर अपने-अपने स्थान पर शोभायात्रा के माध्यम से गए।

इसकी अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के विशेष संपर्क प्रमुख चंदन गोयल ने की और उन्होंने कहा कि 1 जनवरी 2024 से 15 जनवरी 2024 तक हर एक राम भक्त के घर में जाकर अक्षत और निमंत्रण कार्ड देना है और उसे यह कहना है की अयोध्या में बने राम मंदिर का निमंत्रण कार्ड है आप लोग अयोध्या जरूर जाएं। बजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार साहू ने कहा कि 22 जनवरी का शुभ मुहूर्त 84 सेकंड का मात्र होगा, जो 12 बजकर 29 मिनट 8 सेकंड से 12 बजकर 30 मिनट 32 सेकंड तक होगा और हर एक मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम करना है। अपने घर को रंगोली बनाकर दीप जलाकर कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाना है। विश्व हिंदू परिषद के उपाध्यक्ष अशोक कासकर ने कहा कि 500 वर्षों की कड़ी तपस्या के बाद आज हमें यह दिन देखने को मिला की अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ। बीआइडी बस्ती के अध्यक्ष अशोक साहू ने कहा जिस तरह से जिले में और प्रखंडों और पंचायत में कलश वितरण किया गया है सभी कार्यकर्ता 1 जनवरी 2024 से 15 जनवरी 2024 तक सभी को अपने-अपने छात्रों में अक्षत वितरण का कार्यक्रम करें और 22 तारीख को अपने-अपने क्षेत्र के मंदिर मठ को सजाकर भव्य रूप से महा आरती का कार्यक्रम करें।

## गुमला में जंगली बाघ ने बैल को मार डाला!

**गुमला।** जिला अंतर्गत घाघरा थाना स्थित रूकी घाट के छपन डाहू कोना जंगल में जंगली बाघ ने एक बैल को मार डाला। मालिक जकरिया पन्ना ने शनिवार देर संध्या घाघरा थाने में लिखित आवेदन देकर सनहा दर्ज कराया। आवेदन में बैल मलिक ने बताया कि गुरुवार को 11:00 बजे दिन में अगस्तुस पन्ना उक्त मवेशी को लेकर रूकी घाट के छपन डाहू कोना पहाड़ में चराने गया हुआ था। इसी क्रम में जंगली बाघ ने उसके एक बैल को मार डाला। इसकी सूचना संबंधित आदर ग्राम वन क्षेत्र के वन पदाधिकारियों को दी गई, जिन्होंने उक्त घटनास्थल का निरीक्षण कर यह पुष्टि की कि उक्त बैल को बाघ ने ही मारा है और उक्त मृत बैल के एवज में उन्हें मुआवजा दिया जाएगा।

**कार्यक्रम** भंडरा हाई स्कूल मैदान में आदिवासी सरना धर्म पड़हा महासम्मेलन का भव्य आयोजन

# सरना धर्म सम्मेलन में आदिवासियों के अधिकारों पर रहा जोर





**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
केंद्रीय राजी पड़हा आदिवासी सुरक्षा दल भंडरा के तत्वावधान में रविवार को भंडरा लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान में आदिवासी सरना धर्म पड़हा महासम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोहरदगा, रांची, गुमला, लातेहार आदि जिलों के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इससे पूर्व राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के पहान, पुजार महतो ने सरना झंडा का पूजा-अर्चना की गई। सरना समाज के सदस्यों द्वारा धर्मगुरु का साथ दिया गया। कार्यक्रम में वक्ताओ द्वारा आदिवासियों के अधिकारों पर बल दिया गया। आदिवासी समाज को जागरुक होने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि विशुनपुर विधायक चमरा लिंडा ने कहा कि आदिवासी समाज को आगे बढ़ने के लिए शिक्षा को सबसे अधिक महत्व देने की जरूरत है। कुरीतियों से हमें दूर रहना होगा। अपने अधिकारों को जानने की जरूरत है। जागरूक होकर हमें हमारा अधिकार लेना होगा। आज भी हम अपने अधिकारों को लेकर न तो जागरूक हैं, ना ही सजग। सरना प्रार्थना सभा के माध्यम से आदिवासी समाज को जागृत करने और उन्हें उनके अधिकारों को लेकर सशक्त बनाने का बेहतर प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वज धर्म, संस्कृति को बचाने के लिए जंगल पहाड़ में रह रहे थे। तमाम विपरीत परिस्थितियों का सामना किया, परंतु कभी भी समझौता नहीं किया। विशिष्ट अतिथि जिप अध्यक्ष रीना कुमारी ने सरना धर्म की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए हमें आगे बढ़ने की जरूरत है। सरना समाज को अपने अधिकारों को लेकर जागरूक और सशक्त होना होगा। जिप सदस्य राजमनी उरांव ने कहा कि हम सभी को संविधान में प्रदत्त अधिकारों को लेकर जागृत होने की जरूरत है। कैरो जिप सदस्य सुखदेव उरांव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरना धर्म के मर्म एवं विभिन्न कानूनों को लेकर युवाओं को जागरूक होने की आवश्यकता है। अभी भी हम अपने अधिकारों से वंचित हैं। कार्यक्रम में रांची लोहरदगा गुमला लातेहार जिले के 56 गांवो से आये खोड़हा समूहों द्वारा एक से बढ़ कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इसके अलावा अतिथियों को सम्मानित करने का काम भी किया गया। इस मौके पर कैरो जिला परिषद सुखदेव उरांव, कार्तिक उरांव, फूलदेव उरांव, शामिल उरांव, बिरसा उरांव, जोखन उरांव, बोगे पहान, बिरसु उरांव, रोपना उरांव, गंदूर पहान, फेकू उरांव, एतवा उरांव, पंकज उरांव, रामलाल उरांव, सुशीला उरांव आदि मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना की रोकथाम के लिए वाहनों की हुई जांच



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
थाना के समीप जोगना मोड़ पर सड़क दुर्घटना में हो रही वृद्धि व अपराध को रोकने के उद्देश्य से सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां के निर्देश पर पुअनि पंकज यादव के नेतृत्व में शस्त्र बल के सहयोग से वाहन जांच अभियान चलाया गया। वहीं वाहन जांच के दौरान दो पहिया, चार पहिया वाहन सहित सभी वाहनों की जांच की गई। इस दौरान मोटरसाइकिल चालकों को रोक कर हेलमेट कर वाहन चलाने निर्देश देते हुए वाहन संबंधित कागजातों की जांच की गई। साथ ही बिना हेलमेट पहने वाहन चला रहे बाइक चालकों को कड़ी फटकार लगाई गई। हेलमेट पहन कर मोटरसाइकिल चलाने के लिए जागरूक करते हुए कहा गया। अपने और अपना परिवार के की सुरक्षा के लिये हेलमेट पहन कर वाहन चलायें और सुरक्षित रहें। वहीं चार पहिया वाहन के लोगों को वाहन का कागज साथ में लेकर चलने के लिये चेतावनी दी गई। एस आई पंकज यादव ने जानकारी दएते हुए कहा कि पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां के निर्देश पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही कहा की आये दिन दुर्घटना होने के कारण वरीय पदाधिकारियों द्वारा लगातार वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। मौके पर एसआई पंकज यादव मौजूद थे।

# केपटाउन में पलटवार को तैयार रोहित शर्मा की सेना

## टीम इंडिया ने प्रैक्टिस सेशन में जमकर बहाया पसीना

### बेहतरीन लय में दिखाई दिए कप्तान रोहित शर्मा

### रविंद्र जडेजा और शार्दुल ठाकुर पूरी तरह से फिट



**नई दिल्ली।** सेंचुरियन में मिली शर्मनाक हार का हिसाब चुकता करने के लिए भारतीय टीम पूरी तरह से तैयार है। केपटाउन में टीम इंडिया का पलटवार होगा और असरदार भी होगा। दूसरे टेस्ट के आगाज से पहले सभी खिलाड़ियों ने प्रैक्टिस सेशन में जमकर पसीना बहाया। कप्तान रोहित और यशस्वी जायसवाल बेहतरीन लय में दिखाई दिए, तो गेंदबाजी में मुकेश कुमार, प्रसिद्ध कृष्णा की बॉलिंग में जबरदस्त रफ्तार नजर आई।

### हिसाब चुकता करने की है पूरी तैयारी

दरअसल, बीसीसीआई ने अपने एक्स अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें भारतीय खिलाड़ी नेट्स सेशन में खूब पसीना बहाते हुए दिख रहे हैं। वीडियो की शुरूआत में रोहित शर्मा बैटिंग और प्रसिद्ध कृष्णा गेंदबाजी में अपना दमखम दिखाते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं, यशस्वी जायसवाल और मुकेश कुमार भी नेट्स में अच्छी लय में दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में रविंद्र जडेजा और शार्दुल ठाकुर भी पूरी तरह से फिट दिख रहे हैं और जमकर प्रैक्टिस कर रहे हैं। जड्डू गेंदबाजी के साथ-साथ बल्लेबाज और फील्डिंग में भी हाथ आजमाते हुए नजर आ

# 'मन की बात' में की गयी भारतीय खिलाड़ियों की तारीफ

### कहा -पूरे देश का जीता दिल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात में वनडे वर्ल्ड कप 2023 की उपविजेता भारतीय टीम की तारीफ की। उन्होंने कहा कि टीम ने अपने प्रदर्शन से सभी का दिल जीता है। अहमदाबाद में खेले गए वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर छठी बार खिताब जीता था।साल 2023 के अपने मन की बात कार्यक्रम के आखिरी एपिसोड में देश को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, क्रिकेट वर्ल्ड कप में भारतीय खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से सबका दिल जीता। अंडर-19 में हमारी महिला क्रिकेट टीम की जीत बहुत प्रेरणादायक है। कई अन्य खेलों में खिलाड़ियों की उपलब्धियों ने देश का गौरव बढ़ाया है।



### कोहली और शमी ने मचाया था गदर

गौरलतब हो कि भारत की मेजबानी में आईसीसी ने वनडे वर्ल्ड कप का आयोजन किया था। भारत ने टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन करते हुए लगातार 10 मुकाबले जीते। विराट कोहली ने जहां सबसे ज्यादा रन बनाए तो वहीं मोहम्मद शमी ने पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लिए।

## रणजी ट्राफी में एक बार फिर पुराने क्रिकेटरों पर जताया गया भरोसा

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ इस बार की रणजी टीम में एक बार फिर से पुराने खिलाड़ियों पर ही भरोसा जताया गया है। पिछले साल बीच सत्र के दौरान ही टीम से हटाए गए क्रिकेटरों की टीम में पुनः वापसी एक बार फिर से कुछ और इशारे बयां कर रही है। प्रदर्शन के आधार पर देखा जाए तो जिन तीन खिलाड़ियों की वापसी टीम में हुई है, वह पिछले साल कुछ खास ना कर सके थे। इसके बावजूद भी सैलेक्टर्स ने उन पर न जाने किस आशा पर भरोसा जताया है।गौरतलब है कि रणजी ट्राफी टीम के इन तीन सदस्यों को और खिलाड़ियों को बीते साल प्रदर्शन न कर पाने के लिए टीम से बाहर बैठा दिया गया था और उनके स्थान पर नए नवेले खिलाड़ियों को टीम में जगह दे दी गयी थी। ऐसा उन खिलाड़ियों का पूरे सत्र में अनफिट होने का कारण भी दशार्या गया था। क्योंकि अगर टीम चुनने के लिए फिटनेस ही आधार बनाया गया होता तो भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके पूर्व तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को भी स्थान आसानी से मिल सकता था।

## भारतीय टीम का रिकॉर्ड केपटाउन में बेहद रहा शर्मनाक



**नई दिल्ली।** सेंचुरियन में मिली शर्मनाक हार के बाद टीम इंडिया केपटाउन में साउथ अफ्रीका से हिसाब चुकता करने को बेकरार है। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम दूसरे टेस्ट को जीतकर सीरीज का अंत बराबरी पर करना चाहेगी। हालांकि, यह काम इतना आसान नजर नहीं आता है। केपटाउन में पिछले 30 साल में भारतीय टीम एक भी टेस्ट मैच नहीं जीत सकी है। साउथ अफ्रीका की धरती पर 31 साल बाद टेस्ट सीरीज जीतने का सपना तो चकनाचूर हो चुका है। हालांकि, कप्तान रोहित शर्मा और भारतीय टीम 2010 के बाद मेजबान देश में टेस्ट सीरीज ड्रॉ करने का सपना जरूर देख रही है। टीम इंडिया के लिए केपटाउन में यह सपना सच करना इतना आसान नहीं होगा।इस ग्राउंड पर भारतीय टीम ने अब तक कुल 6 टेस्ट मैच खेले हैं। छह में चार में टीम को हार का मुंह देखना पड़ा है, तो दो मैच भारतीय टीम किसी तरह से ड्रॉ कराने में सफल रही है। पिछले 30 साल से इस मैदान पर टीम इंडिया को अपनी पहली जीत का इंतजार है। भारतीय टीम को अगर केपटाउन में जीत दर्ज करनी है, तो टीम के बल्लेबाजों को जिम्मेदारी के साथ खेलना होगा। सेंचुरियन टेस्ट के दोनों ही पारियों में इंडियन बैटर्स ने बुरी तरह से निराश किया था। केएल राहुल और विराट कोहली को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज टिककर मेजबान टीम के गेंदबाजों का सामना नहीं कर सका था। खुद कप्तान रोहित शर्मा भी बल्ले से दोनों इनिंग में फ्लॉप रहे थे। भारतीय टीम को साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेले गए पहले टेस्ट मैच में एक पारी और 32 रन से हार का सामना करना पड़ा था। पहली पारी में भारत की पूरी टीम महज 245 रन बनाकर ढेर हो गई थी। वहीं, दूसरी इनिंग में इंडियन बैटर्स का हाल और भी बेहाल रहा था और पूरी टीम सिर्फ 131 रन पर ऑलआउट हुई थी।

## दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए 14 सदस्यीय टीम का किया ऐलान

### 27 साल के ऑलराउंडर करेंगे कप्तानी डेब्यू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जनवरी में दक्षिण अफ्रीका की क्रिकेट टीम कीवी टीम के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए न्यूजीलैंड के दौरे पर रहेगी। इस दौरान दक्षिण अफ्रीका टी20 लीग भी खेले जाएगी। ऐसे में सभी प्रमुख खिलाड़ी न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से बाहर रहेंगे। हाल ही में वेस्टइंडीज ए के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका ए टीम के कप्तान नील ब्रांड के नेतृत्व में सात खिलाड़ी न्यूजीलैंड के दौरे पर अपना डेब्यू करेंगे। कीवी दौरे के लिए टीम में सिर्फ 3 होंगे, जो इन दिनों भारत के खिलाफ घरेलू जमीन पर दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए टीम में मौजूद हैं।

### खेलो इंडिया यूथ गेम्स में

# मो. साबिर एवं अब्दुल कादिर बने तकनीकी अधिकारी

**एजेंसी**

**प्रयागराज।** चेन्नई तमिलनाडु में 20 से 24 जनवरी तक आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शोध छात्र मोहम्मद साबिर और केंद्रीय विद्यालय न्यू कैंट के शारीरिक शिक्षक अब्दुल कादिर को खेलो इंडिया यूथ गेम्स में राष्ट्रीय तकनीकी अधिकारी के रूप में चुना गया है।



यह जानकारी मोहम्मद साबिर ने देते हुए बताया है कि शारीरिक शिक्षा विभाग में प्रोफेसर अर्चना चहल के निर्देशन में वे पीएचडी कर रहे हैं। उन्हें स्क्वैश रैकेट फेडरेशन और खेलो इंडिया द्वारा चुना गया है। चेन्नई स्थित राष्ट्रीय स्क्वैश अकादमी में अयोजित इस टूनार्मेंट में 19 राज्य के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। मोहम्मद साबिर ने बताया कि उनके भाई उन्हें 2012 में 19 साल की उम्र में रेफरी के रूप में पहले टूर्नामेंट का ऑफर किया था। 2012 से अब तक वह 50 से अधिक राष्ट्रीय स्तर टूर्नामेंट और दक्षिण एशियाई खेल विश्व जूनियर स्क्वैश टूनार्मेंट में रेफरी की भूमिका निभा चुके हैं। 2020 में उन्हें निदेशक रेफरी उत्तर क्षेत्र के रूप में चुना गया था। वहीं, अब्दुल कादिर प्रयागराज के पूर्व कोच भी रह चुके हैं और वर्ष 2011 से रेफरी कर रहे हैं। अब्दुल कादिर एशियन स्क्वैश फेडरेशन और वर्ल्ड स्क्वैश फेडरेशन द्वारा लेवल वन कोच हैं।

## दूसरे टेस्ट मैच में जडेजा की वापसी लग रही पक्की

### राहुल द्रविड़ ने जायसवाल और कृष्णा को दिए गुरुमंत्र

**नई दिल्ली।** सेंचुरियन में पहले मैच में पारी और 32 रन से मिली हार के बाद भारत का दक्षिण अफ्रीका में पहली बार टेस्ट सीरीज जीतने का सपना चकनाचूर हो गया। हालांकि, वे अभी भी इतिहास रचने की कगार पर खड़े हैं। भारतीय टीम साउथ अफ्रीका में केवल एक ही टेस्ट मैच ड्रा कराने में सफल रहा है। भारत और अफ्रीका के बीच आखिरी टेस्ट मैच 3 जनवरी को खेला जाएगा। भारतीय टीम केपटाउन में दूसरे और अंतिम टेस्ट की तैयारी में जुटी है। भारतीय टीम केपटाउन में है और सीरीज की तैयारी के लिए नेट्स पर पसीना बहा रही है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने रविवार को टीम के नेट सत्र का एक वीडियो जारी किया और इसमें कई महत्वपूर्ण बातें सामने आईं। हरफनमौला खिलाड़ी रवींद्र जडेजा की वापसी पक्की लग रही है, उन्हें अन्य खिलाड़ियों के साथ प्रैक्टिस करते हुए देखा गया। वहीं, मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा के साथ भी लंबी बात की। कृष्णा ने पहले मैच में टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया।

# सुषमा वर्मा वनडे में होंगी हिमाचल महिला क्रिकेट टीम की कप्तान

**एजेंसी**

**धर्मशाला।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) महिला (वनडे) राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम की कप्तान पूर्व भारतीय खिलाड़ी सुषमा वर्मा को बनाया है। चयनित टीम रांची में चार से 14 जनवरी तक विभिन्न टीमों के साथ मुकाबले खेलेगी। एचपीसीए सचिव अवनीश परमार ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों में कप्तान सुषमा वर्मा के अलावा हरलीन कौर, नीना चौधरी, शिवानी सिंह, मोनिका देवी, सुष्मिता कुमारी, निकिता चौहान, अनीशा अंसारी, यमुना राणा, प्रीति काहलों, ललिता दत्ता, सोनल ठाकुर, शालिनी कौंडल, प्राची चौहान और ज्योति ठाकुर शामिल हैं। वहीं स्पोर्टिंग स्टाफ में कोच पवन सेन, सहायक कोच शिवानी शर्मा, ट्रेनर वीना देवी, फिजियो मनीषा और मैनेजर शिव कपूर होंगे।



अवनीश ने कहा कि महिला टीम पहली जनवरी को दिल्ली से रांची के लिए रवाना होगी। रांची में टीम चार जनवरी को नगालैंड, छह को सिक्किम, आठ को केरल, 10 को आंध्र, 12 को बड़ौदा और 14 जनवरी को डीडीसीए के साथ वनडे मैच खेलेगी।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स में मो. साबिर एवं अब्दुल कादिर बने तकनीकी अधिकारी




**प्रयागराज ।** चेन्नई तमिलनाडु में 20 से 24 जनवरी तक आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शोध छात्र मोहम्मद साबिर और केंद्रीय विद्यालय न्यू कैंट के शारीरिक शिक्षक अब्दुल कादिर को खेलो इंडिया यूथ गेम्स में राष्ट्रीय तकनीकी अधिकारी के रूप में चुना गया है। यह जानकारी मोहम्मद साबिर ने देते हुए बताया है कि शारीरिक शिक्षा विभाग में प्रोफेसर अर्चना चहल के निर्देशन में वे पीएचडी कर रहे हैं। उन्हें स्क्वैश रैकेट फेडरेशन और खेलो इंडिया द्वारा चुना गया है। चेन्नई स्थित राष्ट्रीय स्क्वैश अकादमी में अयोजित इस टूनार्मेंट में 19 राज्य के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। मोहम्मद साबिर ने बताया कि उनके भाई उन्हें 2012 में 19 साल की उम्र में रेफरी के रूप में पहले टूनार्मेंट का ऑफर किया था। 2012 से अब तक वह 50 से अधिक राष्ट्रीय स्तर टूनार्मेंट और दक्षिण एशियाई खेल विश्व जूनियर स्क्वैश टूनार्मेंट में रेफरी की भूमिका निभा चुके हैं। 2020 में उन्हें निदेशक रेफरी उत्तर क्षेत्र के रूप में चुना गया था। वहीं, अब्दुल कादिर प्रयागराज के पूर्व कोच भी रह चुके हैं और वर्ष 2011 से रेफरी कर रहे हैं। अब्दुल कादिर एशियन स्क्वैश फेडरेशन और वर्ल्ड स्क्वैश फेडरेशन द्वारा लेवल वन कोच हैं।

## झारखंड ने जम्मू-कश्मीर को 19-0 गोल से रौंदकर जीत का परचम लहराया




**बेड़ो :** ग्वालियर के कम्पु में 67 वीं राष्ट्रीय स्कूली हॉकी बालक वर्ग प्रतियोगिता में झारखंड के बालकों ने लीग मुकाबले में महाराष्ट्र को 9-0 से रौंदकर विजयी अभियान का शुभारंभ किया। वहीं बालिका वर्ग में झारखंड ने जम्मू कश्मीर को 19-0 गोल से रौंदकर जीत का परचम लहराया। बालक वर्ग में चार अलग-अलग क्वार्टर में खेले गए प्रतियोगिता के दौरान पहले क्वार्टर के प्रेमचंद ने 8:52 एवं 9:38 बजे ने लगातार दो गोल दागकर झारखंड को शुरूआती बढ़त दिलायी। झारखंड के तेज तर्रार खिलाड़ी अमित कोंगाडी. ने तीन गोल दागकर अपनी टीम को जीत दिलायी। झारखंड की ओर से सुखु गुड़िया, रेमिश भेंगरा, आशीष जॉन पूर्ति, राहुल प्रधान ने एक एक गोल दागा। महाराष्ट्र की ओर से कोई भी खिलाड़ी गल नहीं कर पाया। झारखंड ने अंडर 14 बालक वर्ग में महाराष्ट्र की टीम को 9 गोलों से पराजित कर अपनी टीम को पहले मैच में बुरी तरह पराजित किया। वहीं दूसरी ओर बालिका अंडर 14 वर्ग में झारखंड की लड़कियों ने जम्मू-कश्मीर की टीम को 19 - 0 गोलों से रौंदकर बुरी तरह पराजित किया। झारखंड की ओर से पुष्पा मांझी ने सात, संदीपा कुमारी सात, सीमा तिर्की तीन शिवानी केरकेट्टा एक, नीलम टोप्पो एक गोल दागकर झारखंड को शानदार जीत दिलायी। शुरूआती क्षणों में पुष्पा मांझी ने गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलायी। पुष्पा मांझी और संदीपा कुमारी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पूरे समय में सात-सात गोल दागकर जम्मू कश्मीर की टीम को बुरी तरह पराजित किया।

## व्यापार

# नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद बने 16वें वित्त आयोग के चेयरमैन

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

केंद्र सरकार ने नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में सोलहवें वित्त आयोग का गठन किया है। वहीं, ऋत्विक रंजनम पांडे को आयोग का सचिव बनाया गया है। वित्त मंत्रालय के अनुसार राष्ट्रपति की मंजूरी से संविधान के अनुच्छेद 280(1) के तहत सोलहवें वित्त आयोग का गठन किया गया है। सोलहवें वित्त आयोग के सदस्यों की जानकारी अलग से दी जाएगी। मंत्रालय के अनुसार वित्त आयोग केंद्र और राज्यों के बीच कर आय का वितरण, भारत की संचित निधि से राज्यों के राजस्व के सहायता अनुदान और राज्यों को उनके राजस्व के सहायता अनुदान के जरिए भुगतान की जाने वाली राशि को नियंत्रित करने वाले सिद्धांत को लेकर सिफारिशें देगा। इसके साथ ही



राज्य में पंचायतों व नगर पालिकाओं के संसाधनों की पूर्ति के लिए राज्य की समेकित निधि को बढ़ाने के लिए आवश्यक उपाय से संबंधित सिफारिशें भी करेगा। इसके अलावा सोलहवां वित्त आयोग आपदा प्रबंधन पहल के वित्तपोषण पर वर्तमान व्यवस्था की समीक्षा कर सकता है। सोलहवें वित्त आयोग से अनुरोध किया गया है कि वह 01 अप्रैल 2026 से शुरू होने वाली पांच साल की अवधि को कवर करते हुए अपनी रिपोर्ट 31 अक्टूबर 2025 तक उपलब्ध कराए। उल्लेखनीय है कि पनगढ़िया को 2015 में योजना आयोग के स्थान पर बने नीति आयोग का उपाध्यक्ष बनाया गया था। प्रधानमंत्री इसके पदेन अध्यक्ष होते हैं। पनगढ़िया ने 2017 में यह पद छोड़ दिया था और कहा था कि वे अपने शैक्षणिक कार्यों में लौट रहे हैं। हाल ही में उन्होंने कहा था कि भारत 2026 तक पांच ट्रिलियन डॉलर के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। पनगढ़िया एशियाई विकास बैंक के पूर्व मुख्य अर्थशास्त्री हैं। उन्होंने विश्व व्यापार संगठन, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक के साथ भी काम किया है। वह कोलंबिया विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर भी रहे हैं।

# नये वर्ष में नया इलेक्ट्रिक स्कूटर नए स्टाइल और मैकेनिज्म के साथ आएगा

**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार में बजाज ऑटो जल्द ही अपने अपडेटेड चेतक इलेक्ट्रिक स्कूटर को नए साल पर पेश करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। यह नया इलेक्ट्रिक स्कूटर नए स्टाइल और मैकेनिज्म के साथ आ सकता है। चलिए आपको इसके बारे में और भी डिटेल से बताते हैं।



2024 बजाज चेतक लीक हुई डिटेल्स के मुताबिक 2024 में बजाज चेतक अर्बन और प्रीमियम वेरिएंट के बीच एक दमदार अपडेट के साथ आएगी। इस इलेक्ट्रिक स्कूटर को एक बार चार्ज करने पर 127 किमी तक की रेंज मिल सकती है। इसके साथ ही इसमें एक बड़ा 3.2 के डब्लूएच का बैटरी पैक मिलता है। इसकी बैटरी चार्ज होने में 4 घंटे 30 मिनट का समय लगाती है।

2024 बजाज चेतक फीचर्स

2024 बजाज चेतक का नया मॉडल 73 किमी. प्रति घंटे की हाई स्पीड दे सकता है। इसमें, अपडेटेड नई टीएफटी स्क्रीन होगी, जो वर्तमान में मॉडल पर देखी जाने वाली गोल एल सी डी यूनिट की जगह लेगी। इसके साथ ही इसमें टर्न-बाय-टर्न नेविगेशन, टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम रिमोट लॉक/ अनलॉक, ब्लूटूथ कनेक्टिविटी फीचर्स देखने को मिल सकते हैं। इसके साथ ही इसमें 21 लीटर का बूट स्पेस मिलता है।

# बिजली विभाग का बड़ा फैसला, आज पूरी रात खुले रहेंगे काउंटर

**एजेंसी।**

वाराणसी। एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) के अंतिम दिन रविवार को बिजली विभाग के सभी कलेक्शन काउंटर पूरी रात खुले रहेंगे। इसके लिए एमडी शंभु कुमार ने सभी चीफ इंजीनियर से लेकर अधीक्षण व अधिशासी अभियंताओं को निर्देश जारी किए हैं। चीफ इंजीनियर आनंद प्रकाश शुक्ला ने इसके मद्देनजर शनिवार को नगर निगम, काशी विद्यापीठ उपकेंद्रों के अलावा शहरी सर्किल को चेक किया। अधीक्षण अभियंता अनूप सक्सेना और अनिल वर्मा को रात में अधिशासी अभियंताओं व एसडीओ को तैनात रहने का निर्देश दिया। कहा कि रात में लोगों को परेशानी न हो इसके लिए अलाव का प्रबंध करने को कहा।



# टीसीएस व इंफोसिसस को हुआ घाटा

**नयी दिल्ली,एजेंसी।**

बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में लिवाली का दौर रहा. बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 28 दिसंबर को 72,484.34 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया. कम कारोबारी सत्र होने के बावजूद एक सप्ताह में सेंसेक्स 1,133.3 अंक यानी 1.59 प्रतिशत लाभ में रहा. बाजार में आयी तेजी के कारण सेंसेक्स की टॉप 10 में से आठ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) सामूहिक रूप से 1,29,899.22 करोड़ बढ़ गया. बीते सप्ताह रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल, आईटीसी, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) फायदे में रही. वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इंफोसिस घाटे में रही।




टीसीएस और इंफोसिस घाटे में रहीइसी तरह एसबीआई का बाजार पूंजीकरण 4,730.04 करोड़ बढ़कर 5,72,915.46 करोड़ पहुंच गया. आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 1,869.94 करोड़ उछलकर 6,98,965.47 करोड़ हो गया. इस रुख के उलट टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 11,105.22 करोड़ घटकर 13,88,591.70 करोड़ रह गया। वहीं इंफोसिस की बाजार हैसियत 7,946.24 करोड़ की गिरावट के साथ 6,40,351.80 करोड़ पर आ गयी। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही. उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल, आईटीसी, एसबीआई और एलआईसी का स्थान रहा।

# 22 जनवरी को राम राज्य दिवस व राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने का आग्रह

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक ज्ञापन भेज कर 22 जनवरी को अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर के अभिषेक और उद्घाटन को सदैव जीवंत रखने के लिए इस दिन को राम राज्य दिवस घोषित करने का आग्रह किया है। कारोबार संगठन कैट ने प्रधानमंत्री से प्रत्येक वर्ष 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भेजे ज्ञापन में कहा कि श्रीराम निस्संदेह भारत के सबसे महान राजा हैं, जिनके शासन में भारत के लोग न केवल समृद्ध और स्वस्थ हुए, बल्कि धर्म और भाईचारे में गहरी आस्था भी स्थापित हुई। वह काल भारत के स्वर्णिम सनातन इतिहास के महानतम कालों में से एक माना जाता है। इसलिए उस दिन को राम राज्य की स्थापना का दिन मानते हुए इस दिन को राम राज्य दिवस घोषित किया जाना देशवासियों की आकांक्षाओं का सम्मान होगा। खंडेलवाल ने कहा कि यह बेहद महत्वूर्ण दिन श्रीराम के आदर्शों, नीतियों एवं मयार्दाओं को आत्मसात करने एवं अपनाने के लिए तथा भारत में राम राज्य सरीखे शासन एवं प्रशासन की स्थापना के लिए सदैव देशवासियों को प्रेरित करेगा। इस लिहाज से इस दिन के महत्व को देखते हुए 22 जनवरी को राम राज्य दिवस घोषित किया जाए। कैट महामंत्री ने कहा कि अन्य महत्वपूर्ण दिनों पर सार्वजनिक अवकाश की परंपरा को जारी रखते हुए इस दिन को सार्वजनिक अवकाश दिवस भी घोषित किया जाए। कैट महामंत्री ने बताया कि श्रीराम मंदिर के उद्घाटन समारोह ने देशभर में लगभग 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक के नए व्यापार के अवसर भी उत्पन्न किए हैं, जो इस बात का प्रमाण है कि देशभर में श्रीराम मंदिर को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह और उमंग है।खंडेलवाल ने कहा कि भारत का संपूर्ण व्यापारिक समुदाय जो सनातन धर्म के लोकाचार और मूल्यों के प्रचार-प्रसार के मामले में हमेशा अग्रणी रहा है।

# नये साल में कोरोना?

***कोरोना*** के कहर को भूला नहीं जा सकता है। दुर्भाग्य फिर से कोरोना ने अपने पांव फैलाने शुरू कर दिये हैं। यह अपना रूप बदल कर इस बार आया है। जो जेएन-1 वेरियंट के रूप में दुनिया में तहलका मचा रहा है। इस बाबत सरकार ने सक्रियता दिखाते हुए सावधान रहने की चेतावनी दी है। लेकिन हॉस्पिटलों में जांच में तेजी नहीं आना यह दर्शाता है कि लापरवाही चरम पर है। कोई भी व्यक्ति मास्क या शारीरिक दूरी का पालन नहीं कर रहा है। राज्य के गढ़वा,लातेहार और पलामू में इसकी घोर उपेक्षा देखने को मिल रही है। सरकारी कार्यालयों के साथ-साथ अस्पतालों में लोग लापरवाह दिख रहे हैं। गढ़वा प्रवास के दौरान एक व्यक्ति ने कहा कि बड़े अधिकारी भी हाथ मिला रहे हैं। सामान्य दूरी का पालन नहीं किया जा रहा है। रेलवे स्टेशन,बस स्टैंड जैसी सार्वजनिक जगहों पर लोग अनजान हैं। हालांकि नये वेरियंट को दावे से दावा भी नहीं किया जा सकता है कि दवा का असर इसके उपर कैसा होगा? मानव शरीर की बनावट अगल-अलग होती है। किसी को ज्यादा असर होता है तो किसी को कम। यह शारीरिक बनावट और मौसम के अनुसर तय होता है। ऐसे में इस मामले में थोड़ी भी लापरवाही बड़ी दुर्घटना को दावत देना है। वैक्सीन का असर एक सीमा के अंतर्गत ही कारगर होती है। इस बात को समझने की जरूरत है। कोरोना के बहाने चिकित्सा के संसाधनों में वृद्धि हुई है। जिसे संभाल कर सक्रिय रखने की जरूरत है। लेकिन स्थितियां यह है कि वेंटिलेटर आदि उपक्रम रखरखाव के अभाव में जर्जर हो चुके हैं। कई जगहों पर कोरोना के किट खराब हो चुके हैं। महामारी रौद्र रूप दिखाये इससे पहले पुख्ता इंतजाम जरूरी है। सावधानी के रूप में अगर किसी व्यक्ति को सांस लेने में परेशानी हो रही हो, खांसी या बुखार हो तो उसे अविलंब इसकी जांच करा लेनी चाहिए। यह एक चुनौती फिर से आ खड़ी हो गयी है कि कैसे इससे निजात पाया जाये। हालांकि पुराने अनुभवों के आधार पर इसे कंट्रोल किया जा सकता है। लेकिन जागरूकता बहुत जरूरी है। यह संक्रमण किसी को भी हो सकता है। इससे बचाव के लिए लोगों को समय-समय पर जागरूक करना होगा। साथ ही इस आपदा से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग को दुरूस्त करना जरूरी है। एक बात नहीं भूलनी है कि यह एक वायरस है,यह कभी खत्म नहीं होता है। हां -इसकी गति कम हो जाती है। कोरोना संपूर्ण मानव जाति के लिए कलंक है। इससे निपटने के सारे इंतजामात फेल हो चुके हैं। यह अनुभव सबको है। बावजूद इसकी जमीनी तैयारी को लेकर अभी तक बड़े पैमाने पर काम का नहीं देखा जाना यह दर्शाता है कि इसे कम आंकने की कोशिशे हैं। बहरहाल नया साल 2024 की सोमवार से शुरूआत हो चुकी है। ऐसे में इस साल भी इस चुनौती को स्वीकार कर हराना हम सब की जवाबदेही है। आइये नये साल में यह संकल्प लें कि हालात जैसे भी हों,कोरोना को फिर से हराना है।

**राज्य के गढ़वा, लातेहार और पलामू में इसकी घोर उपेक्षा देखने को मिल रही है। सरकारी कार्यालयों के साथ-साथ अस्पतालों में लोग लापरवाह दिख रहे हैं। गढ़वा प्रवास के दौरान एक व्यक्ति ने कहा कि बड़े अधिकारी भी हाथ मिला रहे हैं। सामान्य दूरी का पालन नहीं किया जा रहा है। रेलवे स्टेशन,बस स्टैंड जैसी सार्वजनिक जगहों पर लोग अनजान हैं। हालांकि नये वेरियंट को दावे से दावा भी नहीं किया जा सकता है कि दवा का असर इसके उपर कैसा होगा? मानव शरीर की बनावट अगल-अलग होती है। किसी को ज्यादा असर होता है तो किसी को कम।**

इन दिनों

# भारत-आस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग व व्यापार समझौता


'पीयूष गोयल'



***साल*** भर पहले लागू होने वाला भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग एवं व्यापार समझौता (इंडऑस ईसीटीए) इस बात का जीता-जागता उदाहरण है कि कैसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार की प्रमुख पहलों को मद्देनजर रखते हुए सभी हितग्राहियों के साथ व्यापक परामर्श के बाद सूझ-बूझ के साथ योजना बनाई जाती है तथा आम आदमी समेत छोटे एवं मध्यम उद्योग के लाभ के लिए प्रभावी ढंग से उन्हें क्रियान्वित किया जाता है। इंडऑस ईसीटीए दो क्रिकेट-प्रेमी देशों के बीच पारस्परिक रूप से लाभप्रद समझौता है, जो हमारे अमृत काल में आत्मविश्वासी और आकांक्षी नये भारत के वैश्विक दृष्टिकोण को दर्शाता है। यह दो संसदीय लोकतंत्रों के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करता है, जो कानून के शासन का समर्थन करते हैं और समान कानूनी प्रणालियां रखते हैं। दोनों देश जापान और अमेरिका के साथ क्वाड का हिस्सा हैं। दोनों देश जापान के साथ त्रिपक्षीय आपूर्ति श्रृंखला अनुकूलन पहल (एससीआरआई) में शामिल हो गये हैं। दोनों देश 14-सदस्यीय इंडो पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क (आईपीईएफ) के भी सदस्य हैं। मुक्त व्यापार संधि (एफटीए) एक दशक से अधिक समय में किसी विकसित देश के साथ भारत की पहली व्यापार संधि है, जिसमें अपार क्षमता निहित है। भारत मुख्य रूप से ऑस्ट्रेलिया से कच्चा माल और मध्यवर्ती सामान आयात करता है, जबकि इसका निर्यात मुख्य रूप से तैयार उत्पाद हैं। इसलिए, एफटीए भारतीय उद्यमियों की उत्पादन लागत को कम करेगा और उनके सामान को घरेलू व अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में अधिक प्रतिस्पर्धी बनायेगा। इससे भारतीय स्टार्ट-अप को आगे बढ़ने के बेहतरीन अवसर भी मिलते हैं।

**निर्यात में मजबूत वृद्धि**

आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि इंडऑस ईसीटीए ने एक बहुत ही आशाजनक शुरूआत की है, जिसने मोदी सरकार के इस विश्वास को मजबूत किया है कि इससे श्रम-केंद्रित क्षेत्रों में लाखों नौकरियां पैदा करने में मदद मिलेगी, क्योंकि भारतीय उत्पादों को विशाल ऑस्ट्रेलियाई बाजार में शत-प्रतिशत शुल्क-मुक्त पहुंच मिलती है। अप्रैल-नवंबर 2023-24 में ऑस्ट्रेलिया को भारत का माल निर्यात 14 प्रतिशत बढ़ा है, जो चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल में बाकी दुनिया के साथ भारत के व्यापार की तुलना में निर्णायक रूप से बेहतर प्रदर्शन है। ऑस्ट्रेलिया से भारत का आयात 19 प्रतिशत कम हो गया है, जिससे व्यापार घाटे में 39 प्रतिशत कमी आ गई है। रोजगार का सृजन करने वाले क्षेत्रों में प्रेफेंशियल लाइन्स के तहत ऑस्ट्रेलिया को निर्यात में जोरदार वृद्धि हुई। ऑस्ट्रेलिया को इंजीनियरिंग सामानों का निर्यात अप्रैल-अक्टूबर 2023-24 में 24 प्रतिशत बढ़ गया, जबकि कुल निर्यात में केवल एक प्रतिशत की वृद्धि हुई। रेडीमेड कपड़ों में, ऑस्ट्रेलिया को शिपमेंट में 27 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि कुल निर्यात में गिरावट आई। आर्थिक सहयोग एवं व्यापार समझौते (ईसीटीए) ने ऑस्ट्रेलिया को इलेक्ट्रॉनिक्स सामान और प्लास्टिक के शिपमेंट में इन क्षेत्रों में समग्र निर्यात से बेहतर प्रदर्शन करने में मदद की। इसके अलावा, भारत ऑस्ट्रेलिया को 700 से अधिक नई वस्तुओं का निर्यात कर रहा है। वर्ष 2023-24 के पहले 10 महीनों में ये निर्यात 335 मिलियन अमेरिकी डॉलर का है, जिसमें 65 मिलियन डॉलर के स्मार्टफोन भी शामिल हैं। **'एफडीआई में बड़ा उछाल'** : हमारे व्यापार साझीदार मानते हैं कि प्रधानमंत्री ने भारतीय अर्थव्यवस्था को सराहनीय ढंग से आगे बढ़ाया है, जिससे इस उथल-पुथल भरी दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था आशा की किरण बन गई है।

**(लेखक वाणिज्य एवं उद्योग, खाद्य व सार्वजनिक वितरण, उपभोक्ता मामले और वस्त्र मंत्री हैं)**

**भारत मुख्य रूप से ऑस्ट्रेलिया से कच्चा माल और मध्यवर्ती सामान आयात करता है, जबकि इसका निर्यात मुख्य रूप से तैयार उत्पाद हैं। इसलिए, एफटीए भारतीय उद्यमियों की उत्पादन लागत को कम करेगा और उनके सामान को घरेलू व अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में अधिक प्रतिस्पर्धी बनायेगा। इससे भारतीय स्टार्ट-अप को आगे बढ़ने के बेहतरीन अवसर भी मिलते हैं। निर्यात में मजबूत वृद्धि : आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि इंडऑस ईसीटीए ने एक बहुत ही आशाजनक शुरूआत की है, जिसने मोदी सरकार के इस विश्वास को मजबूत किया है कि इससे श्रम-केंद्रित क्षेत्रों में लाखों नौकरियां पैदा करने में मदद मिलेगी, क्योंकि भारतीय उत्पादों को विशाल ऑस्ट्रेलियाई बाजार में शत-प्रतिशत शुल्क-मुक्त पहुंच मिलती है। अप्रैल-नवंबर 2023-24 में ऑस्ट्रेलिया को भारत का माल निर्यात 14 प्रतिशत बढ़ा है, जो चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल में बाकी दुनिया के साथ भारत के व्यापार की तुलना में निर्णायक रूप से बेहतर प्रदर्शन है। प्रमुख विकसित अर्थव्यवस्थाओं में मांग सिकुड़ गई है। ऑस्ट्रेलिया का कुल आयात चार प्रतिशत कम हो गया है, लेकिन भारत से इसकी खरीदारी जोरदार तरीके से बढ़ी है। ऑस्ट्रेलिया से भारत का आयात 19 प्रतिशत कम हो गया है, जिससे व्यापार घाटे में 39 प्रतिशत कमी आ गई है। रोजगार का सृजन करने वाले क्षेत्रों में प्रेफेंशियल लाइन्स के तहत ऑस्ट्रेलिया को निर्यात में जोरदार वृद्धि हुई। ऑस्ट्रेलिया को इंजीनियरिंग सामानों का निर्यात अप्रैल-अक्टूबर 2023-24 में 24 प्रतिशत बढ़ गया, जबकि कुल निर्यात में केवल एक प्रतिशत की वृद्धि हुई।**

## आप की बात

### *ऑटो चालकों की मनमानी से परेशानी*

चैनपुर से मेदिनीनगर के लिए दर्जनों ऑटो चलते हैं। इनके स्टेण्ड के लिए कोई जगह निर्धारित नहीं है। नतीजा चालक अपनी ऑटो ग्राम देवी (काली मंदिर )मंदिर के सामने चौक के चारो तरफ सड़क पर खड़ी करते हैं। इससे यह चौक अघोषित ऑटो स्टेण्ड बन गया है। चौक व आसपास की सड़क पहले से ही फुटपाथी दुकानों से अतिक्रमित है, उपर से हर तरफ खड़ी ऑटो व आते जाते अन्य वाहनों से इस चौक पर हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। इसके अलावे सवारी को बैठाने की होड़ में चालक मनमानी रूप से जहां तहां सड़क पर ही ऑटो खड़ी रखते हैं, इससे आम राहगीरों खासकर महिलाओं व स्कूल तथा कॉलेज आने जाने वाली छात्राओं को कई तरह की दिक्कतो का सामना करना पड़ता है। स्कूल कॉलेज के टाइम पर लफुआ टाइप ऑटो चालक मनमानी करते हुए ऑटो सड़क पर लगा कर आवागमन बाधित करते हैं। हैरत की बात तो यह है कि इस चौक से ही पुलिस गस्त गुजरती है। अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी आते जाते है और अपनी आँखो से चौक के अतिक्रमण, ऑटो चालकों की मनमानी तथा आम राहगीरों की परेशानी देखते हैं। इसके बाद भी इस समस्या और परेशानी से निजात दिलाने की दिशा में कोई पहल नहीं की जा रही। जाम की हालत में ही पुलिस चुपचाप गुजर जाती है तो ऑटो चालकों का मनोबल और बढ़ता जा रहा है। पलामू एसपी व डीसी से अनुरोध है कि उपरोक्त समस्या पर गौर करें और ऑटो चालकों की मनमानी पर अंकुश लगाते हुए महिला व छात्राओं को होने वाली परेशानी से उन्हें राहत दिलवाने का कष्ट करें।

**- मनोज कुमार, चैनपुर, पलामू।**

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-**article.rnmail@gmail.com**

राजनीति


# कांग्रेस किस मुंह से निकालेगी न्याय यात्रा


डॉ. आशीष वशिष्ठ

***कांग्रेस*** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी 14 जनवरी को मणिपुर से भारत न्याय यात्रा करने का ऐलान किया है। पार्टी के अनुसार, भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश फैलाने के बाद गांधी देश के लोगों के लिए न्याय मांगेंगे। राहुल गांधी 6200 किलोमीटर की यात्रा के दौरान 14 राज्यों को कवर करेंगे। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि जिस कांग्रेस ने देश की बंटवारे के फैसले से लेकर लंबे कालखंड तक तमाम अवसरों पर अन्याय किया है, वो आखिरकार किस मुंह से न्याय यात्रा निकालेगी? 1947 में देश के बंटवारे को लेकर कितने किस्से हम और आप ने सुन रखे हैं, लेकिन जिन्होंने बंटवारे में अपना घर-बाहर और अपने को खोया है, वो सिर्फ एक ही बात कहते हैं कि नेहरू की प्रधानमंत्री बनने की जिद ने बंटवारा करवाया। मेरे पूर्वजों ने भी बंटवारे का दंश सहा है। हिन्दुस्तान की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने बंटवारे की पीड़ितों के साथ हर कदम पर अन्याय किया। रिफ्यूजी कैंपों की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं थी। बंटवारे के बाद कई महीनों और वर्षों तक शरणार्थियों के निवास प्रमाण पत्र और अन्य जरूरी दस्तावेज नहीं बने। शरणार्थियों को कोई विशेष दर्जा, आरक्षण या छूट सरकार ने नहीं दी। नतीजतन, शरणार्थियों की पूरी एक पीढ़ी शिक्षा, नौकरी और तमाम अन्य क्षेत्रों में पिछड़ गई। शरणार्थियों को बंटवारे से ज्यादा दर्द और तकलीफ नेहरू सरकार की बेरुखी, बेइंसाफी और बदइंतजामी ने दी। 31 अक्टूबर, 1984 को प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या उनके दो सिख अंगरक्षकों ने की। इसके अगले दिन से ही दिल्ली और देश के दूसरे कुछ हिस्सों में सिख विरोधी दंगे भड़क उठे। इन दंगों में सिखों के घरों, दुकानों को जलाया और लूटा गया और उनको मौत के घाट उतारा गया। दिल्ली और अन्य स्थानों पर हत्यारों और लुटेरों की भीड़ का नेतृत्व ज्यादातर कांग्रेस के नेता कर रहे थे। एक रिपोर्ट के अनुसार इन दंगों में दिल्ली में ही लगभग 2700 लोग मारे गये थे और देशभर में मरने वालों का संख्या 3,500 के करीब थी।

**शरणार्थियों को बंटवारे से ज्यादा दर्द व तकलीफ नेहरू सरकार की बेरुखी, बेइंसाफी व बदइंतजामी ने दी। 31 अक्टूबर, 1984 को प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या उनके दो सिख अंगरक्षकों ने की।**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




# कट्टरपंथी मुस्लिम शरणार्थियों से यूरोप में बढ़ी मुसीबतें


योगेंद्र योगी

***पोलैंड*** का यह दृष्टिकोण फ्रांस और दूसरे देशों में सही साबित हुआ। एक मुस्लिम युवक की मौत के बाद फ्रांस में जबरदस्त दंगे भड़क उठे। ट्रैफिक पुलिस द्वारा पेरिस में चेकिंग के दौरान नाहेल को पुलिस ने गोली मार दी थी। इस घटना में नाहेल की मौत हो गई थी। यूरोपीय यूनियन के सदस्य देश लोकतांत्रिक, मानवाधिकारों की वकालत और उदारवादी चेहरा दिखाने के कारण मुस्लिम शरणार्थियों के कारण मुसीबत में फंस गये हैं। शरण लेने वाले मुस्लिम शरणार्थियों पर कट्टरपन हावी है। इन देशों के कानून मानने के बजाय शरणार्थी अपराधों में शामिल होने के साथ ही इस्लामी शासन की पैरवी कर रहे हैं। यही वजह है कि न सिर्फ युरोपीय यूनियन बल्कि उसके कुछ देशों ने साफ तौर पर मुसलमानों से देश छोड़ कर चले जाने को कहा है। इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने इस्लामिक संस्कृति को लेकर कहा कि यूरोप में इसके लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि इस्लामी संस्कृति और हमारी सभ्यता के मूल्यों और अधिकारों के बीच कोई समानता नहीं है और यह एक बड़ी समस्या है। उन्होंने कहा कि इटली में इस्लामी सांस्कृतिक केंद्रों को सऊदी अरब फंड देता है, जहां शरिया लागू है। यूरोप में हमारी सभ्यता के मूल्यों से बहुत दूर इस्लामीकरण की एक प्रक्रिया चल रही है। इसी तरह ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा कि वह शरणार्थी सिस्टम में ग्लोबर रिफॉर्म पर जोर देंगे। साथ ही उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि शरणार्थियों की बढ़ती संख्या का खतरा यूरोप के कुछ हिस्सों को प्रभावित कर सकता है। मेलोनी की तरह ही नीदरलैंड का प्रधानमंत्री बनते ही इस्लाम विरोधी नेता गीर्ट विल्डर्स ने उन मुसलमानों से देश छोड़ने का आह्वान किया कि जो धर्मनिरपेक्ष कानूनों से अधिक कुरान को महत्व देते हैं। विल्डर्स ने तो यहां तक कह दिया कि हिन्दुओं का समर्थन करूंगा जिन पर केवल हिंदू होने के कारण बांग्लादेश, पाकिस्तान में हमला किया जाता है या मारने की धमकी दी जाती है या फिर मुकदमा चलाया जाता है।

**यूरोपीय यूनियन के सदस्य देश लोकतांत्रिक, मानवाधिकारों की वकालत और उदारवादी चेहरा दिखाने के कारण मुस्लिम शरणार्थियों के कारण मुसीबत में फंस गये हैं।**


बोधि वृक्ष

# *कथा गौ माता 'कामधेनु' की*

भारतीय संस्कृति में युगों से ये माना जाता रहा है कि जिस घर में गाय निवास करती है और जहाँ उनकी सेवा की जाती है वहां कोई भी समस्या अपने पाँव नहीं पसारती। आज भी भारत के सभी गाँव कस्बों में जब किसी की रसोई में खाना बनता है तो हमेशा पहली रोटी गाय के लिए निकाली जाती है। गाय को ना केवल एक जीव बल्कि हिंदू मान्यताओं में मां की उपाधि दी गई है। ऐसी भी मान्यता है कि 84 लाख योनियों में जन्म लेने के बाद हमारी आत्मा अंतिम योनि में गाय बनती है। गाय को मनुष्य का पालनहार माना गया है और इससे मिलने वाले दूध को अमृत के समान माना जाता है। भगवान कृष्ण से जुड़ी कथाओं में भी गाय अपना विशेष स्थान रखती है। इस प्रकार भारत में गाय का महत्व बहुत अधिक है और इसकी रक्षा और संरक्षण की जिम्मेदारी हम सभी की बनती है।

**(समाप्त)**

**गजलक्ष्मी व्रत व ऐरावत हाथी की पौराणिक कथा :** एक समय महर्षि श्री वेदव्यासजी हस्तिनापुर पधारे। उनका आगमन सुन महाराज धृतराष्ट्र उनको आदर सहित राजमहल में ले गये। स्वर्ण सिंहासन पर विराजमान कर उनका पूजन किया। श्री व्यासजी से माता कुंती तथा गांधारी ने हाथ जोड़कर प्रश्न किया- हे महामुने! आप त्रिकालदर्शी हैं अतः आपसे हमारी प्रार्थना है कि आप हमको कोई ऐसा सरल व्रत तथा पूजन बतायें जिससे हमारा राज्यलक्ष्मी, सुख-संपत्ति, पुत्र-पोत्रादि व परिवार सुखी रहें। इतना सुन श्री वेद व्यासजी कहने लगे- 'हम एक ऐसे व्रत का पूजन व वर्णन कहते हैं जिससे सदा लक्ष्मीजी का निवास होकर सुख-समृद्धि की वृद्धि होती है। यह श्री महालक्ष्मीजी का व्रत है, इसे गजलक्ष्मी व्रत भी कहा जाता है। जिसे प्रतिवर्ष आश्विन कृष्ण अष्टमी को विधिवत किया जाता है।'

**(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

# *इंस्टाग्राम के थ्रेड्स पर पोस्ट एडिट व कई शानदार फिचर्स*

***थ्रेड्स*** पर एक साथ कई सारे फीचर्स आने वाले हैं। इन्हीं फीचर्स में से एक हैं पोस्ट एडिट करने की सुविधा, जिसे हम वॉयस नोट्स की सुविधा में शामिल कर सकते हैं। मेटा के टेक्सट-आधारित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, थ्रेड्स पर एक साथ कई सारे फीचर्स आने वाले हैं। इन्हीं फीचर्स में से एक हैं पोस्ट एडिट करने की सुविधा, जिसे हम वॉयस नोट्स की सुविधा में शामिल कर सकते हैं। प्लेटफॉर्म ट्रेंडिंग टॉपिक्स जैसे फीचर पर भी काम कर रहा है। बता दें कि थ्रेड्स को इसी साल जुलाई में पेश किया गया है और इसे एक्स की टक्कर में लाया गया है। द वर्ज की एक रिपोर्ट के मुताबिक, मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग ने हाल ही में घोषणा है कि थ्रेड्स को जल्द ही बेहद जरूरी एडिट बटन मिलेगा। इसका मतलब है कि यूजर्स पोस्ट होने के बाद अपनी पोस्ट को बदल सकेंगे। अब तक, थ्रेड्स पर कोई एडिट विकल्प नहीं था। ट्विटर पर भी एडिट बटन पिछले साल अक्टूबर में एलन मस्क द्वारा कंपनी का अधिग्रहण करने के बाद ही आया था।



हालांकि, ये फीचर ब्लू सब्सक्राइबर्स को ही मिलता है। एलन मस्क के एक्स की तरह ही थ्रेड्स पर भी एडिट ऑप्शन की एख समय सीमा होगी। यूजर्स थ्रेड्स पोस्ट के 5 मिनट के भीतर ही उसे एडिट कर सकेंगे। इसके बाद वे पोस्ट में कोई बदलाव नहीं कर सकेंगे। इसके अलावा थ्रेड्स यूजर्स को प्लेटफॉर्म पर वॉयल नोट्स शेयर करने का विकल्प भी ला रहा है। यूजर्स को बस नये माइक्रोफोन बटन को टैप करना होगा और अपनी आवाज रिकॉर्ड करनी होगी।

**(क्रमशः)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)






### कामेश्वर कुमार कामेश

नये साल में नहीं जिंदगी तकरार में कटती रहे,
भगवन कृपा ऐसी हो सबकी झोलियां भरती रहे,
बहुत सहे, सहते रहे सब, प्यार में नाकामियां,
नये वर्ष में, नये गम के सारे , बादल छंटते रहे,
जाऊं अयोध्या , पर न लौटूं, वहीं रहूं, नये साल में,
ऐसा अवसर मुझको-तुझको,सबको ही मिलती रहे,
हर युद्ध से विकास बाधित,रहे अमन नहीं विश्व में,
देशों के बीच की खाईयां,बातचीत से पटती रहे,
अमन रहे सारे देश में, और विश्व का कल्याण हो,
जहां में यूं माहौल हो कि इंसानियत, जीतती रहे,

**गजल गो शायर रांची, झारखंड**
**अवकाशप्राप्त डीएसपी, झारखंड**



### निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव

नव वर्ष की शुभ कामनाएँ
पीठ पर बेंतरा में बंधे बच्चे
और माथे पर ईंटों का पिरामिड
ढोती मजदूरनी
खेत में काम करते किसान
सरहद पर तैनात जवान
मजदूर के थके पाँव
और कोहरे में डूबे
ठिठुरते शहर और गाँव को!



### ऋतुराज वर्षा

सुमन खिला है या कि उपवन।
तनमन से रोमांचित हो रहा हरेक मन।
नया नया सा लागे चमन।
नववर्ष का है नवल विहान पवन।
देख चहुँओर धरा और अंबर का यौवन।
अनंत चहल-पहल जिस कारण।
आ गया नववर्ष मनभावन।
चित हो रहा सभी का पावन।
सुमन खिला है या कि उपवन।
तनमन से रोमांचित हो रहा हरेक मन।
झूला झूल रही नन्ही कलियां।
बाहें फैलाए बुला रही
नयी सदियां।
लागे नवकोपल और आम्र मंजर।
जैसे गुनगुनाए और थिरके धड़कन।
सुमन खिला है या कि उपवन।
तनमन से रोमांचित हो रहा हरेक मन।
कलुषित भावनाएं आहत न करें किसी को।
फेंक आएं ऐसे चातुर्य, अपनाएं नया ऊजार्वान जीवन।
सुमन खिला है या कि उपवन।
तनमन से रोमांचित हो रहा हरेक मन।
सुगंधित बयार बह रही मंद मंद।
जिया में अनायास समाया
सुमन खिला है या कि उपवन।
तनमन रोमांचित हो रहा हरेक मन।



### बिनोद सिंह गहरवार

स्वागत में बहु दीप जले बिहसे
हिय से पुर लोग लुगाई।
सुंदर तोरण द्वार बने,बहु बाजत है
चहुंओर बधाई।।
है जग में अस लोक कहां,लखके
जिसको सुरलोक लजाई।
रम-रमा घर आवत हैं दस-चार
बरिस वनवास बिताई।।
शीश किरीट सुशोभित है गर
मोतिन मालन साज सजाई।
आसन है कमलासन का शुभ
खूटक वाहन मातु बनाई।।
हस्त घड़ा बहु स्वर्ण भरा
मनमोहिनि रूप सदा सुखदाई।
दीनन के दुख मोचन के बहु रूप
अनूप रमा धर आई।।
आप सभी को दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं एवं
बधाइयां। मां लक्ष्मी की कृपा आप
पर सदैव बनी रहे।

**सचिव साहित्य संस्कृति मंच**



### रूपाश्री शर्मा कवयित्री

नए साल 2024 का अब आगाज होने जा रहा है। साल की शुरूआत में हर कोई अपने भविष्य के बारे में जानने के लिए उत्सुक है। वर्ष 2024 में कई ग्रह भी फेर बदल करेंगे। इस लिहाज से यह साल अपने आप में बेहद खास रहने वाला है। साल के प्रारंभ में ही कई शुभ योगों का भी निर्माण होने जा रहा है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार आगे भी नरेन्द्र मोदी का भाग्य प्रबल रहने की पूर्ण संभावना है।मौजूदा प्रधानमंत्री की यह दमदार स्थिति वर्ष 2024 के बाद भी रहेगी।विपक्ष की ओर से मौजूदा केंद्र सरकार की लोकप्रियता गिराने को लेकर एड़ी-चोटी का जोर लगाया जा रहा है, पर उनकी ये कोशिशें वर्ष 2024 में होने वाले आम चुनाव में भी सफल नहीं होने वाली है। वहीं झारखंड की बात करें तो 2024 में हेमंत सरकार की राहें कठिन होती नजर आएंगी।

## पुतिन की हत्या, कैंसर का इलाज व दुनिया में. बाबा वेंगा की साल 2024 की डराने वाली भविष्यवाणी

बाबा वेंगा बुल्गारिया के विश्व प्रसिद्ध भविष्यवाणीकर्ता हैं. साल 1996 में उनकी मृत्यु हो चुकी है. मरने से पहले उन्होंने साल 5079 तक के भविष्य की भविष्यवाणी की थी. साल 2023 की उनकी सभी भविष्यवाणियां सच साबित हो चुकी हैं. चाहे वह धरती पर आने वाले भयंकर तूफान हो या भीषण युद्ध की बात हो सभी सच हो रहीं है. रूस यूक्रेन से लड़ रहा है, इजरायल गाजा पर कहर बरपा रहा है. बाबा वेंगा के मुताबिक, 2024 में बड़ा आर्थिक संकट आने वाला है. इसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा. उनका दावा है कि कर्ज का स्तर बढ़ने से भूराजनीतिक तनाव बढ़ेगा. कई देश दूसरे देश को कैप्चर करने की कोशिश करेंगे, उदाहरण के लिए चीन की पाकिस्तान, ताइवान और भी कई देशों के लिए वर्तमान विदेश नीति. बाबा वेंगा की भविष्यवाणी के मुताबिक 2024 में रूसी राष्ट्रपति पुतिन की हत्या की कोशिश होगी. इस समय रूस यूक्रेन के साथ युद्धरत है. कई बार खबरों में अफवाह उड़ी की पुतिन की मौत हो चुकी है और रूस उनके डबल



बॉडी को दुनिया के समाने रख रहा है. बाबा वेंगा के मुताबिक साल 2024 में चिकित्सा के क्षेत्र में कई अहम खोजें देखने को मिल सकती हैं. अल्जाइमर और कैंसर जैसी बीमारियों के लिए दवाएं विकसित की जा सकती हैं. बाबा वेंगा के अनुसार, धरती पर एक बड़ा बदलाव होने वाला है, यह आमतौर पर काफी लंबे अंतराल में होता है, लेकिन अगर ऐसा जल्दी हुआ तो भयानक प्राकृतिक आपदा आ सकती है. पृथ्वी पर चारों ओर जलजला आ सकता है भविष्यवाणी के मुताबिक, अगले साल कोई बड़ा देश परमाणु परीक्षण कर सकता है. इसके अलावा बाबा वेंगा ने यूरोप में आतंकी गतिविधियों में बढ़ोतरी की भी भविष्यवाणी की थी.बाबा वेंगा ने साइबर हमलों में वृद्धि की भी चेतावनी दी. 2024 में पावर ग्रिड और जल उपचार संयंत्रों को हैकरों द्वारा टारगेट किए जाने की उम्मीद जताई है.बुल्गारियाई बाबा वेंगा ने राजकुमारी डायना की मृत्यु, रूसी पनडुब्बी कुर्स्क के डूबने और 9/11 के आतंकवादी हमलों के साथ-साथ कोरोनोवायरस महामारी की भी भविष्यवाणी की थी.



### खुशबू बरनवाल 'सीपी'

आगामी वर्ष मैं यही चाहूँगी कि देश के साथ ही बरनवाल समाज का भी विकास हो। बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश में स्थित है और बरनवाल का इतिहास यहीं से शुरू होता है । बरन नगर के ऐतिहासिक नाम और समृद्धि को ध्वस्त करने के लिए मुगलों ने बुलंदशहर कर दिया। जो मुसलमान बन सकें वह बरनी मुसलमान के नाम से आज भी वहाँ है और जिन्हें मुसलमान नहीं बनना था, वह अपने घर संपत्ति छोड़कर इधर-उधर देश के चारों ओर फैल गयें।आदि पुरुष महाराजा अहिबरन जी के द्वारा जो नगर बसाया गया था वहाँ इस वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर अहिबरन जयंती मना कर अपनी एकता का परिचय दिया है और बुलंदशहर को फिर से बरन नगर बनाने के लिए उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री को निवेदन भेजा गया है। इस वर्ष मैं भी चाहती हूँ कि बरन नगर का सपना साकार हो।

**बरनवाल सेवा ट्रस्ट और बरनवाल महिला समिति की संरक्षिका**



### सदानंद सिंह यादव

**वर्ष बीत गया**

लो और एक साल बीत गया
कुछ हाथ आया,कुछ रीत गया
जो खो गया उसका गम क्यों करना
मनाएं जश्न उसका, जो जीत गए
नव वर्ष का गाएं गीत नया,
लो और एक साल बीत गया
है शिशिर की ऋतु ठहरी सी
रागिनियां भी सोई है
आकाश में सूर्य- किरण
मध्यम सी
और धरती भी अलसाई है
जागृत करने को इनको
बसंत निभाने रीत आया
लो और एक साल बीत गया
खेतों में गेहूं लहराएं
सरसों भी पियराई है
अरहर की अठखेली देखो
जब चलती ये पुरवाई है
देख फसल की समृद्धि
किसान हो हर्षित गया
लो और एक साल बीत गया
नव वर्ष नव संकल्प लिए
भेदभाव मिटाने हेतु
बनाए वर्ग मध्य सेतु
गाएं हम तुम सब मिलकर
काया कल्प गीत नया
लो और एक साल बीत गया



### डॉ प्रशान्त करण

**असमंजस**

परतंत्र बनाने वालों के नए वर्ष
पर,क्या लिखूँ, हूँ किंकर्तव्यविमूढ़ !
एक समूह पालन करते कराते,
समझते रहे हम सब मूर्ख -मूढ़ !
राष्ट्र करवट बदल रहा
स्वाभिमान भी जाग रहा
बदल रहा परतंत्र सोच केचुल
ऊर्जा जगी भारतीयता बिलकुल
हो नवनिर्माण राष्ट्र स्वरूप का
हटाएंगे दासता की कुरूपता
शंखनाद श्रीगणेश का,उठा आकाश
उनका सूंढ़ !
परतंत्र बनाने वालों के नए वर्ष
पर,क्या लिखूँ,हूँ किंकर्तव्यविमूढ़ !



### डॉ सुरिन्दर कौर नीलम

**नये वर्ष में बेटियों की सुरक्षा हो। बेटियां हर क्षेत्र में अग्रणी हो रहीं हैं परन्तु उनके साथ जो जघन्य कृत्य होते हैं वे समाप्त हों।**

नया वर्ष
नये वर्ष में चलो
सर्द रिश्तों को थोड़ी उष्मा दे आएं,
संकरी हो रहीं दिल की गलियां,
बर्फ हो रहीं संवेदनाओं की कलियां,
घना है अहं का कुहासा,
खो न जाए मिलन की आशा,
जला कर प्रेम का अलाव
अपनेपन की आँच सुलगा आएं....
वृद्धाश्रम में घुट रहे जो पेड़ पुराने,
शुष्क पत्ते लगे हैं चरमराने,
देकर उन्हें जादू की झप्पी
कुछ फूल खिला आएं....
कामयाबी के महल में कहां है फुर्सत
का कोना?
किसी राधा के दिल में ढूंढ़े कृष्ण
सलोना,
रंगीन पार्टियों का त्याग कर प्रदूषण,
कहीं दूर बैठी माँ से मिल आएं...
छोड़कर आसमां छूने की होड़,
अपने गांव की मिट्टी को चूम आएं।

**रांची, झारखंड**

---

### मेष

मेष राशि का स्वामी मंगल है, जो जीवन में पराक्रम और उत्साह का कारक होता है। मेष राशि के जातक सुंदर, आकर्षक और कलात्मक होते हैं। मेष राशि के लोग स्वतंत्र विचारों वाले होते हैं। सही और गलत को लेकर इनका अपना अलग नजरिया होता है। इनमें गजब की नेतृत्व क्षमता होती है और ये लोग अपना रास्ता खुद बनाने में यकीन रखते हैं।

**करियर :** कार्य व्यवसाय की दृष्टि से वर्ष का प्रारंभ अनुकूल रहेगा। वर्ष के आरंभ से अप्रैल तक सप्तम भाव पर गुरु की दृष्टि के प्रभाव से आप व्यवसाय और कार्यक्षेत्र में अच्छी सफलता प्राप्त करेंगे। नवीन व्यापार शुरू करने के लिए अच्छा समय है। राशि में स्थित गुरु नवीन विचारधारा और नई योजनाओं को जन्म देगा, जिससे अपने व्यापार को और मजबूत बना सकते हैं। द्वादश भाव में भाव में स्थित राहु के प्रभाव से कार्यों में गुप्त शत्रुओं द्वारा रूकावटों को आप अपने विवेक से अनुकूल बना लेंगे। द्वादश भाव का राहु व्यावसायिक यात्राएं भी देगा यदि आप विदेश जाने की चाह रखते हैं, तो इस वर्ष इसके लिए तैयारी शुरू कर सकते हैं। विदेश से जुड़े कामों में आपको सफलता भी मिल सकती है। नौकरी करने वालों के लिए छठें भाव का केतु स्थांतरण के योग बना सकता है। वैसे नौकरी और व्यवसाय के मामले में साल 2024 अच्छा ही रहने वाला है।

**स्वास्थ्य :** वर्ष के प्रारंभ से राशि में स्थित गुरु के प्रभाव से आपका स्वास्थ्य अनुकूल बना रहेगा। आपके मन में सदैव अच्छे विचार आएंगे जिससे आप मानसिक रूप से संतुष्ट रहेंगे। मौसम जनित रोगों से स्वास्थ्य पर कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ेगा किंतु अप्रैल के बाद स्वास्थ्य को लेकर कुछ सावधानियां आवश्यक होगी। राहु और केतु का गोचर आपके बारहवें और छठे भाव पर होगा इसलिए अचानक से लगने वाली बीमारियां और संक्रमण वाले रोगों से आपको सावधान रहना होगा।

**आर्थिक स्थिति :** आर्थिक दृष्टि से वर्ष का प्रारंभ उत्तम रहेगा। व्यापार अनुकूलता के कारण धनागम में वृद्धि होगी। एकादश स्थान का शनि आपको व्यापार से लाभ प्राप्त करवा सकते हैं। परिवार में मांगलिक कार्य के चलते धन का व्यय हो सकता है। द्वादश राहु के कारण आप निवेश के मामले में सावधान रहें यदि निवेश करना चाहते हैं तो उसे क्षेत्र से जुड़े अनुभवी लोगों की सलाह अवश्य लें सभी कार्य योजनाबद्ध तरीके से ही संपन्न करें।

**उपाय :** मंगलवार के दिन व्रत रखें और हनुमान जी की पूजा अवश्य करें। साथ ही इस दिन हनुमान चालीसा अथवा बजरंग बाण का पाठ अवश्य करें। प्रतिदिन सूर्य को अर्घ्य दें।

### वृष

वृषभ राशि के लोग स्वभाव से बहुत शांत और कोमल होते हैं। इस राशि के लोग अपनी क्षमता को अच्छी तरह से जानते हैं। इन्हें धन, संपत्ति और मान-सम्मान अच्छा लगता है। इस राशि के जातक दृढ़निश्चयी होते हैं। कठोर से कठोर फैसले लेने से भी हिचकते नहीं हैं। वृषभ राशि के लोगों को अनुशासन पसंद होता है और वो इसमें कभी भी लापरवाही करना पसंद नहीं करते हैं। वैदिक ज्योतिषशास्त्र की गणना और चंद्र राशि के आधार पर प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पं. मनोज कुमार द्विवेदी बता रहे हैं कि वृषभ राशि वालों के लिए नया वर्ष 2024 कैसा रहने वाला होगा।

**करियर :** वृषभ राशि के लिए करियर की दृष्टि से यह वर्ष काफी महत्वपूर्ण रहने वाला है। इस वर्ष शनि आपकी राशि से दशम भाव में रहने वाले हैं जिसके चलते आपको कड़ी मेहनत का पूरा परिणाम मिलेगा। वर्ष के आरंभ में द्वादश स्थान में गुरु के गोचरीय प्रभाव से कार्य व्यवसाय में विदेशी संबंधों से लाभ प्राप्त होगा। नौकरी करने वालों को अपने कार्यस्थल पर मान सम्मान प्राप्त होगा। मई से सप्तम स्थान पर गुरु और शनि ग्रह की संयुक्त दृष्टि प्रभाव से व्यापार में अच्छा लाभ प्राप्त होगा। मई से वर्षांत तक राशि स्थान का गुरु व्यापार में नए अवसरों को प्रदान करेगा। ग्यारहवें भाव में स्थित राहु का गोचर धन आगमन के नए मार्ग बनाएगा।

**परिवार :** वर्ष के आरंभ में चतुर्थ स्थान पर गुरु और शनि ग्रह की संयुक्त दृष्टि प्रभाव से पारिवारिक अनुकूलता बनी रहेगी। परिवार में परस्पर सहयोग और भावनात्मक लगाव रहेगा। अप्रैल के बाद का समय और अनुकूल हो रहा है। आपके परिवार में पुत्र आदि का विवाह या मांगलिक कार्य संपन्न होंगे। सप्तम स्थान पर गुरु और शनि के संयुक्त दृष्टि प्रभाव से जीवनसाथी के साथ संबंध मधुर होंगे। समय काफी अनुकूल हो रहा है आपके बच्चे अपने परिश्रम से आगे बढ़ेंगे वह शिक्षा के क्षेत्र में उन्नति प्राप्त करेंगे।

**स्वास्थ्य :** द्वादश स्थान के गुरु आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव की स्थिति बना सकते हैं। गुरु ग्रह के अग्नि तत्व राशि में होने के कारण पित्त या पेट संबंधित परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। परंतु अप्रैल के बाद गुरु ग्रह का गोचरीय प्रभाव राशि स्थान में होने से स्वास्थ्य, दिनचर्या व आहार संबंधी सुधार आना शुरू हो जाएगा।

**आर्थिक स्थिति :** एकादश स्थान के राहु इस वर्ष अचानक लाभ कराते रहेंगे। अप्रैल से देवगुरु बृहस्पति का गोचर आपकी राशि में होने के कारण उन्नति होगी। आपके प्रयास से आपकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। जमीन जायदाद से संबंधित रुके हुए कार्य इस वर्ष संपन्न होने की पूरी संभावना बनती है।

**उपाय :** इस वर्ष माता-पिता, गुरु ,साधु संन्यासी और अपने से बड़े लोगों का आशीर्वाद प्राप्त करें, मंदिर या धार्मिक स्थान पर केला या बेसन के लड्डू वितरित करें और नित्य प्रात काल सूर्य भगवान को अर्घ्य दें।

### मिथुन

मिथुन राशि के जातक बहुत आकर्षक होते हैं। वे शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होते हैं। जीवन में हमेशा कुछ नया करना चाहते हैं। इस राशि के लोग बुद्धिमता को महत्व देते हैं। इस राशि के लोग बहुमुखी प्रतिभा के धनी होते हैं। राशि स्वामी बुध होने के कारण यह अपने बोलने के अनोखे अंदाज से दूसरों को आकर्षित कर लेते हैं। वैदिक ज्योतिषशास्त्र की गणना और चंद्र राशि के आधार पर प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पं. मनोज कुमार द्विवेदी बता रहे हैं कि मिथुन राशि वालों के लिए नया वर्ष 2024 कैसा रहने वाला होगा?

**करियर :** वर्ष की शुरूआत में सप्तम स्थान पर गुरु ग्रह की दृष्टि प्रभाव से आप व्यापार में उन्नति प्राप्त करेंगे। नया व्यापार करने के लिए समय अनुकूल है। व्यापार में आपको भाइयों का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। एकादश स्थान पर गुरु और शनि के संयुक्त गोचरीय प्रभाव से अधिकारियों और वरिष्ठ लोगों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। वर्ष भर शनि की तीसरी दृष्टि आपके आय भाव पर पड़ती रहेगी। इससे आपकी आय अच्छी होगी और सबसे खास बात यह है कि आप बचत करने के बारे में सोचेंगे। अप्रैल के बाद से गुरु का गोचर बारहवें में भाव पर होगा इसलिए ज्यादातर पैसा आपकी यात्राओं पर खर्च होगा।

**स्वास्थ्य :** मानसिक रूप से इस वर्ष आप संतुष्ट रहेंगे। किसी प्रकार की कोई चिंता परेशानी नहीं होने के कारण आपका स्वास्थ्य इस वर्ष अनुकूल बना रहेगा। अप्रैल के बाद समय पर प्रतिकूल होने के कारण छोटी-मोटी बीमारियों से आपका स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। इसलिए योगाभ्यास और नियमित दिनचर्या से स्वयं को संतुलित रखने का प्रयास करना चाहिए।

**परिवार :** वर्ष के आरंभ में चतुर्थ स्थान पर गुरु और शनि ग्रह की संयुक्त दृष्टि प्रभाव से पारिवारिक अनुकूलता बनी रहेगी। परिवार में परस्पर सहयोग और भावनात्मक लगाव रहेगा। अप्रैल के बाद का समय और अनुकूल हो रहा है। आपके परिवार में पुत्र आदि का विवाह या मांगलिक कार्य संपन्न होंगे।

**आर्थिक स्थिति :** एकादश भाव में गुरु के प्रभाव से धनागम में निरंतरता बनी रहेगी। यह वर्ष धन आगमन के स्त्रोतों में वृद्धि के लिए विशेष अनुकूल है। इस समय के अंतराल में आप कोई बड़ा निवेश करेंगे। निवेश या आर्थिक मामले में कोई बड़ा निर्णय लेने से पहले उसे क्षेत्र से जुड़े अनुभवी लोगों की सलाह अवश्य लें। केतु के इस साल चतुर्थ भाव में रहने से आपको जमीन से जुड़े कोई काम या पैतृक संपत्ति के लिए अचानक से कुछ यात्राएं करनी पड़ सकती हैं।

**उपाय :** गुरुवार के दिन चने की दाल, केला, बेसन के लड्डू इत्यादि पीली वस्तुओं का दान करें। गुरुवार का व्रत रखें। बुधवार को गणपति भगवान के मंदिर में दूर्वा चढ़ाएं।

### कर्क

कर्क राशि के लोग बहुत भावुक होते हैं और दूसरों के जीवन से बहुत मतलब रखते हैं। इस राशि के लोगों को अपने जन्म स्थान से काफी लगाव होता है। चंद्रमा की वजह से इन्हें स्थान परिवर्तन करते रहना पड़ता है। स्वभाव में दृढ़ता होती है, साथ में दुर्बलता भी रहती है। इनकी मनःस्थिति परिवर्तनशील होती है। कर्क राशि वाले जातक अपनी शर्तों पर चलते हुए सज्जनता और विनम्रता का प्रदर्शन करते हैं। वैदिक ज्योतिषशास्त्र की गणना और चंद्र राशि के आधार पर प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पं. मनोज कुमार द्विवेदी बता रहे हैं कि कर्क राशि वालों के लिए नया वर्ष 2024 कैसा रहने वाला होगा?

**करियर :** वर्ष के प्रारंभ में देवगुरु बृहस्पति दशम भाव में अपना गोचरीय प्रभाव देंगे इसलिए आप अपने कार्यक्षेत्र में अच्छा लाभ प्राप्त करेंगे। अनुभवी साझेदारी के मिलने से व्यवसाय को एक नया मोड़ मिलेगा और व्यापार में अधिक लाभ प्राप्त होगा। अप्रैल के बाद एकादश स्थान के गुरु आपके व्यापार में आय की वृद्धि करेंगे। अष्टम स्थान का शनि आपके कार्य व्यवसाय में अवरोध भी उत्पन्न करेंगे परंतु आप अपने विवेक से उसे अनुकूल बना लेंगे।

**परिवार :** चतुर्थ स्थान पर गुरु ग्रह की दृष्टि प्रभाव से आपके परिवार में सुख शांति का वातावरण बना रहेगा। आपके जीवनसाथी के साथ आपके संबंध और मधुर होंगे। गुरु ग्रह के दृष्टि प्रभाव से आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और सामाजिक कल्याण के कार्य भी करेंगे।

**स्वास्थ्य :** इस वर्ष राशि से अष्टम भाव में शनि का गोचर आपको मानसिक रूप से कष्ट देते रहेंगे। अष्टम भाव का शनि कभी-कभी मौसम जनित बीमारियों से परेशान भी कर सकता है। अप्रैल तक गुरु ग्रह का गोचर दशम स्थान में होने से आपके स्वास्थ्य में अनुकूलता प्रदान करेगा। अप्रैल के बाद स्वास्थ्य पर विशेष देना चाहिए। राहु की दृष्टि राशि पर होने समय समय पर मानसिक शांति प्रभावित होती रहेगी।

**आर्थिक स्थिति :** इस वर्ष द्वितीय स्थान पर गुरु एवं शनि की दृष्टि प्रभाव से भूमि भवन वाहन इत्यादि वस्तुओं की प्राप्ति होगी। अप्रैल के बाद एकादश स्थान में गुरु ग्रह के गोचर प्रभाव से आपका रुका हुआ धन मिल सकता है। साथ ही धनागम में वृद्धि होगी। अष्टम भाव में शनि के गोचर की वजह से कुछ अचानक धन लाभ भी हो सकता है किंतु कहीं पर निवेश सोच समझकर करें अन्यथा हानि का सामना करना पड़ सकता है।

**उपाय :** इस वर्ष प्रत्येक मंगलवार के दिन हनुमान जी के मंदिर में दर्शन और हनुमान चालीसा का पाठ करें। यदि संभव हो तो सुंदरकांड का पाठ शनि की अष्टम ढैया से आपको काफी राहत प्रदान करेगा। शनिवार के दिन काले कुत्ते को रोटी खिलाएं।

### सिंह

राशि चक्र में पंचम राशि सिंह है और इसका स्वामी सूर्य है। सिंह राशि के स्वभाव में नेतृत्व का गुण जन्मजात होता है। इस राशि व्यक्ति निडर,साहसी और दृढ़-निश्चयी होते हैं। यह लोग एक राजा की तरह जिंदगी जीने में यकीन रखते हैं। इनका व्यक्तित्व बेहद जोशीला और आकर्षक होता है। इनके अनोखे अंदाज की वजह से लोग इनके प्रति बहुत जल्दी आकर्षित हो जाते हैं। वैदिक ज्योतिषशास्त्र की गणना और चंद्र राशि के आधार पर प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पं. मनोज कुमार द्विवेदी बता रहे हैं कि सिंह राशि वालों के लिए नया वर्ष 2024 कैसा रहने वाला होगा?

**करियर :** इस वर्ष सप्तम शनि के प्रभाव से आपके कार्य व्यवसाय में सफलता प्राप्ति होगी किंतु प्रगति की गति इस वर्ष शनि के प्रभाव से कुछ धीमी रह सकती है। यदि आप साझेदारी में कार्य कर रहे हैं तो इस वर्ष इच्छित लाभ प्राप्त होगा। अपने से वरिष्ठ लोगों के साथ साझेदारी करना इस वर्ष के लाभदायक रहेगा। अप्रैल के बाद गुरु का गोचर दशम भाव पर होने से वरिष्ठ लोगों या बड़े अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। नौकरी करने वाले व्यक्तियों की पदोन्नति हो सकती है। भूमि से संबंधित कार्य करने वाले व्यक्तियों को इस वर्ष लाभ प्राप्त होगा।

**परिवार :** वषारंभ में अधिक भागदौड़ के कारण परिजनों को अधिक समय नहीं दे पाएंगे। परिवार में परस्पर सहयोग और भावनात्मक प्रेम में वृद्धि होगी। पिता के लिए समय अच्छा है। परंतु ससुराल पक्ष से कुछ तनाव मिल सकता है। पंचम स्थान पर गुरु के दृष्टि प्रभाव से नव विवाहित व्यक्तियों को संतान की प्राप्ति होगी और अप्रैल के बाद उच्च शिक्षण संस्थान में प्रवेश मिल सकता है। इस पूरे साल आपको राहु से सतर्क रहना चाहिए। राहु आपके अष्टम भाव में गोचर करेगा, इसलिए बार-बार छोटी-छोटी दुर्घटनाएं या परिवार से विवाद होता रहेगा।

**स्वास्थ्य :** अप्रैल तक नवम भाव पर गुरु का गोचर और उनकी पंचम दृष्टि लग्न पर होने से शारीरिक आरोग्यता की प्राप्ति व कार्य क्षमताओं में वृद्धि के प्रबल संकेत हैं। गुरु ग्रह के गोचर के बाद अष्टम स्थान का राहु अचानक ही स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। अतः समय-समय पर स्वास्थ्य के प्रति ध्यान देना व सतर्क होना आवश्यक होगा।

**आर्थिक स्थिति :** इस वर्ष अप्रैल के बाद चतुर्थ स्थान पर गुरु एवं शनि के संयुक्त दृष्टि प्रभाव से भूमि,भवन, वाहन की प्राप्ति हो सकती है। किंतु राहु ग्रह का गोचर अष्टम भाव में होने से शेयर बाजार आदि में निवेश के लिए यह वर्ष अनुकूल नहीं है। राहु और केतु पैतृक संपत्ति पर कोई विवाद दे सकते हैं।

**उपाय :** इस वर्ष आदित्य हृदय स्त्रोत का पाठ और नित्य सूर्य को अर्घ्य देना आपके लिए लाभदायक होगा। शुक्रवार को दुर्गा सप्तशती का पाठ करें और श्री दुर्गा जी के मंदिर में एक नारियल और चुनरी चढ़ाएं।

### मेष

कन्या राशि के जातकों का स्वभाव से विनम्र और मृदुभाषी होता है। यह लोग सच्चे दोस्त साबित होते हैं और दोस्ती निभाने के लिए कुछ भी करने को तैयार रहते हैं। किसी भी तरह की मुश्किल आने पर यह लोग पहले घबरा जाते हैं लेकिन फिर खुद को संभालकर स्थिति पर नियंत्रण पाते हैं। वैदिक ज्योतिषशास्त्र की गणना और चंद्र राशि के आधार पर प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पं. मनोज कुमार द्विवेदी बता रहे हैं कि कन्या राशि वालों के लिए नया वर्ष 2024 कैसा रहने वाला होगा?

**करियर :** इस वर्ष अपने परिश्रम के बल पर कार्यक्षेत्र में सफलता प्राप्त करेंगे। सप्तम स्थान का राहु आपके व्यवसाय में उतार चढ़ाव का योग बन रहा है। अतः इस समय के अंतराल में आप कोई नया व्यापार प्रारंभ ना करें। अष्टमस्थ गुरु के प्रभाव से आपके कार्य क्षेत्र में गुप्त शत्रुओं द्वारा रुकावटें डाली जा सकती हैं। किंतु अप्रैल के बाद गुरु ग्रह का गोचर नवम भाव में होने से स्थितियों में आशातीत सुधार होगा। आप नए उत्साह से अपने कार्य व्यवसाय को अच्छी गति दे पाएंगे। इस वर्ष शनि का गोचर छठे भाव में रहेगा, शनि प्रतिस्पर्धा में आपको विजयी बनाएंगे।

**परिवार :** चतुर्थ एवं द्वितीय स्थान पर गुरु के दृष्टि प्रभाव से आपके परिवार में सुख शांति का वातावरण बना रहेगा। आपको परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। सप्तम स्थान का राहु आपके जीवनसाथी के स्वास्थ्य तथा उसके साथ संबंधों में समस्याएं उत्पन्न करेगा या किसी कार्यवश आप अपने घर से दूर रह सकते हैं। अप्रैल तक संतान की शिक्षा व स्वास्थ्य के मामले में सतर्क रहें।

**स्वास्थ्य :** अष्टमस्थ गुरु और लग्न स्थान पर राहु की दृष्टि के कारण आपके स्वास्थ्य में इस वर्ष उतार-चढ़ाव बना रहेगा। यदि पहले से कोई बीमारी है तो सावधानी की अधिक आवश्यकता रहेगी। अप्रैल के बाद राशि स्थान पर गुरु की पंचम दृष्टि प्रभाव से आपके स्वास्थ्य में सुधार होगा। मानसिक स्थिति बेहतर होगी। राशि में केतु के प्रभाव से धार्मिक कृतियों में रुचि बढ़ेगी जिससे आप मानसिक रूप से संतुष्ट और शारीरिक रूप से स्वस्थ महसूस करेंगे।

**आर्थिक स्थिति :** अप्रैल तक पैतृक संपत्ति के साथ-साथ परिवार का विश्वास प्राप्त होगा। अप्रैल के बाद नवम स्थान का गुरु आर्थिक उन्नति के लिए अच्छा रहेगा। गुरु ग्रह का गोचर अनुकूल होने के कारण आपके धनागम में वृद्धि होगी। छठे भाव में शनि ग्रह का गोचर बाहर अथवा विदेश से कुछ धनागम की संभावनाएं दे रहा है। आपके आय के स्त्रोत इस वर्ष कुछ नए माध्यम से भी हो सकते हैं।

**उपाय :** इस वर्ष गुरुवार का व्रत करें। गुरुवार को पीली वस्तुओं या बेसन के लड्डू का दान करें। शनिवार को काले कुत्ते को रोटी खिलाएं और राहु के मंत्रों का जाप करें।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com



## एक नजर

### यूक्रेन ने रूस पर गोलाबारी की, 3 बच्चों समेत 21 की मौत

**मॉस्को।** रूस के सीमावर्ती शहर बेलगोरोद पर यूक्रेन ने गोलाबारी की है, जिसमें तीन बच्चों समेत कम से कम 21 लोग मारे गए और 110 अन्य घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। बेलगोरोद के गवर्नर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, "मृतकों की संख्या बढ़कर 21 हो गई है, जिनमें तीन बच्चे शामिल हैं। घायल 110 लोगों में 17 बच्चे शामिल हैं। अभी तक 30 इमारतों, 344 अपार्टमेंट, तीन निजी घरों, कई व्यवसायों और सामाजिक सुविधाओं में क्षति की पहचान की गई है।" रूसी रक्षा मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार, बेलगोरोद और क्षेत्र में शुक्रवार-शनिवार को यूक्रेन के सशस्त्र बलों ने गोलाबारी की।

### मोजा बनाने वाली फैक्ट्री में आग लगने से 6 मजदूरों की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के संभाजीनगर जिले के बालुंज एमआईडीसी इलाके में स्थित मोजे बनाने वाली एक कंपनी में में बीती रात अचानक आग लग जाने से 6 मजदूरों की मौत हो गई। इस घटना में 7 मजदूर किसी तरह अपनी जान बचाने में कामयाब रहे। फायर ब्रिगेड के जवानों ने रविवार सुबह तक आग पर काबू पा लिया है। बालुंज एमआईडीसी इलाके में सनशाइन नामक मोजा बनाने वाली कंपनी में बीती रात तकरीबन 13 मजदूर काम कर रहे थे। कंपनी के दरवाजे पर ही रात में आग लग गई। आग देखकर सात मजदूरों ने किसी तरह कंपनी के बाहर निकलकर अपनी जान बचा ली, लेकिन छह मजदूर कंपनी से बाहर नहीं निकल सके। इस वजह से इन छह मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। मरने वाले मजदूरों में भल्ला शेख, कौसर शेख, इकबाल शेख, मगरूफ शेख और मिर्जापुर के दो अन्य मजदूर हैं।


# भगवान राम की एक झलक पाने अभी से उमड़ रहे देश-दुनिया के श्रद्धालु

**एजेंसी। अयोध्या**

अभी रामलला को अयोध्या स्थित अपने निमार्णाधीन भव्य मंदिर में विराजमान होने में पूरा एक महीना बाकी है, लेकिन भक्तों को सब्र कहां? अयोध्या में राम मंदिर निर्माण कार्य जारी है, इसलिए फिलहाल रामलला टेंट के नीचे ही विराजमान हैं। मगर भक्तों की श्रद्धा इतनी जबर्दस्त है कि भगवान राम की एक झलक पाने के लिए अभी से देश-दुनिया के श्रद्धालु उमड़ने लगे हैं। अब से महज एक महीने बाद रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो जाएंगे। फिलहाल लोग यहां रेल, बस या कार से पहुंच रहे हैं। वहीं कुछ लोग जल्द ही शुरू होने वाले मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम एयरपोर्ट के जरिए इस भव्य राम मंदिर के प्रतिष्ठा महोत्सव में पहुंचने की तैयारी कर रहे हैं।

- ज्यादातर बड़े मंदिरों में प्रसाद के लिए आपको एक निश्चित धनराशि देनी पड़ती है, वहीं राम मंदिर में भक्तों को प्रसाद से लेकर लॉकर और व्हीलचेयर तक की सुविधा मुफ्त उपलब्ध कराई जा रही है।
- साथ ही राम की पैड़ी से लेकर सूर्य कुंड पर होने वाले भव्य व आकर्षक लाइट एंड साउंड शो का आनंद भी मात्र 10 रुपए की धनराशि देकर लिया जा सकता है।
- रोजाना रात को यहां अनोखे लाइट एंड साउंड शो में पानी की स्क्रीन पर भगवान राम की कथा सुनाई जाती है।
- अयोध्या के तमाम चौराहों को रामायण से जुड़े पात्रों व प्रसंगों के माध्यम से सजाया जा रहा हैं।
- यही वजह है कि खास तौर पर अयोध्या के रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट को भी राम मंदिर का लुक दिया जा रहा है।

## ऐसा होगा राम मंदिर




### अयोध्या से संबंधित रचनाओं को सोशल मीडिया पर करें साझा : पीएम



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर को लेकर देश भर में उत्साह का जिक्र करते हुए रविवार को लोगों से आग्रह किया कि वे इससे संबंधित भजन जैसी अपनी रचनाओं को सोशल मीडिया पर हैशटैग श्री राम भजन के साथ साझा करें। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की ताजा कड़ी में प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी बताया कि कई अनुभवी कलाकारों और उभरते युवा कलाकारों ने दिल को छू लेने वाले भजनों की रचना की है। उन्होंने कहा, अयोध्या में राम मंदिर को लेकर पूरे देश में उत्साह और उमंग है। लोग अपनी भावनाओं को कई तरीकों से व्यक्त कर रहे हैं। आपने गौर किया होगा कि पिछले कुछ दिनों के दौरान श्रीराम और अयोध्या पर कई नए गीत और नए भजन रचे गए हैं। उन्होंने कहा कि कई लोग नई कविताएं भी लिख रहे हैं। उन्होंने कहा, इसमें कई अनुभवी कलाकार हैं। नए उभरते युवा कलाकारों ने भी दिल को छू लेने वाले भजनों की रचना की है। मैंने अपने सोशल मीडिया पर कुछ गाने और भजन भी साझा किए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसा लगता है कि कला जगत अपने अनूठे अंदाज में इस ऐतिहासिक क्षण का भागीदार बन रहा है।

# 'देश को रणनीतिक अर्थव्यवस्था बनाने को मजबूत आधार विकसित कर रही सरकार'

### तेजपुर विश्वविद्यालय के 21वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए रक्षा मंत्री

### अब रहने दो के स्थान पर आओ-करें पर विश्वास करता है नया भारत



**एजेंसी। शोणितपुर (असम)**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि केन्द्र सरकार देश में एक रणनीतिक अर्थव्यवस्था बनाने के लिए घरेलू, रक्षा, औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र का एक मजबूत आधार विकसित कर रही है। इसी के तहत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सरकार सभी प्रयास कर रही है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार को शोणितपुर जिला मुख्यालय शहर तेजपुर में तेजपुर विश्वविद्यालय के 21वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। रक्षा मंत्री ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए रक्षा मंत्रालय के उठाए गए विभिन्न कदमों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पहली बार हथियारों के आयात को प्रतिबंधित किया गया है। उन्होंने कहा, हमने पांच सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियां जारी कीं, जिसके तहत 509 ऐसे रक्षा उपकरणों की पहचान की गई है, जिनका निर्माण अब स्वदेशी रूप से किया जाएगा। इसके अलावा, हमने रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की चार सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची भी जारी की है, जिसमें 4,666 वस्तुओं की पहचान की गई है, जिनका निर्माण अब हमारे देश में किया जाएगा।

घरेलू रक्षा विनिर्माण पर सरकार के फोकस को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि पहली बार उत्पादन एक लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड आंकड़े को पार कर गया है। उन्होंने कहा कि भारत के रक्षा निर्यात का कुल मूल्य, जो 2016-17 में 1,521 करोड़ रुपये था, 2022-23 में लगभग 10 गुना बढ़कर 15,920 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। राजनाथ सिंह ने किसी भी स्थिति से निपटने के लिए वर्तमान सरकार के सक्रिय रवैये के बारे में विस्तार से बताया। विश्वसनीयता के संकट को आत्मविश्वास की संस्कृति से बदलने को लेकर उन्होंने कहा कि भारत अब रहने दो दृष्टिकोण के प्रति सहिष्णु नहीं है। आज, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत आओ-करें दृष्टिकोण में विश्वास करता है।

महिला सशक्तिकरण के मुद्दे पर राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार ने सेना सहित सभी क्षेत्रों में महिलाओं का उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं। आज देश में महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। लड़ाकू विमानों से लेकर चंद्रयान तक ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जिसमें महिलाओं की उपस्थिति न देखी गई हो। देश को विकसित भारत बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा, भारत को आर्थिक और सैन्य महाशक्ति बनाने का विचार प्रतिभाशाली युवाओं की क्षमताओं में विश्वास पर आधारित है। उन्होंने कहा, युवाओं को सशक्त बनाने और उनकी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए, हमारी सरकार ने स्टार्ट-अप संस्कृति और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा दिया है।

रक्षा औद्योगिक क्षेत्र में मंत्रालय की ओर से शुरू की गई स्टार्टअप संस्कृति का उल्लेख करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंस (आईडेक्स) अपनी स्थापना के बाद से ही नवीन विचारों को सफलतापूर्वक बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहाकि युवाओं में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सरकार के विभिन्न प्रयासों के कारण आज देश में एक लाख से अधिक स्टार्ट-अप हैं।

# प्रधानमंत्री की ऐसी निष्ठुरता देख पीड़ा होती है : राहुल

### विनेश के पुरस्कार लौटाने पर कांग्रेसी नेता ने कहा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महिला पहलवान विनेश फोगाट द्वारा अपना खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार राष्ट्रीय राजधानी के कर्तव्य पथ पर छोड़े जाने को लेकर रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री देश के अभिभावक होते हैं और उनकी तरफ से ऐसी निष्ठुरता देखकर दुख होता है। राहुल गांधी का यह बयान तब आया है जब एक दिन पहले विश्व चैम्पियनशिप में कई बार की पदक विजेता विनेश फोगाट ने अपने खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार लौटा दिए तथा दिल्ली पुलिस द्वारा प्रधानमंत्री कार्यालय जाने से रोके जाने के बाद दोनों पुरस्कार कर्तव्य पथ के बीच में छोड़ दिए। विनेश ने ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया के साथ मिलकर भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह के चुनाव का विरोध किया था। इन तीनों ने बृजभूषण पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। कर्तव्य पथ पर फोगाट का एक वीडियो साझा करते हुए राहुल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, देश की हर बेटी के लिए आत्मसम्मान पहले है, अन्य कोई भी पदक या सम्मान उसके बाद है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, आज, क्या एक घोषित बाहुबली से मिलने वाले राजनीतिक फायदे की कीमत इन बहादुर बेटियों के आंसुओं से अधिक हो गई है? प्रधानमंत्री राष्ट्र के अभिभावक होते हैं, उनकी ऐसी निष्ठुरता देख पीड़ा होती है।

# मप्र में मंत्रियों को हुआ विभागों का आवंटन मुख्यमंत्री ने अपने पास रखा गृह विभाग

**एजेंसी। भोपाल**



मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मंत्रिमंडल विस्तार के पांच दिन बाद मंत्रियों को विभागों का आवंटन कर दिया गया है। इनमें कैलाश विजयवर्गीय को नगरीय प्रशासन और प्रहलाद पटेल को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की जिम्मेदारी मिली है, जबकि उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा को वित्त, राजेंद्र शुक्ला को लोक स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा दिया गया है। वहीं, गृह विभाग मुख्यमंत्री डॉ यादव ने स्वयं अपने पास रखा है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा शनिवार देर रात आदेश जारी किया है। अपर मुख्य सचिव विनोद कुमार द्वारा राज्यपाल के आदेशानुसार उक्त आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार, सामान्य प्रशासन, गृह, जेल, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, जनसम्पर्क, नर्मदा घाटी विकास, विमानन, खनिज साधन, लोक सेवा प्रबंधन, प्रवासी भारतीय एवं ऐसे समत्स विभाग जो किसी अन्य मंत्री नहीं सौंपे गए हैं, वे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव यादव के पास रहेंगे।

# पंजाब व बंगाल की झांकियां थीम के अनुरूप नहीं : रक्षा मंत्रालय

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पंजाब, दिल्ली और पश्चिम बंगाल की आलोचना का सामना कर रहे रक्षा मंत्रालय ने रविवार को स्पष्ट किया कि उनकी झांकी को गणतंत्र दिवस परेड में शामिल नहीं किया गया, क्योंकि वे इस साल की झांकी के व्यापक विषयों के साथ मेल नहीं खाती थीं। पंजाब और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्रियों की प्रतिक्रियाओं का हवाला देते हुए मीडिया रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया करते हुए, रक्षा मंत्रालय ने कहा कि गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने के लिए झांकियों के चयन के लिए एक स्थापित प्रणाली है, इसके अनुसार रक्षा मंत्रालय सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी), केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों की झांकी का प्रस्ताव आमंत्रित करता है। झांकी के प्राप्त प्रस्तावों का मूल्यांकन झांकी के चयन के लिए विशेषज्ञ समिति की बैठकों में किया जाता है, इसमें कला, संस्कृति, चित्रकला, मूर्तिकला, संगीत, वास्तुकला, कोरियोग्राफी आदि के क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल होते हैं।

# पीएम ने नाटू नाटू व द एलिफेंट व्हिस्परर्स को ऑस्कर दिए जाने के महत्व को किया रेखांकित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री ने रविवार को साल 2023 के आखिरी मन की बात संबोधन में फिल्म 'आरआरआर' के गीत नाटू नाटू और वृत्तचित्र लघु फिल्म श्रेणी में द एलिफेंट व्हिस्परर्स के लिए इस साल के ऑस्कर में भारत की दोहरी जीत को रेखांकित किया। रेडियो प्रसारण की 108वीं कड़ी में प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया ने भारत की रचनात्मकता को देखा और अपने मनोरंजन उद्योग के माध्यम से पर्यावरण के साथ देश के संबंध को समझा।

### पीएम नए साल पर दक्षिण के 3 राज्यों का करेंगे दौरा

पीएम कल से तमिलनाडु, केरल और लक्षद्वीप का तीन दिवसीय दौरा करेंगे। तमिलनाडु में वे 19,850 करोड़ रुपये और लक्षद्वीप में 1150 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, दो जनवरी को सुबह प्रधानमंत्री तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली पहुंचेंगे। वह तिरुचिरापल्ली के भारतीदासन विश्वविद्यालय के 38वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। दोपहर में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री विमानन, रेल, सड़क, तेल, गैस, शिपिंग और उच्चतर शिक्षा क्षेत्र से संबंधित 19,850 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

## खुलासा

### लाल सागर, उत्तर-मध्य अरब सागर व अदन की खाड़ी में भारत ने निगरानी बढ़ाई

# 5 जहाजों के साथ समुद्री टोही पी-8 आई विमान तैनात

### ऑयल टैंकर एमवी केम प्लूटो पर 23 दिसंबर को हुआ था ड्रोन से हमला

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पिछले कुछ हफ्तों में लाल सागर, अदन की खाड़ी और मध्य-उत्तरी अरब सागर में अंतरराष्ट्रीय शिपिंग लेन से गुजरने वाले व्यापारिक जहाजों के साथ हुई घटनाओं को देखते हुए भारतीय नौसेना ने निगरानी बढ़ा दी है। भारतीय नौसेना ने लाल सागर से गुजरने वाले व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा के लिए विभिन्न क्षेत्रों में पांच जहाज तैनात किये हैं। इसके अलावा लंबी दूरी के समुद्री टोही पी-8आई विमानों को नियमित रूप से तैनात किया गया है।



लाल सागर में लाइबेरियन फ्लैग केमिकल, ऑयल टैंकर एमवी केम प्लूटो पर 23 दिसंबर को हमला हुआ था, जिसे भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने बचाया। इसके बाद जहाज को आईसीजी के जहाज आईसीजीएस विक्रम की निगरानी में 21 भारतीय और 01 वियतनामी चालक दल के साथ 25 दिसंबर को मुंबई लाया गया। साथ ही क्षेत्र में जागरुकता बनाए रखने के लिए लंबी दूरी के समुद्री टोही पी-8आई विमानों को नियमित रूप से तैनात किया है। पश्चिमी नौसेना कमान का समुद्री संचालन केंद्र तटरक्षक बल और सभी संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय कर सक्रिय रूप से स्थिति की निगरानी कर रहा है। पिछले कुछ हफ्तों में लाल सागर, अदन की खाड़ी और मध्य-उत्तरी अरब सागर में समुद्री असुरक्षा की घटनाएं बढ़ी हैं। भारतीय तट से लगभग 700 समुद्री मील दूर एमवी रुएन पर समुद्री डकैती की घटना और पोरबंदर से लगभग 220 समुद्री मील दक्षिण पश्चिम में एमवी केम प्लूटो पर हाल ही में हुआ ड्रोन हमला भारतीय विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के करीब समुद्री घटनाओं में बदलाव का संकेत देता है।

इन घटनाओं के जवाब में भारतीय नौसेना ने विध्वंसक आईएनएस कोच्चि, कोलकाता, मोरमुगाओ और फ्रिगेट आईएनएस त्रिशूल को लाल सागर के पास तैनात किया है। इसके अलावा किसी भी घटना की स्थिति में व्यापारिक जहाजों को सहायता देने के लिए विध्वंसक और फ्रिगेट वाले कार्य समूहों को तैनात किया गया है। स्वदेशी आईएनएस कोच्चि राडार से बच निकलने के लिए डिजाइन किया गया है और इसमें अत्याधुनिक हथियार लगाए गए हैं। यह अग्रणी सुपरसोनिक तथा जमीन से जमीन तक मार करने वाली ब्रह्मोस मिसाइल से लैस है। आईएनएस कोलकाता भारत में अब तक तैयार किये गए युद्धपोतों में सर्वाधिक ताकतवर माना जाता है। यह भी लंबी दूरी तक भूमि से भूमि तक मार करने वाली ब्रह्मोस मिसाइल से लैस है। मोरमुगाओ भारतीय नौसेना के विशाखापत्तनम श्रेणी के स्टील्थ गाइडेड-मिसाइल विध्वंसक जहाज का दूसरा जहाज है। फ्रिगेट आईएनएस त्रिशूल सतह से हवा में मार करने वाली हथियार प्रणालियों से लैस है।

नौसेना ने एक बयान में कहा कि संपूर्ण समुद्री डोमेन जागरुकता के लिए लंबी दूरी के समुद्री गश्ती विमानों और हवाई निगरानी को भी बढ़ाया गया है। ईईजेड की प्रभावी निगरानी के लिए भारतीय नौसेना तटरक्षक बल के साथ निकट समन्वय में काम कर रही है।

# पीटीआई के बड़े नेताओं का नामांकन पत्र खारिज

**इस्लामाबाद।** आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव के लिए पीटीआई के शीर्ष नेतृत्व का नामांकन पत्र जांच में फेल हो गया, इसके बाद पार्टी ने नाराजगी जताई। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। डॉन ने इसाखेल के सहायक आयुक्त गुलाम मुर्तजा के हवाले से बताया कि पीटीआई के संस्थापक इमरान खान के एनए-122 (लाहौर) और एनए-89 से नामांकन पत्र तोशखाना मामले में दोषी ठहराए जाने और कुछ लंबित बकाए के कारण खारिज कर दिए गए। मुर्तजा ने कहा कि उन्हें यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त (जनरल) से मिली, जो एनए-89 के रिटर्निंग ऑफिसर हैं। पीटीआई के उपाध्यक्ष शाह महमूद कुरैशी, पीटीआई नेता और पंजाब प्रांत के पूर्व गवर्नर परवेज इलाही, पार्टी नेता हम्माद अजहर और पार्टी की महिला विंग की नेता अमारा नियाजी के नामांकन पत्र भी खारिज कर दिए गए।

## फिल्म जगत

# सोशल मीडिया पर भाभी-2 के नाम से प्रसिद्ध हो गई हैं तृप्ति डिमरी



**फिल्म एनिमल** में रणबीर और रश्मिका के अभिनय के साथ एक और अभिनेत्री तृप्ति डिमरी चर्चा में आ गई हैं। फिल्म में तृप्ति का रोल भले ही छोटा है, लेकिन उनकी एक्टिंग और उनके बोल्ड सीन सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में हैं। एक इंटरव्यू में तृप्ति ने फिल्म में अपनी और रणबीर की केमिस्ट्री पर कमेंट किया है। फिल्म में अपने किरदार की वजह से तृप्ति डिमरी भारत की नेशनल क्रश बन गई हैं और सोशल मीडिया पर उन्हें भाभी-2 भी कहा जा रहा है। सोशल मीडिया पर काफी चर्चा हो रही है, खासकर फिल्म में रणबीर कपूर और तृप्ति के इंटीमेट सीन की। जब तृप्ति से पूछा गया कि रणबीर कपूर के साथ काम करने का उनका शुरूआती अनुभव कैसा रहा तो उन्होंने मुस्कुराते हुए जवाब दिया। जब मैंने उनके साथ काम करना शुरू किया तो शुरू में उनके आसपास रहने पर मुझ पर लगातार दबाव रहता था। तृप्ति ने जवाब दिया, जब मैं उनसे पहली बार मिली तो मैंने उनसे सिर्फ इतना कहा कि आप मेरे पसंदीदा अभिनेता हैं। वह बहुत अच्छे सह-कलाकार हैं और उन्होंने काफी मदद की है। फिल्म के गाने "पहले भी मैं" में इंटीमेट सीन की शूटिंग के दौरान रणबीर काफी शांत थे। तृप्ति ने कहा कि एक इंटीमेट सीन शूट करते वक्त रणबीर ने मुझसे पूछा कि क्या आप कंफर्टेबल हैं। इस पर संदीप, रणबीर और डीओपी ने मुझसे पूछा था कि जब भी आप दबाव या असहज महसूस करें तो हमें बताएं।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व पर जनता का बढ़ा भरोसा : लक्ष्मीकांत

### कार्यकर्ता का परिश्रम ही पार्टी की पूंजी, सेवा-संगठन और आंदोलनात्मक कार्यक्रम हुए

### हेमंत सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी है, सबसे बड़े कैश कांड पर प्रधानमंत्री ने भी चिंता व्यक्त की

**आरएनएम। पश्चिमी सिंहभूम**
भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि जनता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व पर भरोसा बढ़ा है। करिश्माई नेतृत्व और बूथ पर कार्यकर्ताओं की ताकत से तीसरी बार मोदी सरकार 400 प्लस सीट के साथ बनेगी। उन्होंने स्वयंसेवी और सामाजिक संगठनों को राष्ट्रहित में आगे आने का आह्वान किया। वे रविवार को झारखंड भाजपा की एक दिवसीय प्रदेश पदाधिकारी, कोर कमेटी, जिलाध्यक्षों, जिला प्रभारी और मोर्चा अध्यक्षों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में पार्टी के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सांसद दीपक प्रकाश, डॉ रविंद्र कुमार राय, डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय सहित प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी गण शामिल हुए। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने और धन्यवाद ज्ञापन सांसद आदित्य साहू ने किया।

**झारखंड भाजपा की प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक**



### 2024 को विजय वर्ष बनाएं पार्टी कार्यकर्ता : बाबूलाल



प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि 2023 का अंतिम दिन भी पार्टी कार्यकर्ताओं ने संगठन को समर्पित किया। पांच राज्यों के चुनाव में दशहरा, दीपावली त्योहार भी घर से बाहर मनाया। उसके सकारात्मक परिणाम आए। कार्यकर्ता का परिश्रम ही पार्टी की पूंजी है। उन्होंने कहा कि 2023 में सेवा, संगठन और आंदोलनात्मक कार्यक्रम हुए। विधानसभा स्तर पर संकल्प यात्रा बरसात में भी ऐतिहासिक सफल हुई। उन्होंने कहा कि 2024 का वर्ष हमें विजय वर्ष बनाना है। राज्य की 14 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाकर केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनानी है। सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी भाजपा को बूथों तक पहुंचाना है। आज घर-घर मोदी सरकार की योजनाएं पहुंची है। घर-घर भाजपा पहुंची है। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

### मोदी की नजरों में युवा, महिला किसान व गरीब : अन्नपूर्णा देवी



केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि विकास विरोधी लोग देश को जाति की राजनीति में उलझाना चाहते हैं जबकि प्रधानमंत्री ने सबका साथ, सबका विकास पर जोर दिया। मोदी की नजरों में युवा, महिला, किसान और गरीब यही जाति हैं। मोदी सरकार इन वर्गों के सशक्तिकरण को समर्पित है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की यात्रा है।

### केंद्रीय योजना के राशि का हिसाब नहीं दे रही सरकार : अर्जुन मुंडा



केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि एक तरफ राज्य सरकार केंद्र सरकार को कठघरे में खड़ा करती है। असहयोग का रोना रोती है। वहीं, सच्चाई यह है कि हेमंत सरकार केंद्रीय योजनाओं के पैसे के खर्च का हिसाब नहीं दे रही। खजाने में पैसे पड़े हैं खर्च नहीं हो रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सुशासन पर बल दिया है जो सरकार पारदर्शी तरीके से खर्च कर रही है उसे पैसे की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार आदिवासी, किसान, कृषि से संबंधित योजनाओं को भी धरातल पर नहीं उतार पा रही। उन्होंने कहा कृषि क्षेत्र में इस वर्ष झारखंड सरकार केंद्रीय वित्तीय सहायता नहीं प्राप्त कर सकी। क्योंकि, इस सरकार ने पिछले वर्ष का ही हिसाब नहीं दिया है। हेमंत सरकार किसी मद के पैसे को दूसरे मद में खर्च कर देती है, जो वित्तीय अनियमितता है।

### सरकार ने दलित आदिवासियों को ठगा : अमर बाउरी



नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि हेमंत सरकार पर भ्रष्टाचार का बड़ा लेबल लग चुका है। यह सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी है। सबसे बड़े कैश कांड पर प्रधानमंत्री ने चिंता व्यक्त करते हुए जनता को पाई पाई वापस लाने का भरोसा दिया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने फिर एक बार दलितों आदिवासियों को ठगा है। युवा झारखंड में 10 वर्ष पहले ही लोगों को बूढ़ा बनाया जा रहा। उन्होंने कहा कि वृद्धा पेंशन योजना का भी वही हाल होगा जो बेरोजगारी भत्ता का हुआ।

### जो रामलला को लाए हैं उन्हें तीसरी बार हमें लाना है : कर्मवीर सिंह



भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री ने बैठक में आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि एक जनवरी से 15 जनवरी तक कार्यकर्ता अयोध्या में राम मंदिर निर्माण और 22 फरवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अक्षत निमंत्रण को लेकर घर-घर जाएं। यह गौरव दिवस नरेन्द्र मोदी सरकार ने भारत वासियों को दिया है। उन्होंने कहा कि जो टेंट से निकालकर भव्य मंदिर में रामलाला को लाए हैं उन्हें तीसरी बार हमें लाना है। उन्होंने पार्टी के सभी मोर्चों के द्वारा आयोजित होने वाले सम्मेलनों, बैठकों, संपर्क अभियान से संबंधित विस्तृत चर्चा की। सिंह ने आगामी 26 जनवरी को तिरंगा यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया।

## एक नजर

### भाजमो लोस के सात सीटों पर खड़ा करेगी प्रत्याशी : धर्मेंद्र तिवारी

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि पार्टी ने झारखंड प्रदेश को विकसित राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए जनहित के सभी मामलों को प्रमुखता से सरकारी तंत्र के समक्ष उठाया है। हमने जनमुद्दों का समाधान करने की दिशा में पहल करने का निरंतर दबाव भी सरकार पर बनाया है। कार्यकर्ताओं एवं सहयोगियों के प्रयास से झारखंड के 20 जिलों में मोर्चा का कार्य चल रहा है। श्री तिवारी ने कहा कि हमारे संरक्षक विधायक सरयू राय ने संपर्क, समस्या और समाधान का जो मूल मंत्र हमें दिया है। उसका पालन करते हुए हम सभी उसे कार्यान्वित कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं को पार्टी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि चुनाव लड़ने के लिए आप तैयार रहे। पार्टी झारखंड के विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से जनता के बीच जाने को तैयार हैं। आगामी लोकसभा और विधानसभा का चुनाव पार्टी अपने बल पर कार्यकर्ताओं के सहयोग से लड़ेगी। लोकसभा चुनाव में जमशेदपुर, धनबाद, पलामू, चतरा, हजारीबाग एवं गिरिडीह में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करायेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति के नाम पर युवाओं को ठगा, घोटालेबाजों व माफियाओं को प्रश्रय दिया है। श्री तिवारी ने कहा कि हमारी पार्टी 6 लोकसभा सीट और 35 से 40 सीटों पर अपना प्रत्याशी खड़ाकर विस का चुनाव लड़ेगी।

### कोनका मौजा में पूर्वजों की याद में होगी हरगड़ी पूजा

**रांची।** आदिवासियों की पूर्वजों को याद को लेकर हरगड़ी पूजा के आयोजन पर चर्चा के लिए बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता कोनका मौजा के सरना समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुजूर ने किया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मौजा के मुख्य पाहन धाधु किस्पोट्टा और पारनो किस्पोट्टा की अगुवाई में विधि विधान के साथ ढोल, नगाड़ा, मांदर की थाप में हरगोड़ी स्थल से लेकर सामलोगं, भुईया टोली, मसना स्थल रीति रिवाज, परंपरा के साथ हरगोड़ी पूजा के लिए ग्रामीण प्रस्थान करेंगे। जिसमें लगभग मौजा के 12 गांव के लोग उपस्थित रहेंगे। इस बैठक में अनिल किस्पोट्टा, पवन तिर्की, आकाश तिर्की अन्य उपस्थित थे।

### खुदरा व्यावसायिक संघ का ट्रेड लाइसेंस प्रक्रिया सरल करने की मांग

**रांची।** झारखंड राज्य खुदरा व्यवसाय संघ की कार्यकारिणी की बैठक चुटिया में हुई। बैठक की अध्यक्षता सुरेंद्र गुप्ता ने की। बैठक में संघ के महामंत्री योगेंद्र प्रसाद पोद्दार ने वर्ष 2023 के आय व्यय प्रस्तुत किया। जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। संघ के मंत्री संजय पोद्दार ने नगर निगम में ट्रेड लाइसेंस संबंधी कठिनाइयों पर चर्चा करते हुए कहा कि नगर निगम में ट्रेड लाइसेंस को लेकर परेशानियां बढ़ गई है। रांची में कई ऐसे छोटे-छोटे दुकानदार हैं जो रेंट पर दुकान लेकर दुकान चला रहे हैं।

## सीएम से लेकर आईएएस की पत्नी तक ईडी के राडार पर, जनवरी महीना पड़ेगा भारी




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
साल 2023 झारखंड में ईडी की कारवाई को लेकर जाना जाएगा। वहीं अनुमान लगाया जा रहा है कि साल 2024 भी ईडी के द्वारा की गई कारवाई को लेकर ही याद रहा जाएगा, क्योंकि नए साल में भी झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन से लेकर कई अफसर और एक आईएएस अधिकारी की पत्नी भी ईडी के राडार पर, सभी के लिए जनवरी का पहला सप्ताह बेहद अहम है।

### सीएम का दर्ज होना है बयान

ईडी के छह समन के बाद भी ईडी दफ्तर नही पहुचने वाले सीएम हेमन्त को ईडी के द्वारा जमीन घोटाले मामले में बयान दर्ज करने के लिए 31 दिसंबर का समय ईडी ने एक निश्चित स्थान तय करने का समय दिया था,जो जानकारी मिल रही है उसके अनुसार सीएम हेमन्त के द्वारा अभी तक ईडी से इस मामले को लेकर कोई पत्राचार नही किया गया है। ऐसे में यह तय माना जा रहा है की जनवरी 2024 के पहले सप्ताह में ईडी सीएम हेमन्त को लेकर कोई न कोई बड़ा निर्णय जरूर ले लेगी।

### दो जनवरी को जेलर से होगी पूछताछ

रांची के एक प्रतिष्ठित अखबार के संपादक को जेल से धमकी देने के मामले को लेकर रांची जेल के जेलर प्रमोद कुमार ईडी के राडार पर आ गए है। ईडी ने जेलर को समन जारी कर दो जनवरी को पूछताछ के लिए तलब किया है। पूरा मामला शराब घोटाले में गिरफ्तार कारोबारी योगेंद्र तिवारी से जुड़ा हुआ है। रांची के एक प्रतिष्ठित अखबार के संपादक को जेल से धमकी दी गई थी। जांच के क्रम में यह बात सामने आई है कि इसमे जेलर की भूमिका भी संदिग्ध है। सम्पादक को जेल में बंद योगेंद्र तिवारी के द्वारा ही धमकी दी गई है। योगेंद्र को ईडी ने गिरफ्तार किया था।

### गृह सचिव की पत्नी से होगी 3 जनवरी को पूछताछ

जनवरी के पहले सप्ताह में झारखंड के गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार की पत्नी प्रीति कुमार को ईडी ने समन भेजा है। ईडी ने समन भेजकर 3 जनवरी की सुबह 10:30 बजे एजेंसी के रांची जोनल आफिस में पूछताछ के लिए बुलाया है। रांची जमीन घोटाले की जांच कर रही ईडी को 13 अप्रैल को बड़गाईं अंचल के राजस्व उपनिरीक्षक के घर और मोबाइल से कई जमीनों के दस्तावेज मिले थे, डीसी रांची के आदेश के बाद इस मामले में सदन थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। इस केस में ईडी ने ईसीआईआर दर्ज किया था। ईडी ने प्रीति कुमार के जमीन से जुड़े बर्लिन अस्पताल का सर्वे पांच दिसंबर को कराया था। इस दौरान एजेंसी ने पाया था कि बूटी मोड़ स्थित बर्लिन अस्पताल में सात कठ्ठा अवैध कब्जा है। ईडी ने बर्लिन अस्पताल की पूरी जमीन और नक्शे का सर्वे किया था। ईडी ने जांच में पाया है कि बर्लिन अस्पताल का पार्किंग सरकारी जमीन पर बना है। ईडी अब इस पूरे मामले को सरकारी जमीन पर कब्जा का मामला मान रही है, इसी मामले में प्रति कुमार से पूछताछ की जाएगी।

## देवघर बाबा मंदिर में नव वर्ष पर उमड़ने वाली भीड़ के मद्देनजर पुलिस का विशेष पहरा

**नवीन मेल संवाददाता। देवघर**
नये साल 2024 के अवसर पर बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ पर्यटक स्थलों पर भ्रमण के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु सहित पर्यटक देवघर पहुंचेंगे। इसे देखते हुए पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। इस संबंध में डीसी-एसपी द्वारा संयुक्त आदेश जारी कर दिया गया है।



नये साल के आगमन को लेकर काफी संख्या में पर्यटक व स्थानीय लोग 31 दिसंबर की रात को जश्न मनायेंगे। वहीं, एक जनवरी को पर्यटक स्थलों और पिकनिक स्पॉट तपोवन, नंदन पहाड़, पुनासी, त्रिकुट, चिल्ड्रेन पार्क आदि जगहों पर जुटेंगे। इन स्थानों पर उपद्रवियों व हुड़दंगियों पर विशेष नजर रहेगी। सुरक्षा में दो बाइक दस्ता व पांच क्यूआरटी को भी शामिल किया गया है।

इसके अलावा यातायात में भी पदाधिकारी और पुलिसकर्मियों को ड्यूटी पर लगाया गया है। यातायात के वरीय प्रभार में सीसीआर डीएसपी आलोक रंजन व सहयोग में यातायात थाना प्रभारी आतिश कुमार रहेंगे। बाबा मंदिर के संपूर्ण प्रभार में मधुपुर एसडीपीओ विनोद रवानी, रूट लाइन के संपूर्ण प्रभार में मुख्यालय डीएसपी मंगल सिंह जामुदा रहेंगे।

इस दौरान बाहरी वाहनों के प्रवेश से शहरी क्षेत्र में जाम की समस्या हो सकती है। शहर में सुचारू यातायात व्यवस्था को लेकर यातायात विभाग ने तैयारी कर ली है। इसके लिए बाबा मंदिर व आसपास क्षेत्र में 18 नो-इंट्री जोन बनाये गये हैं। नो-इंट्री जोन में श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखकर दोनों दिन बड़े वाहनों व छोटे चारपहिया वाहनों का प्रवेश निषेध रखा गया है। गोड्डा, गिरिडीह व दुमका की तरफ से आने वाली बड़ी गाड़ियों के लिए हथगढ़ मैदान में बस पड़ाव निर्धारित किया गया है। साथ ही शेष चारपहिया गाड़ियों समेत छोटे वाहनों का पड़ाव क्लब ग्राउंड में घोषित किया गया है।

इस संबंध में सीसीआर सह यातायात डीएसपी आलोक रंजन के प्रस्ताव पर एसडीओ ने आदेश जारी किया है। आदेश में जिक्र है कि नव वर्ष पर बाबा मंदिर में काफी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इस दौरान बाहरी वाहनों के प्रवेश से शहरी क्षेत्र में जाम की समस्या हो सकती है। इसी को ध्यान में रखते हुए सुगम यातायात के लिए यह कदम उठाया गया है।

संपूर्ण विधि व्यवस्था के वरीय प्रभार में एसडीओ दीपांकर चौधरी व देवघर एसडीपीओ पवन कुमार रहेंगे। ट्रैफिक व्यवस्था को बहाल व व्यवस्थित करने के लिए पहली जनवरी को नशेड़ियों पर नजर रखने के साथ रेस ड्राइव व ड्रंक ड्राइव में कड़ाई से पेश आने का निर्देश दिया गया है। नये साल के पहले दिन बाबा बैद्यनाथ मंदिर में शांतिपूर्ण जलार्पण कराने के लिए 500 से अधिक पुलिसकर्मियों को ड्यूटी पर लगाया गया है। नव वर्ष शांतिपूर्वक मनाने के लिए पुलिस की पैनी नजर रहेगी। बाहर से आने वाले सैलानी बेखौफ पिकनिक स्थलों में नववर्ष का जश्न मनायें। इसके लिए सभी पिकनिक स्थलों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। नववर्ष को लेकर पिकनिक स्पॉट पर पुलिस का पहरा रहेगा। सैलानियों की सुरक्षा एवं पिकनिक के आनंद में किसी तरह का खलल न हो, इसके प्रति जिला पुलिस अलर्ट है।

## 4 जमीन कारोबारियों से मांगी एक साथ रंगदारी, एक के घर पर फेंक दिया बम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी में चार जमीन कारोबारियो से एक साथ रंगदारी की मांग की गई है। रंगदारी नहीं देने पर चारों को एक साथ जान से मार देने की धमकी दी गई है, इतना ही नहीं एक व्यक्ति के घर पर तो धमकी देने वालों ने देशी बम से हमला भी किया है।

**नगड़ी में करते है कारोबार :** रांची के पुंदाग के रहने वाले दो जमीन कारोबारी मोहन शर्मा और राजेश से एक एक करोड़ रुपये की रंगदारी कोबरा गैंग के द्वारा मांगी गई है। वही रांची के ही डोरंडा के रहने वाले जमीन कारोबारी हीरालाल साहू और पंडरा के मेजर कोठी के जमीन कारोबारी अखिलेश रे से भी रंगदारी मांगी गई है। चारो जमीन कारोबारियों को एक ही नम्बर से वाट्सप कॉल आया है और सबसे एक एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई है। दिलचस्प बात यह है कि चारो जमीन कारोबारियो से कोबरा गैंग के नाम पर ही रंगदारी मांगी गई है और चारो कारोबारी रांची के नगड़ी इलाके में ही कारोबार करते है।

**मोहन शर्मा के घर फोड़ा बम:** वही पुंदाग के रहने वाले जमीन के कारोबारी मोहन शर्मा के घर रविवार को किसी के द्वारा बम भी फेंका गया है। हालांकि बम से कोई नुकसान नहीं हुआ है पुलिस यह जांच कर रही है कि विस्फोट पटाखा से हुआ था या सुतली बम से।

**सबको कोबरा गैंग के नाम से ही धमकी :** चारों जमीन कारवाइयों को कोबरा गैंग के नाम से ही रंगदारी मानी गई है और धमकी भी दी गई है चारों को यह निर्देश दिया है कि वह जल्द से जल्द रंगदारी के पैसे का उपाय कर उन्हें सूचना दें अन्यथा सभी को अपने जान से हाथ धोना होगा।

## श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का क्षण होगा अविस्मरणीय : तिलक राज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
विहिप की प्रांत कार्यकारिणी की बैठक हरमू रोड प्रांत कार्यालय में रविवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रांत कार्याध्यक्ष तिलकराज मंगलम ने की। मौके पर मंगलम ने कहा भगवान पुरुषोत्तम श्रीराम जन-जन के मन में बसे हुए हैं। विश्व के संपूर्ण हिंदू समाज के लिए भगवान पुरुषोत्तम श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा अविस्मरणीय संजोग का क्षण होगा। हिंदू समाज के लिए भारत की संपूर्ण भूधरा अयोध्या एवं प्रत्येक मंदिर श्रीराममंदिर ही होगा। उन्होंने कहा समस्त हिंदू समाज अपनी-अपने निकटतम मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान के साथ अपने-अपने घरों में दीपोत्सव के लिए 22 जनवरी के शुभ दिवस की प्रतीक्षा में हैं।



### 22 को धार्मिक अनुष्ठान कर बनाएंगे विश्व कीर्तिमान : डॉ बिरेन्द्र

विहिप के प्रांत मंत्री डॉ बिरेन्द्र साहू ने कहा संपूर्ण देश सहित झारखंड में भी श्रीरामलला जी के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उल्लास का वातावरण बना हुआ है। एक जनवरी से 15 जनवरी के बीच पूजित अक्षत 31 लाख से अधिक परिवार तक पहुंचने के लिए संगठनात्मक दृष्टि से 344 प्रखंड के 4491 पंचायत तक पूजित अक्षत कलश पहुंच चुका है। विश्व हिंदू परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहित सभी अनुषांगिक संगठन के कार्यकताओं के पांच हजार से अधिक टोलियां पूजित अक्षत लेकर परिवार तक पहुंचेंगे। डॉ साहु ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के शुभ घड़ी पर 22 जनवरी को झारखंड सहित संसार के समस्त हिंदू समाज मंदिरों में एक साथ धार्मिक अनुष्ठान और दीपोत्सव कर विश्व कीर्तिमान करेंगे।

## अच्छी पहल — मतदान केंद्रों पर उपलब्ध जरूरी न्यूनतम सुविधाओं के सोशल आडिट का निर्णय

# ‘मतदाताओं-मतदान कर्मियों को मिलेंगी सभी सुविधाएं’

### सामाजिक अंकेक्षण रिपोर्ट के आधार पर हर बूथ पर किसी भी कमी या गैप को किया जाएगा दूर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के निर्देश और पहल पर आगामी लोकसभा आम चुनाव, 2024 हेतु राज्य के सभी मतदान केन्द्रों पर जरूरी न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की कवायद शुरू कर दी गयी है। दरअसल वर्तमान में झारखंड राज्य के मतदान केंद्रों में जरूरी न्यूनतम सुविधाओं की स्थिति क्या है, इसको लेकर सोशल ऑडिट स्टेट यूनिट की मदद से थर्ड पार्टी सामाजिक अंकेक्षण कराए जाने का निर्णय लिया गया है। देश में संभवतः यह पहला अवसर है जब निर्वाचन विषयों को लेकर स्वतन्त्र सामाजिक अंकेक्षण करवाया जा रहा हो। इस पहल को लेकर सीईओ के. रवि कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग का हमेशा से निर्देश रहा है कि मतदान के दिन मतदान केंद्रों पर न केवल सभी जरूरी न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध हों बल्कि इन सभी केंद्रों पर त्यौहार जैसा माहौल हो। इसलिए निष्पक्ष सामाजिक अंकेक्षण करवाने का निर्णय लिया गया है ताकि मतदान केंद्रों की वास्तविक स्थिति की रिपोर्ट मिल सके। रिपोर्ट के आधार पर यदि कोई अंतराल पाया गया तो बूथों पर आवश्यक सुविधाओं को ससमय दुरुस्त और बेहतर किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन कार्यालय के ओएसडी गीता चौबे, अवर सचिव देवदास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी (मुख्यालय) संजय कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, प्रशाखा पदाधिकारी धीरज कुमार तथा सोशल ऑडिट यूनिट के समन्वयक हलधर महतो सहित राज्य में सामाजिक अंकेक्षण हेतु गठित टीम के सभी सदस्य मौजूद थे।

### अंकेक्षण में भाग लेने वाले सर्वेक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण

धुर्वा स्थित निर्वाचन कार्यालय के सभागार में राज्य सोशल ऑडिट यूनिट के सर्वेक्षकों का एकदिवसीय प्रशिक्षण करवाया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य था कि अंकेक्षण करने जिलों में जा रहे इन सर्वेक्षकों को निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान केंद्रों पर अपेक्षित न्यूनतम जरूरी सुविधाओं तथा इससे जुड़े प्रावधानों की जानकारी मिल सके। इस प्रशिक्षण में सोशल आडिट टीम से जुड़े राज्य के सभी जिलों के सर्वेयर मौजूद रहे। बताया गया कि उक्त सामाजिक अंकेक्षण का कार्य आगामी फरवरी माह में पूर्ण हो जाएगा। इसके बाद किसी भी अंतराल या कमी को एक माह के अंदर पूर्ण कर लिए जाने की योजना है।

## पृष्ठ एक के शेष

**आईआईटी बीएचयू की छात्रा...**
कोने में ले गए। वहां तीनों ने असलहे के बल पर छात्रा के साथ दुष्कर्म किया। आरोपितों ने छात्रा का वीडियो भी बना लिया। उसका मोबाइल भी छिन लिया। छात्रा किसी तरह से वहां से छात्रावास पहुंची और साथियों को घटना की जानकारी दी। वारदात के बाद दूसरे दिन बीएचयू के छात्रों ने आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कई दिनों तक प्रदर्शन किया था।

**नये साल पर बंपर बहाली...**
अधिकतम आयु 55 साल भी निर्धारित की गई है। फार्मासिस्ट, प्रयोगशाला प्रावैधिकी, एक्स-रे तकनीशियन तथा ए ग्रेड नर्स के पदों पर नियुक्ति के लिए परीक्षा ओएमआर/कंप्यूटर आधारित परीक्षा ली जाएगी। परीक्षा एक चरण में ली जाएगी। परीक्षा में सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय उत्तर युक्त होंगे। लिखित परीक्षा में प्रत्येक सही उत्तर के लिए एक अंक प्रदान किए जाएंगे। परीक्षा में ऋणात्मक अंक का प्रविधान नहीं होगा अर्थात गलत उत्तर के लिए कोई अंक की कटौती नहीं की जाएगी। परीक्षा एक पत्र की होगी, जिसके लिए एक घंटा की अवधि निर्धारित होगी। इसमें विभिन्न पदों के अनुसार 50 सवाल पूछे जाएंगे। इस परीक्षा में तकनीकी योग्यता के आधार पर अधिकतम 10 अंक तथा शैक्षणिक योग्यता पर 40 अंक दिए जाएंगे।

**पुलिस ने अफीम के पोधे के साथ...**
शनिवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मेरे अफीम विनष्टीकरण के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने लावालौंग के बंदारु नदी के किनारे क्षेत्र में रुगुद गांव से पांचो अभियुक्तों को अफीम की खेती करते रंगे हांथ पकड़ा। इस बाबत लावालौंग थाने में एनडीपीएस एक्ट और वन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर पांचों को न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया गया है। छापेमारी टीम में प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक वसीम रजा, हंटरगंज थाना प्रभारी सनोज कुमार चौधरी, वनरक्षी महेश कुमार, मुकेश कुमार सिंह एवं दीपक कुमार पासवान समेत जिला पुलिस और आईआरबी के जवान शामिल थे।

**मोदी ग्राफ बढ़ाते गए ज्यों ज्यों...**
लगभग दस वर्षों से प्रधानमंत्री रहने के बावजूद मोदी लोकप्रिय बने हुए हैं। यह इसलिए आश्चर्यजनक है, क्योंकि गत बीस वर्षों से वह पहले मुख्यमंत्री और अब प्रधानमंत्री जैसे उच्च संवैधानिक पदों पर आसीन हैं। जो व्यक्ति दो दशक से ऐसे दायित्व संभाल रहा हो और जनता फिर भी उससे ऊबी न हो तो स्वाभाविक है कि उनमें कुछ विलक्षण क्षमताएं होंगी। उनका लुभावना अवतार 'चौकीदार' और 'प्रधान सेवक' के अलावा एक और रूप है 'प्रेरक अभिभावक' का उनका अवतार। वह जब किसी मुद्दे पर आह्वान करते हैं तो पूरा देश उसकी पूर्ति में जुट जाता है। उनके विरोधी को अब बड़ी लकीर खिंचनी होगी।

**गणतंत्र दिवस परेड में नहीं दिखेंगी...**
कोरियोग्राफी आदि के क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल होते हैं। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक विशेषज्ञ समिति की बैठक के पहले तीन दौर में पंजाब की झांकी के प्रस्ताव पर विचार किया गया था। तीसरे दौर की बैठक के बाद पंजाब की झांकी को इस बार के विषयों के अनुरूप नहीं होने के कारण प्रस्ताव को आगे विचार के लिए आगे नहीं बढ़ाया जा सका। इसी तरह विशेषज्ञ समिति की बैठक के पहले दो दौर में पश्चिम बंगाल की झांकी के प्रस्ताव पर विचार किया गया था। दूसरे दौर की बैठक के बाद पश्चिम बंगाल के प्रस्ताव आगे नहीं बढ़ सका। मंत्रालय की ओर से यह भी बताया गया कि पंजाब की झांकी को 2017 से 2022 तक छह बार, जबकि पश्चिम बंगाल की झांकी को 2016, 2017, 2019, 2021 और 2023 में यानी पांच बार गणतंत्र दिवस परेड के लिए चुना गया था। रक्षा मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि देश के सभी राज्यों के साथ समान व्यवहार किया जाना है।

# स्वागतम 2024

## राष्ट्रीय नवीन मेल



## जनवरी

| रवि | सोम | मंगल | बुध | गुरु | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |
| 28 | 29 | 30 | 31 | | | |

## फरवरी

| रवि | सोम | मंगल | बुध | गुरु | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | 2 | 3 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | | |

## मार्च

| रवि | सोम | मंगल | बुध | गुरु | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 31 | | | | | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |

## अप्रैल

| रवि | सोम | मंगल | बुध | गुरु | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |
| 28 | 29 | 30 | | | | |

## 2024 का व्रत एवं त्योहार

**न्यू ईयर :** 1 जनवरी
**लोहड़ी :** 13 जनवरी
**मकर संक्रान्ति :** 14 जनवरी
**पोंगल :** 15 जनवरी
**गुरु गोबिंद सिंह जन्मदिवस :** 17 जनवरी
**हजरत अली जन्मदिवस :** 25 जनवरी
**रिपब्लिक डे :** 26 जनवरी
**बसंत पंचमी :** 14 फरवरी
**शिवाजी जयंती :** 19 फरवरी
**गुरु रविदास जयंती :** 24 फरवरी
**स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती :** 6 मार्च
**महा शिवरात्रि :** 8 मार्च
**होलिका दहन :** 24 मार्च
**होली :** 25 मार्च
**गुड फ्राइडे :** 29 मार्च
**ईस्टर संडे :** 31 मार्च
**जमात-उल-विदा :** 5 अप्रैल
**गुड़ी पड़वा :** 9 अप्रैल
**ईद-उल-फितर :** 11 अप्रैल
**वैशाखी :** 13 अप्रैल
**मेशादी :** 14 अप्रैल
**राम नवमी :** 17 अप्रैल
**महावीर जयंती :** 21 अप्रैल
**गुरु रबींद्रनाथ जयंती :** 8 मई
**बुद्ध पूर्णिमा :** 23 मई
**ईद-उल-जुहा :** 17 जून
**रथ यात्रा :** 7 जुलाई
**मुहर्रम :** 17 जुलाई
**स्वतंत्रता दिवस :** 15 अगस्त
**रक्षाबंधन :** 19 अगस्त
**जन्माष्टमी :** 26 अगस्त
**गणेश चतुर्थी :** 7 सितंबर
**ओणम :** 15 सितंबर
**मिलाद-उन-नबी :** 16 सितंबर
**विश्वकर्मा पूजा :** 17 सितंबर
**महात्मा गांधी जयंती :** 2 अक्टूबर
**दशहरा, महा सप्तमी :** 10 अक्टूबर
**दशहरा, महा अष्टमी/नवमी :** 11 अक्टूबर
**दशहरा :** 12 अक्टूबर
**महर्षि वाल्मीकि जयंती :** 17 अक्टूबर
**करवा चौथ :** 20 अक्टूबर
**दिवाली :** 31 अक्टूबर
**गोवर्धन पूजा :** 2 नवंबर
**भाई दूज :** 3 नवंबर
**छठ पूजा :** 7 नवंबर
**गुरु नानक जयंती :** 15 नवंबर
**गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस :** 24 नवंबर
**क्रिसमस ईव :** 24 दिसंबर
**क्रिसमस :** 25 दिसंबर

## मई

| रवि | सोम | मंगल | बुध | गुरु | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 |
| 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | |

## जून

| रवि | सोम | मंगल | बुध | गुरु | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 30 | | | | | | 1 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 |
| 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 |

## जुलाई

| रवि | सोम | मंगल | बुध | गुरु | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |
| 28 | 29 | 30 | 31 | | | |

## अगस्त

| रवि | सोम | मंगल | बुध | गुरु | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | 2 | 3 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 |

## सितंबर

| रवि | सोम | मंगल | बुध | गुरु | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |
| 29 | 30 | | | | | |

## अक्टूबर

| रवि | सोम | मंगल | बुध | गुरु | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |
| 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | | |

## नवम्बर

| रवि | सोम | मंगल | बुध | गुरु | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |

## दिसंबर

| रवि | सोम | मंगल | बुध | गुरु | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |
| 29 | 30 | 31 | | | | |